✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 293 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, सोमवार, 23 मार्च 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



पटना के गांधी मैदान में बिहार दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का उदघाटन करते सीएम नीतीश कुमार

## बिहार दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लिखा तीन पन्नों का पत्र

# बिहार ने समाज को किया समृद्ध : मोदी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र लिखकर उन्हें और बिहार के सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। सीएम नीतीश को लिखे पत्र में पीएम ने कहा कि बिहार दिवस, राज्य के समृद्ध इतिहास, सामर्थ्य और परंपराओं का उत्सव मनाने का दिन है। यह भारत की सशक्त पहचान में बिहार के अमूल्य योगदान को याद करने का अवसर भी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार की धरती ने प्राचीन काल से ही ज्ञान, आध्यात्मिकता और नैतिक मूल्यों के माध्यम से समाज को समृद्ध किया है। इस धरा पर दिए गए गौतम बुद्ध के विचार आज भी वैश्विक चेतना का हिस्सा है और मानवता को मार्ग दिखा रहे हैं। इस भूमि ने चाणक्य जैसे महान कूटनीतिज्ञ का प्रभाव देखा, जिन्होंने सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य के साथ मिलकर एक सशक्त और संगठित भारत की नींव रखी। यह विरासत आज भी भारत की सोच और दिशा को प्रेरित करती है। प्रधानमंत्री



ने कहा कि बिहारवासियों ने देश और दुनियाभर में अपनी मेहनत, ईमानदारी और प्रतिभा से एक अलग पहचान बनाई है। समाज सेवा, उद्योग, शिक्षा, कला और संगीत–हर क्षेत्र में उनका योगदान अतुलनीय है। उन्होंने अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल को याद करते हुए कहा कि उन्होंने करीब से देखा है कि बिहार के लोग गुजरात की प्रगति में किस तरह योगदान दे रहे थे, खासकर सूरत के विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। बिहार गठन के 100 वर्ष पूरे होने पर सूरत में आयोजित भव्य कार्यक्रम का भी उन्होंने उल्लेख किया। इसके साथ ही उन्होंने मॉरीशस, गुयाना और त्रिनिदाद एवं टोबैगो में भी बिहार की संस्कृति के जीवंत स्वरूप को देखने की बात कही। उन्होंने कहा कि महापर्व छठ बिहार की सांस्कृतिक पहचान का सबसे सशक्त उदाहरण है, जो अब दुनियाभर में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार कई महान विभूतियों की जन्मभूमि और कर्मभूमि रहा है, जिन्होंने भारत की लोकतांत्रिक और बौद्धिक परंपराओं को आकार दिया। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान बिहार ने देश को नई दिशा दी। उन्होंने चंपारण में महात्मा गांधी द्वारा शुरू किए गए सत्याग्रह का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे आजादी के संघर्ष को नई ऊर्ज़ा मिली। संविधान निर्माण में राजेंद्र प्रसाद, सच्चिदानंद सिन्हा और जगजीवन राम जैसे नेताओं के योगदान को भी उन्होंने याद किया। 1970 के दशक में लोकतंत्र के सामने आई चुनौतियों का जिक्र करते हुए उन्होंने जयप्रकाश नारायण के आंदोलन को सराहा। साथ ही कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने का भी उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में केंद्र सरकार का फोकस बिहार में इंफ्रास्ट्रक्चर, कनेक्टिविटी और समावेशी विकास पर रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2004 से 2014 की तुलना में बिहार को मिलने वाली केंद्रीय सहायता में काफी वृद्धि हुई है, जिससे विकास परियोजनाओं को गति मिली है। उन्होंने कहा कि आज बिहार में गरीबों के जीवन में ठोस बदलाव दिखाई दे रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 40 लाख से अधिक घर बनाए गए हैं, उज्ज्वला योजना के तहत 1 करोड़ 20 लाख से अधिक परिवारों को गैस कनेक्शन मिला है और सौभाग्य योजना के माध्यम से घर-घर बिजली पहुंचाई गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि किसान इस बदलाव के केंद्र में हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत बिहार के किसानों को 30 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे उनके खातों में दी गई है। उन्होंने बिहार की नारी शक्ति की सराहना करते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से 1 करोड़ से अधिक महिलाएं जुड़ी हैं और 31 लाख से अधिक महिलाएं 'लखपति दीदी' बन चुकी हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार के स्थानीय उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए ठोस कदम उठाए गए हैं। मखाना जैसे उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए नेशनल मखाना बोर्ड का गठन किया (शेष पृष्ठ 11 पर)

## सीएम नीतीश ने जताया आभार



पीएम मोदी की द्वारा पत्र लिखे जाने की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा, 'मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बिहार दिवस के अवसर पर राज्य के प्रति स्नेहपूर्ण संदेश के लिए समस्त बिहारवासियों की ओर से हार्दिक धन्यवाद एवं आभार प्रकट करता हूं। यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि अपने बिहार की समृद्ध विरासत, संस्कृति और प्रगति के प्रयासों की सराहना की है। हम राज्य के सर्वांगीण विकास, सामाजिक न्याय, सुशासन और आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। केन्द्र सरकार का पूरा सहयोग प्राप्त हो रहा है। अब बिहार और अधिक विकसित होगा तथा देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो जाएगा और देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देगा। आपके मार्गदर्शन एवं सहयोग से बिहार के कर्मठ एवं प्रतिभाशाली लोग निश्चित रूप से राज्य और देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### बेऊर जेल में 22 कैदी कर रहे चैती छठ

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** चैती छठ महापर्व को लेकर बेऊर जेल में उल्लास का माहौल है। जेल में इस बार 12 महिला सहित कुल 22 कैदी चैती छठ व्रत कर रहे हैं। उनके अर्घ्य देने के लिए कारा स्थित तालाब को आकर्षक रूप से सजाया गया है। जेल अधिकारियों ने छठ व्रतियों को नए वस्त्र और पूजन सामग्री उपलब्ध करवाई है। सुरक्षा-व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण पर्व के समापन के लिए उपाधीक्षक, सहायक अधीक्षक एवंअन्य कर्मियों को जिम्मेवारी सौंपी गई है। बेऊर जेल में बंद कैदी हर वर्ष छठ व्रत रखते हैं।

### फर्जी आधार कार्ड के साथ बांग्लादेशी नागरिक धराया

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** भारत-नेपाल सीमा पर सशस्त्र सीमा बल ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए फर्जी दस्तावेजों के सहारे भारत में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान शमीम हवलदार (34 वर्ष) के रूप में हुई है। एसएसबी ने यह कार्रवाई 41वीं वाहिनी, रानीडांगा के जवानों ने पानीटंकी स्थित एकीकृत जांच चौकी पर की। तलाशी के दौरान उसके पास से बांग्लादेश का मूल पहचान पत्र और पासपोर्ट बरामद हुआ, जिससे स्पष्ट हो गया कि उसके पास मौजूद आधार कार्ड पूरी तरह फर्जी था।

### मॉर्निंग वॉक पर निकले प्रॉपर्टी डीलर को मारी गोली

**बिहारशरीफ (नबिटा ब्यूरो)।** नालंदा जिले में अपराध की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। पोकलेन चालक की हत्या की गुत्थी अभी सुलझी भी नहीं थी कि हिलसा थाना क्षेत्र में एक और सनसनीखेज वारदात सामने आ गई। मॉर्निंग वॉक पर निकले एक प्रॉपर्टी डीलर को बदमाशों ने गोली मार दी, जिससे उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

# सीएम नीतीश ने किया बिहार दिवस का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को ऐतिहासिक गांधी मैदान में तीन दिवसीय बिहार दिवस समारोह का दीप प्रज्वलित कर एवं गुब्बारा उड़ाकर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। समारोह में अपर मुख्य सचिव शिक्षा विभाग डॉ. बी. राजेन्दर ने मुख्यमंत्री को पुष्प गुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया। बिहार के 114वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम की थीम 'उन्नत बिहार, उज्ज्वल बिहार रखी गयी है। मुख्यमंत्री ने बिहार दिवस समारोह-2026 के उद्घाटन से पूर्व पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में विभिन्न विभागों द्वारा किये जा रहे विकास कार्यों से संबंधित लगाई गयी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं पर आधारित लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के





उपाध्यक्ष डॉ. उदयकांत ने पुष्प-गुच्छ भेंटकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने शिक्षा विभाग के पवेलियन में लगायी गयी प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। अवलोकन के क्रम में मुख्यमंत्री ने दिव्यांग विद्यार्थियों हेतु संवर्द्धन कक्ष, विज्ञान प्रयोगशाला, कला कक्ष, स्मार्ट क्लास, व्यावसायिक शिक्षा कक्ष, अटल टिंकरिंग लैब, आईसीटी कक्ष, ईको क्लब बाल संसद, खेल कक्ष, निपुण कक्ष, बाल वाटिका आदि का जायजा लिया। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने मुख्यमंत्री को पुष्प-गुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, कृषि मंत्री रामकृपाल यादव, पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री लखेन्द्र कुमार रौशन, जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद संजय कुमार झा, विधान पार्षद ललन सर्राफ, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष उदयकांत, बिहार संग्रहालय के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. बी. राजेन्दर, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी डॉ. गोपाल सिंह, पटना प्रमण्डल के आयुक्त अनिमेष परासर, जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम, वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा सहित अन्य वरीय पदाधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

# ग्रामीण सड़कों को दो लेन करने का काम जल्द शुरू होगा : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** ग्रामीण कार्य मंत्री डॉ. अशोक चौधरी ने कहा कि बिहार की ग्रामीण सड़कों का विकास तेजी से हो रहा है। सड़कों को दो लेन में बदला जा रहा है और शिकायतों के निपटारे के लिए 'हमारा बिहार हमारी सड़क' मोबाइल एप लांच किया गया है। पिछले 21 वर्षों में ग्रामीण सड़कों की लम्बाई 7000 किलोमीटर से बढ़कर 1.20 लाख किलोमीटर हो गई है। ग्रामीण कार्य मंत्री डॉ. अशोक चौधरी ने कहा है कि बिहार की ग्रामीण सड़कों पर विकास का रथ तेज गति के साथ दौड़ रहा है। राज्य की ग्रामीण सड़कों को दो लेन में तब्दील किया जा रहा है। जल्द ही यह काम शुरू होगा। गांधी मैदान में ग्रामीण कार्य विभाग के पवेलियन के उद्घाटन पर मंत्री ने कहा कि 21 साल पहले बिहार में ग्रामीण सड़कों की कुल लम्बाई महज सात हजार किलोमीटर थी। अब 1.20



लाख किलोमीटर है। 2893 ग्रामीण पुल बने हैं। ऐसी कोई भी ग्रामीण बसावट नहीं है, जो पक्की बारहमासी सड़क न हो। ग्रामीण सड़कों से संबंधित शिकायतों के निपटारे के लिए विभाग ने हमारा बिहार हमारी सड़क मोबाइल एप बनाया है। इस पर ग्रामीण सड़कों से सम्बंधित सभी समस्याओं और शिकायतों का निपटारा महज 24 से 72 घंटे के बीच किया जा रहा है। मौके पर विधान पार्षद संजय सिंह आदि मौजूद रहे।

# बोधगया से चाकंद के बीच बनेगा मरीन ड्राइव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** बिहार की राजधानी पटना में गंगा किनारे बने मरीन ड्राइव का जलवा तो आपने देखा ही होगा। अब वैसा ही कुछ अद्भुत गया में भी होने जा रहा है। बिहार सरकार के मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने ऐलान किया है कि गया की फल्गु नदी के किनारे भी एक शानदार मरीन ड्राइव बनाया जाएगा। यह मरीन ड्राइव बोधगया से लेकर चाकंद के बीच बनेगा। इसकी कुल लंबाई करीब 16 किलोमीटर होगी। अभी बोधगया और गया शहर के बीच जो ट्रैफिक का सिरदर्द बना रहता है, यह सड़क उसे पूरी तरह खत्म कर देगी। देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को अब घंटों जाम में नहीं फंसना पड़ेगा। वे फल्गु नदी के किनारे-किनारे सुकून भरा सफर कर सकेंगे। मंत्री ने साफ किया कि विकास की यह लहर सिर्फ गया शहर तक ही सीमित नहीं रहेगी। सरकार ने ग्रामीण इलाकों की सड़कों के लिए भी तिजोरी खोल दी है। इमामगंज से पकरी (वाया कोठी सलैया) तक जाने वाली एक लेन की सड़क को अब दो लेन में बदला जाएगा। इसके लिए फंड भी आवंटित कर दिया गया है, यानी काम जल्द शुरू होने वाला है।



जायसवाल ने कहा कि यह प्रोजेक्ट गया के लिए एक बड़ा बदलाव लेकर आएगा। जब मरीन ड्राइव बनकर तैयार होगा, तो न सिर्फ यातायात सुगम होगा, बल्कि नदी के किनारे का इलाका टूरिज्म स्पॉट के रूप में उभरेगा। इससे लोकल लोगों को रोजगार मिलेगा और शहर का लुक एकदम स्मार्ट हो जाएगा। सरकार के डिसीजन से गया अब एक आधुनिक शहर बन जायेगा। मरीन ड्राइव से न केवल शहर की कनेक्टिविटी बढ़ेगा, बल्कि गया जी के विकास में एक नया अध्याय जोड़ेगा।

# रंग-बिरंगे लाइटों से जगमगा रहे पटना के 49 छठ घाट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** चैती छठ पर्व की शुरुआत आज नहाय-खाय के साथ हो गई है। इस अवसर पर पटना में गंगा नदी और विभिन्न तालाबों को मिलाकर कुल 49 घाटों को व्रतियों के लिए सजाकर तैयार किया गया है। शाम तक ये घाट रंगीन रोशनी से जगमगाने लगेंगे, जिसकी तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। पाटलिपुत्र अंचल में बड़े स्तर पर छह प्रमुख घाट तैयार किए गए हैं। यहां जेपी गंगा पथ और अंडरपास के माध्यम से पहुंचने की व्यवस्था की गई है। हालांकि, हालिया बारिश के कारण कई स्थानों पर कीचड़ और दलदल जैसी स्थिति बन गई है, जिससे आवागमन में कुछ दिक्कतें सामने आई हैं। प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि सभी अधूरे कार्य आज ही पूरे कर लिए जाएंगे। घाटों पर व्रतियों की सुविधा के लिए बैरिकेडिंग, वॉच टावर,



चेक पोस्ट, पार्किंग, शौचालय, पेयजल और चेंजिंग रूम जैसी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। नगर निगम ने सुरक्षा और सुव्यवस्था को लेकर विशेष इंतजाम किए हैं। जेपी सेतु के नीचे घाट संख्या 83, 88 और 93 को विशेष रूप से भव्य रूप से तैयार किया गया है। यहां गंगा की धारा कुछ दूर होने के कारण दलदल कम है और पथरीली बालू होने से व्रती 30 से 40 फुट तक आगे जाकर आसानी से अर्घ्य दे सकेंगे। इन घाटों तक पहुंचने के लिए अंडरपास और जेपी सेतु के रास्ते सुविधाजनक बनाए गए हैं, साथ ही पार्किंग की भी पर्याप्त व्यवस्था की गई है। इन घाटों की जानकारी नगर निगम के चैट-बॉट के माध्यम से भी प्राप्त की जा सकती है। वहीं, छठ पर्व को देखते हुए 25 मार्च तक गंगा नदी में नावों के परिचालन पर रोक लगा दी गई है। इस संबंध में पटना सदर एसडीओ कृतिका मिश्रा द्वारा आदेश जारी किया गया है।

# गांव-गांव तक बन रहे खेल मैदान : रक्षा खडसे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में खेलों को गांव स्तर तक प्रोत्साहित करने के लिए शुरू की गई मनरेगा से खेल मैदान बनाने की योजना को अब केंद्र सरकार ने भी अपना लिया है। केंद्रीय खेल राज्यमंत्री रक्षा खडसे ने पटना के ताज होटल में आयोजित खेल कॉनक्लेव में यह जानकारी दी। यह कार्यक्रम खेल विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया था। केंद्रीय मंत्री रक्षा खडसे ने कहा कि बिहार में ग्रामीण स्तर तक मनरेगा के सहयोग से खेल मैदान या छोटे स्टेडियम बनाने की कार्ययोजना तैयार कर उसे मूर्त रूप दिया जा रहा है। अब इस मॉडल को केंद्र सरकार ने भी अपनाया है, जिससे गांव-गांव तक खेल सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। बिहार दिवस के अवसर पर राज्यवासियों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि बिहार हुनरमंद लोगों





का राज्य है और यहां के लोगों को खेलों की दिशा में आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बिहार में खेलों के प्रति काफी जुनून है, खासकर बच्चों को शुरुआती स्तर से ही स्पोर्ट्स साइंस की जानकारी दी जानी चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि स्कूल से लेकर कॉलेज स्तर तक खेल को अनिवार्य बनाया जाए और समुचित प्रशिक्षण भी दिया जाए। खेलों से युवाओं में संयम, समय प्रबंधन और नेतृत्व जैसे गुण विकसित होते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार विभिन्न राज्यों के साथ मिलकर खेलों को बढ़ावा देने के लिए काम कर रही है। 'खेलो भारत मिशन' जैसी योजनाओं के जरिए देशभर में मजबूत स्पोर्ट्स इकोसिस्टम तैयार किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि खेल सामग्रियों को बढ़ावा देने पर सरकार गंभीरता से विचार कर रही है। रक्षा खडसे ने कहा कि बड़ी खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन से स्पोर्ट्स टूरिज्म को बढ़ावा मिलता है और स्थानीय स्तर पर लोगों को आर्थिक लाभ भी होता है। उन्होंने कहा कि भारत खेलों के क्षेत्र में वैश्विक पहचान बना रहा है। बिहार की खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि बिहार में खेलों के विकास के लिए व्यापक काम किया गया है। खिलाड़ियों के प्रशिक्षण से लेकर बुनियादी ढांचे के विकास तक कई पहलें की गई हैं और अब यहां अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम भी तैयार हो चुके हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से अनुरोध किया कि यदि भारत को 2036 में ओलंपिक खेलों की मेजबानी मिलती है तो बिहार में भी एक या दो खेलों का आयोजन किया जाए। साथ ही कॉमनवेल्थ गेम के कुछ मुकाबले भी यहां आयोजित किए जाने चाहिए।

चैती छठ पूजा के अवसर पर प्रसिद्ध सौर तीर्थ स्थल देव आने वाले सभी व्रतियों, श्रद्धालुओं एवं आम नागरिकों का हार्दिक

स्वागत-अभिनंदन

देव को आगे बढ़ाने के लिए कृतसंकल्प-प्रतिबद्ध

लक्ष्मण प्रसाद गुप्ता

सदस्य : देव सूर्य मंदिर न्यास समिति

समाजसेवी सह संरक्षक

उधमचन्द स्मृति पुस्तकालय

देव (औरंगाबाद) बिहार



CMYK

# बिहार की ग्रामीण सड़कों पर दौड़ रहा राज्य के विकास का रथ : अशोक चौधरी

## अब ग्रामीणों की एक शिकायत पर 24 से 72 घटे में दुरुस्त हो रही हैं गांव की सड़कें

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** ग्रामीण कार्य मंत्री डॉ. अशोक चौधरी ने कहा कि बिहार की ग्रामीण सड़कों पर विकास का रथ अपनी पूरी गति के साथ दौड़ रहा है। राज्य की ग्रामीण सड़कों को दो लेन की सड़क में तब्दील किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने ग्रामीण सड़कों की निगरानी का काम भी जनता को सौंप दिया है। ग्रामीण सड़कों से संबंधित समस्याएं जनता से ऑनलाइन मांगी जा रही हैं और उनकी शिकायतों को 24 से 72 घंटे के अंदर दूर किया जा रहा है। ग्रामीण कार्य मंत्री डॉ. अशोक चौधरी रविवार को राजधानी के ऐतिहासिक गांधी मैदान में बिहार दिवस के अवसर पर ग्रामीण कार्य विभाग के पैवेलियन का उद्घाटन कर रहे थे। इस अवसर पर विधान पार्षद संजय सिंह भी उपस्थित थे। डॉ. अशोक चौधरी ने पैवेलियन का उद्घाटन करते हुए कहा कि अब बिहारी होना दुनिया में सम्मान का विषय बन चुका है। उन्होंने बिहार दिवस मनाने की परंपरा शुरू करने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के साथ ही बिहार की गौरवशाली इतिहास और समृद्ध परम्पराओं का उत्सव मनाने के लिए बिहार दिवस की शुरुआत की है। यह वही दिन है जब वर्ष 1912 में बंगाल से बिहार का विभाजन हुआ था। उन्होंने कहा कि यह देश का वही राज्य है जहां से कभी सम्राट अशोक ने अखंड भारत पर राज किया था। डॉ. चौधरी ने ग्रामीण कार्य विभाग की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए कहा कि जब आज से करीब 21 साल पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी तब बिहार में ग्रामीण सड़कों की कुल लम्बाई महज सात हजार किलोमीटर थी। आज बिहार में ग्रामीण सड़कों की लम्बाई बढ़कर एक लाख, बीस हजार किलोमीटर से भी अधिक हो चुकी है। साथ ही विभाग द्वारा राज्यभर में कुल 2893 ग्रामीण पुलों का भी निर्माण किया गया है। अब ऐसी कोई भी ग्रामीण बसावट नहीं है जो पक्की बारहमासी सड़कों से जुड़ी न हो।

**24 घंटे में ठीक हो रही गांव की सड़कें!**

उन्होंने कहा कि बिहार एक कृषि प्रधान राज्य है और यहां विकास का रास्ता गांवों से होकर गुजरता है। चकाचक ग्रामीण सड़कों ने न केवल राज्य के कृषि उत्पादन में अपना योगदान दिया है बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नए पंख लगे हैं। अब ग्रामीणों की पहुंच से न तो शिक्षण संस्थान दूर हैं और न ही बैंक, बाजार और अस्पताल। ग्रामीण सड़कों से संबंधित शिकायतों की निपटारे के लिए विभाग ने 'हमारा बिहार हमारी सड़क' नामक एक मोबाइल एप का निर्माण किया है जिस पर ग्रामीण सड़कों से सम्बंधित सभी समस्याओं और शिकायतों का निपटारा महज 24 से 72 घंटे के बीच किया जा रहा है।

**बदलते बिहार की असली तस्वीर**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने बिहार की गौरवशाली इतिहास और समृद्ध परम्पराओं को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए हर साल 22 मार्च को बिहार दिवस का उत्सव मनाने की शुरुआत की है। उन्होंने राज्य के लोगों में बिहारी होने का गौरव भरा है। इसके लिए बिहार गान और बिहार गीत की भी रचना की गई है।

# विरासत को आधार बना कर विकास करेगा बिहार : डॉ प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से दो दिवसीय 'पाटलिपुत्र विमर्श' कार्यक्रम का आयोजन 21 और 22 मार्च 2026 को पटना संग्रहालय में किया गया। इस महत्वपूर्ण बौद्धिक एवं सांस्कृतिक सम्मेलन में बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। अपने संबोधन में डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि 'पाटलिपुत्र विमर्श' केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि बिहार के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक सार्थक पहल है। उन्होंने कहा कि राज्य की प्राचीन गौरवशाली विरासत और समृद्ध इतिहास को आधार बनाकर आधुनिक विकास की नई इबारत लिखी जा सकती है। इसके लिए बुद्धिजीवियों, नीति-निर्माताओं, उद्यमियों और युवाओं को एक मंच पर आकर सामूहिक प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि यह मंच शिक्षा, उद्यमिता, तकनीकी नवाचार, संस्थागत सुधार और सांस्कृतिक पहचान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गंभीर चिंतन और व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि विकास की गति तभी तेज होगी जब 'क्या किया जा सकता है' के साथ-साथ 'कौन करेगा' पर भी स्पष्ट रूप से काम किया जाए। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि बिहार में अपार संभावनाएं हैं जिन्हें सही दिशा और समन्वित प्रयासों से साकार किया जा सकता है। उन्होंने युवाओं को नवाचार और उद्यमिता की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया और सभी प्रतिभागियों से बिहार के सकारात्मक परिवर्तन में भागीदार बनने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सत्रों में विशेषज्ञों ने बिहार के आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास से जुड़े विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। सम्मेलन का उद्देश्य राज्य की विकास यात्रा को नई दिशा देना और बिहार की छवि को राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सशक्त बनाना रहा।

# बिहार में आंधी और बारिश से हुई फसल क्षति के शीघ्र आकलन का निर्देश

## राज्य के खजाने पर पहला हक आपदा पीड़ितों का : राम कृपाल यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार के कृषि मंत्री राम कृपाल यादव द्वारा आज बिहार के जिलों में असमय हुई आंधी और बारिश से फसल को हुए नुकसान पर प्रधान सचिव, कृषि निदेशक, उद्यान निदेशक एवं अन्य विभागीय अधिकारियों को फसल के क्षति का आकलन करने का निर्देश दिया। साथ ही कृषि विभाग की टीमों को सक्रिय कर किसानों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने को कहा। मंत्री द्वारा आंधी और बारिश के कारण हुए फसलों के नुकसान का अविलम्ब आकलन करने का निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिया गया। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य की सरकार आपदा की इस घड़ी में किसानों के साथ पूरी दृढ़ता के साथ खड़ी है। किसानों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य के खजाने पर पहला हक आपदा पीड़ितों का है। कृषि मंत्री ने कहा कि आंधी और बारिश के कारण हुए फसल क्षति का आकलन प्रतिवेदन प्राप्त हो जाने के बाद कृषि विभाग वैकल्पिक फसलों के बीज से लेकर अन्य सभी विकल्पों पर विचार करेगी तथा किसानों को त्वरित सहायता उपलब्ध करायी जायेगी।

# सबसे लंबे समय तक सरकार के प्रमुख रहने वाले मोदी जी को कोटिशः बधाई : मंगल पाण्डेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भाजपा के वरिष्ठ नेता व बिहार सरकार के स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने भारत में सबसे लंबे समय तक सरकार के प्रमुख रहने वाले देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कोटिशः आत्मिक बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि गुजरात के मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के तौर पर सरकार के प्रमुख के रूप में 8,931 दिन पूरे करने के साथ ही प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग के 8,930 दिनों के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया है। श्री पाण्डेय ने कहा है कि पीएम मोदी इससे पहले गुजरात के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले मुख्यमंत्री रह चुके हैं और ऐसे प्रधानमंत्री भी हैं जिनके पास मुख्यमंत्री के तौर पर काम करने का सबसे लंबा अनुभव है। श्री मोदी 4 बार गुजरात के मुख्यमंत्री और 3 बार प्रधानमंत्री बन कर अब तक सरकार के प्रमुख रहने वाले पहले व्यक्ति है। श्री नरेंद्र मोदी 7 अक्टूबर 2001 को 51 साल की उम्र में बिना विधायक बने ही गुजरात के 14वें मुख्यमंत्री बने। इसके बाद वे 2002 में, 2007 में और फिर 2012 में गुजरात के मुख्यमंत्री चुने गए। अपने राजनीतिक सफर के 24 सालों में से पीएम मोदी 14 साल गुजरात के मुख्यमंत्री रहे। पिछले 11 साल से वे देश के प्रधानमंत्री हैं।

# आज हम अपनी समृद्धशाली विरासत को कर रहे हैं याद : संजय सरावगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लिखे पत्र में बिहारवासियों को दिए गए प्रेरणादायी संदेशों के लिए बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने पीएम मोदी का आभार जताते हुए धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के लिखे गए पत्र के शब्दों में बिहार के गौरवशाली इतिहास, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और उज्ज्वल भविष्य की जो झलक दिखाई देती है जो हम सभी के लिए प्रेरणादाई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का 'सबका साथ, सबका विकास' के मूल मंत्र ने पूरे देश को एक नई दिशा दी है। पीएम मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में 'विकसित बिहार' का संकल्प भी निरंतर सशक्त हो रहा है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है और केंद्र एवं राज्य सरकार के समन्वय से यह प्रगति और भी तेजी से आगे बढ़ रही है। उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि आने वाले दिनों में देश और बिहार दोनों निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ते रहेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने बिहार दिवस पर देशवासियों और प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामना देते हुए कहा कि आज पूरा प्रदेश उत्साह और उल्लास के साथ स्थापना दिवस मना रहा है। बिहार के अलावा देश-विदेश के विभिन्न स्थानों पर भी बिहार स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। एनडीए सरकार के सत्ता में आने के समय से ही हमने बिहार का स्थापना दिवस मनाना शुरू कर दिया था। आज यह उत्सव न केवल राज्य की राजधानी में बल्कि बिहार के हर जिले में और देश-विदेश में जहां भी बिहार की इकाइयां हैं, वहां मनाया जा रहा है।

# पाटलिपुत्र रेल परिसर में हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन के बैनर तले पाटलिपुत्र रेल परिसर में मल्टीपरपस हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में 102 पुरूषों एवं 57 महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। यहां मेडिसिन, स्त्री रोग, इएनटी, आंख एवं दंत रोग के चिकित्सक उपस्थित थे। सभी अधिकारियों एवं उनके परिवारजनों के लिए खून जांच एवं इसीजी की भी व्यवस्था थी। साथ ही लोगों का बीएमडी का भी परीक्षण किया गया। कैंप में 14 वर्ष से कम आयु के 10 बच्चियों को एचपीभी वायरस से बचाव हेतु टीकाकरण भी किया गया।

# बिहार दिवस पर कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी में गूंजी 'बिहार गाथा'

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हाजीपुर / वैशाली।** बिहार दिवस के अवसर पर कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी में आयोजित भव्य कार्यक्रम ने उत्सव को नई ऊंचाई प्रदान की। सांस्कृतिक कार्यक्रमों, तकनीकी जागरूकता और युवाओं के उत्साह से पूरा परिसर गुंजायमान रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक डॉ. आनंद रंजन झा द्वारा गणेश वंदना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया एवं कार्यक्रम का संचालन प्रभावशाली एवं ऊर्जावान शैली में किया गया। इस अवसर पर संस्थान के सभी कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। गीत-संगीत, भाषण एवं संवाद सत्रों ने युवाओं में नई ऊर्जा एवं आत्मविश्वास का संचार किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा डॉ. आनंद रंजन झा द्वारा रचित 'बिहार गाथाः गौरवमयी अतीत और आधुनिक उड़ान' जिसका प्रभावशाली वाचन निधि द्वारा किया गया। गाथा ने बिहार के गौरवशाली अतीत और आधुनिक तकनीकी युग के समन्वय को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया जिसे उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा। इस अवसर पर संस्थान परिवार द्वारा डॉ. आनंद रंजन झा को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं–अनीशा, मनीषा, अंशु, लक्ष्मी, निधि, नर्गिस एवं अंकित को भी सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में डॉ. आनंद रंजन झा ने युवाओं को डिजिटल युग के अनुरूप स्वयं को तैयार करने का आह्वान करते हुए कहा 'अब समय आ गया है कि हम बिहार के 'ऑपरेटिंग सिस्टम' को अपडेट करें और अपने कौशल को वैश्विक स्तर तक ले जाएं। हर युवा इस डिजिटल क्रांति का एडमिन है।' कार्यक्रम के दौरान युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ए.आई), डिजिटल स्किल्स एवं रोजगार के नए अवसरों की जानकारी दी गई तथा उन्हें तकनीकी रूप से सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया गया। यह आयोजन न केवल सांस्कृतिक उत्सव रहा, बल्कि युवाओं के लिए प्रेरणा और नई दिशा प्रदान करने वाला एक सशक्त मंच भी साबित हुआ। अंत में संस्थान परिवार द्वारा सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# क्यू-मित्र : तत्काल टिकट व्यवस्था में डिजिटल भरोसे की नई कहानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** यात्री सुविधा, निष्पक्षता और पारदर्शिता–भारतीय रेल के इन मूल सिद्धांतों को साकार करते हुए सोनपुर मंडल ने तत्काल टिकट व्यवस्था में एक ऐतिहासिक और अभिनव डिजिटल पहल 'क्यू-मित्र' को सफलतापूर्वक लागू किया है। यह पहल केवल एक तकनीकी समाधान नहीं, बल्कि वर्षों से चली आ रही कतार, अव्यवस्था और असंतोष की समस्याओं का स्थायी, पारदर्शी और मानवीय समाधान है।

तत्काल टिकट के दौरान मैनुअल कतार प्रबंधन में धांधली, प्राथमिकता को लेकर विवाद, भीड़भाड़ और 'पहले आओ-पहले पाओ' सिद्धांत के उल्लंघन जैसी शिकायतें लगातार सामने आती रही हैं। इन चुनौतियों ने न केवल यात्रियों को असुविधा दी, बल्कि कर्मचारियों पर भी अनावश्यक दबाव बढ़ाया। इन समस्याओं के समाधान हेतु सोनपुर मंडल ने मानव-रहित, छेड़छाड़-रोधी और पूरी तरह स्वचालित प्रणाली क्यू-मित्र को अपनाया जो निष्पक्षता का भरोसा और पारदर्शिता की गारंटी देता है। क्यू-मित्र एक स्व-सेवा, कियोस्क-आधारित डिजिटल कतार प्रबंधन प्रणाली है जिसमें यात्री स्वयं टोकन उत्पन्न करते हैं-किसी कर्मचारी की भूमिका नहीं, आधार आधारित सत्यापन और चेहरे की पहचान से अद्वितीय पहचान सुनिश्चित, पेपर टोकन पर यात्री का फोटो, आधार के अंतिम चार अंक, टोकन संख्या और समय स्पष्ट रूप से अंकित, डिजिटल डिस्प्ले पर लाइव कतार स्थिति और अब सेवा कर रहा हूं की जानकारी, कियोस्क यात्रियों को हिंदी ऑडियो-विजुअल निर्देशों से मार्गदर्शन करता है।

# बिहार दिवस पर प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् ने लगाया पर्यावरण संरक्षण जागरुकता स्टॉल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार दिवस के अवसर पर बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा गांधी मैदान, पटना में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग, बिहार सरकार के पंडाल में एक पर्यावरण संरक्षण जागरुकता स्टॉल लगाया गया है। इस स्टॉल के माध्यम से जन-सामान्य में जागरुकता हेतु आठ विभिन्न पर्यावरणीय विषयों पर मुद्रित रंगीन फोल्डरों यथा- ठोस अपशिष्ट, निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन, वाहन प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण) नियमावली, 2000, जीव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन, ई. अपशिष्ट प्रबंधन, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इत्यादि का वितरण कराया जा रहा है। पर्षद् के प्रकाशनों का अलग-अलग कोड बनाया गया है जिसे स्कैन कर डाउनलोड कर पढ़ा जा सकता है। पर्षद् के इस स्टॉल पर वातावरण में मौजूद धूलकण के नमूना संग्रहण करने वाले यंत्रों को प्रदर्शित किया गया है। साथ ही ध्वनि स्तर मापक यंत्र का संचालन कर दर्शकों को दिखाया जा रहा है। पर्षद् के वैज्ञानिक कर्मी इनके परिचालन के संबंध में दर्शकों की जिज्ञासा का समाधान कर रहे हैं। विभिन्न विषयों पर रंगीन स्टैंडी का प्रदर्शन कराया गया है जिसमें- ठोस अपशिष्ट, जल प्रदूषण, मिशन लाइफ की स्टैंडी, नो हार्न डे इत्यादि है। इस अवसर पर राज्य पर्षद् द्वारा पुनः यह अपील दुहराई गई- हर रविवार को 'नो हॉर्न डे मनाएं एवं सप्ताह के अन्य दिनों.... बेवजह हार्न न बाजएं।

# 'उन्नत बिहार, उज्ज्वल बिहार' थीम के साथ समारोह की शुरुआत



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अपनी गौरवशाली विरासत को संजोए और भविष्य की नई उड़ान भरने के संकल्प के साथ, पटना के गांधी मैदान में आज 114वें बिहार दिवस समारोह का भव्य शुभारंभ हुआ। इस वर्ष का मुख्य विषय 'उन्नत बिहार, उज्ज्वल बिहार' है जो राज्य के सर्वांगीण विकास का प्रतिबिंब है। समारोह के पहले दिन गांधी मैदान विभिन्न विभागों के स्टॉल्स और प्रदर्शनियों से सराबोर दिखा जहां शासन और प्रशासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ जनता तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। यह समारोह न केवल बिहार की उपलब्धियों का उत्सव है, बल्कि यह आत्मनिर्भर और विकसित बिहार के निर्माण की दिशा में एक सशक्त कदम है जहां हर विभाग तकनीक, शिक्षा, स्वास्थ्य और कौशल के माध्यम से प्रदेश की जनता को सशक्त बना रहा है।

# बिहार दिवस पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के पवेलियन का निदेशक अनिल कुमार ने किया परिभ्रमण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार दिवस के मौके पर पटना के गांधी मैदान में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के पवेलियन का रविवार को विभागीय निदेशक अनिल कुमार ने परिभ्रमण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस वर्ष बिहार दिवस का थीम 'उन्नत बिहार, उज्जवल बिहार' रखा गया है। इस थीम के अनुरूप पवेलियन में आम जनता को सरकार की तमाम कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। उन्होंने पवेलियन में लगी राज्य सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रदर्शनी का अवलोकन किया और कहा कि इस बार का बिहार दिवस कई मायनों में खास है। इसके साथ ही उन्होंने यहां वर्चुअल सेल्फी प्वांइट पर सेल्फी भी ली और कहा कि यह आगंतुकों के लिए नया और अनोखा अनुभव होगा। इस बार पवेलियन का मुख्य आकर्षण केंद्र वर्चुअल सेल्फी पॉइंट रहा जहां दर्शकों की लंबी कतारें लगी दिखाई दीं। लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और अखबारों में छपी अपनी तस्वीरों के साथ सेल्फी लेने के लिए उत्साहित नजर आए। यहां एलईडी स्क्रीन के माध्यम से मुख्यमंत्री के 'सात निश्चय' भाग 1, 2 और 3 की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। साथ ही राज्य की विकास यात्रा को दर्शाते जीवंत चित्रों और वीडियो के माध्यम से प्रगति से भरी तस्वीरें प्रस्तुत की जा रहीं हैं। पवेलियन में बिहार के इतिहास, संस्कृति और आधुनिक विकास से जुड़ी कई महत्वपूर्ण पुस्तकें, पत्र-पत्रिकाएं और अन्य प्रकाशन सामाग्रियां बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। विशेष रूप से बिहार समाचार पत्रिका का निशुल्क वितरण किया जा रहा है जो आगंतुकों के बीच खासी लोकप्रिय हो रही है। कार्यक्रम के तीनों दिनों विभाग के पवेलियन में विशेष सांस्कृतिक आयोजन किया गया है।

# डिजिटल पेमेंट्स को बढ़ावा देगा धोनी और भीम ऐप का नया गठजोड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** एनपीसीआई भीम सर्विसेज लिमिटेड ने विश्व कप विजेता और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को भीम पेमेंट्स ऐप, 'भारत का अपना पेमेंट्स ऐप' का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करने की घोषणा की। यह साझेदारी दो ऐसे नामों को एक साथ लाती है जो भरोसे, निरंतरता और विश्वसनीयता के प्रतीक हैं ऐसे मूल्य जो पीढ़ियों और भौगोलिक सीमाओं से परे लोगों से जुड़ते हैं। जैसे-जैसे भीम भारत की डिजिटल पेमेंट्स यात्रा को सक्षम करते हुए अपने एक दशक के करीब पहुंच रहा है, यह सहयोग उसके अगले विकास चरण की दिशा में एक रणनीतिक कदम है जो स्केल, समावेशन और दीर्घकालिक यूजर विश्वास पर केंद्रित है। यह साझेदारी मूल्यों और यात्रा के स्वाभाविक मेल को दर्शाती है। भीम पेमेंट्स ऐप, नेशनल पेमेंट्स कारपोरेशन ऑफ इंडिया के मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर पर आधारित सुरक्षित डिजिटल भुगतान उपलब्ध कराता है। एनबीएसएल की एमडी और सीईओ ललिता नटराज ने कहा इस साझेदारी का उद्देश्य भीम को हर भारतीय परिवार का पसंदीदा पेमेंट्स ऐप बनाना है।

# श्री गोपी कृष्ण गौआश्रम में गौमाता को लगाये गये छप्पन भोग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** श्री गोपी कृष्ण गौआश्रम, पटना में श्री हरिओम स्माइल्स संस्था की ओर से बहुत सारी महिलाओं ने भक्ति भाव से सराबोर होकर गौमाता को 56 भोग प्रसाद अर्पण किया। 56 भोग में सभी प्रकार की हरी हरी ताजी साग-सब्जी, सीजन में उपलब्ध विभिन्न प्रकार के ताजे फल, चना, गुड़, चोकर, भूसा इत्यादि के साथ ही रोटी, पूरी, नाना प्रकार के व्यंजन एवं मिष्टान भी श्रद्धालुओं ने गौमाता को अर्पण किया। सभी गौमाता अपनी स्वादिष्ट भोजन पाकर अत्यन्त आनन्दित होकर रंभा रही थीं, मानो सबको अपना आशीर्वाद दे रही हों। 56 भोग अर्पण कार्यक्रम के अवसर पर उपस्थित संगीता पटवारी, नीना मोटानी, संध्या पंसारी, डॉ उषा अग्रवाल, केशरी अग्रवाल, बेला गोयल एवं अन्य सभी ने सामूहिक रूप से ध्यान, शान्तिपाठ, कीर्त्तन एवं हवन में भी भाग लिया। इस भक्तिमय माहौल में पूरा गौआश्रम परिसर अद्भुत दिव्यता से सराबोर हो रहा था। सभी श्रद्धालुओं ने कहा कि यहां आकर असीम शान्ति का अनुभव होता है। गौमाता को प्रसाद अर्पण कर स्पर्श करना बहुत ही अद्भुत आनन्द प्रदान करता है।

# लेट्स इंस्पायर बिहार का 5वां भव्य वार्षिकोत्सव

## बिहार सांस्कृतिक पुनर्जागरण महासभा के रूप में ऐतिहासिक आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान का 5वां भव्य वार्षिकोत्सव पटना के बापू सभागार में 'बिहार सांस्कृतिक पुनर्जागरण महासभा' थीम के तहत ऐतिहासिक, भव्य और अभूतपूर्व सफलता के साथ आयोजित हुआ। लगभग 5,000 की क्षमता वाला सभागार पूरी तरह भरा रहा जो अभियान के प्रति लोगों के बढ़ते जुड़ाव और उत्साह को दर्शाता है। कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण, दीप प्रज्ज्वलन और रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुई जिसने बिहार के सांस्कृतिक पुनर्जागरण की भावना को जीवंत किया। गायत्री मंदिर टीम द्वारा योग प्रस्तुति ने अनुशासन और समग्र विकास का संदेश दिया, वहीं बेगूसराय टीम द्वारा छठ गीतों पर आधारित समूह नृत्य ने बिहार की सांस्कृतिक विरासत और गौरव को दर्शाया। कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ पत्रकार अनुप नारायण सिंह, डॉ. शबनम अखौरी एवं श्वेता सुर्भी ने किया। इस अवसर पर परमाहंस स्वामी अगमानंद जी महाराज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे जबकि भारत भारती के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय भाई पत्राले विशेष रूप से पुणे से शामिल हुए। कार्यक्रम में आईपीएस अधिकारी विकास वैभव, सैयद शमाइल अहमद, विधायक मिथिलेश तिवारी, विधायक रजनीश कुमार, डॉ. प्रीति बाला, डॉ. बी. प्रियम, लव कुमार सिंह, ज्ञानेश्वर वात्स्यायन, कुमार प्रबोध, रामाकांत शर्मा सहित कई गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही।

# बिहार दिवस पर स्कूली बच्चों ने निकाली प्रभातफेरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी अनुमंडल कार्यालय परिसर से रविवार को बिहार दिवस के अवसर पर डिहरी प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक प्रभातफेरी निकाली। प्रभातफेरी को अवर निर्वाची पदाधिकारी संतोष कुमार सिंह, बीडीओ अजीत कुमार तथा प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रभातफेरी अनुमंडल कार्यालय से शुरू होकर थाना चौक तक पहुंची। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने 'हमारा बिहार समृद्ध बने' जैसे नारों के साथ लोगों को जागरूक किया। इसमें उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डिहरी, रमारानी जैन बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, राष्ट्रीय प्लस टू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डिलिया, उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैसहा तथा प्रेम नगर हाई स्कूल के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं शामिल हुए। मौके पर कई शिक्षक, प्रधानाध्यापक एवं शिक्षाकर्मी उपस्थित रहे। वहीं दूसरी ओर स्थानीय मध्य विद्यालय शिवगंज में भी बिहार दिवस के अवसर पर प्रभातफेरी का आयोजन किया गया। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार सिंह की उपस्थिति एवं प्रधानाध्यापक संजय कुमार के नेतृत्व में छात्रों ने 'उन्नत बिहार, उज्ज्वल बिहार' के संकल्प के साथ रैली निकाली। छात्र-छात्राओं ने 'जय बिहार, जय-जय बिहार', 'हम सबने ठाना है, बिहार का गौरव बढ़ाना है', 'एक बिहारी सब पर भारी' तथा 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसे नारे लगाए। यह प्रभातफेरी विद्यालय से निकलकर भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर चौक होते हुए डॉ. भीमराव अंबेडकर स्थल तक पहुंची और विभिन्न मोहल्लों से गुजरते हुए पुनः विद्यालय लौटी।



इस अवसर पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने बच्चों को संबोधित करते हुए बिहार के गौरवशाली इतिहास की चर्चा की और कहा कि बिहार ज्ञान और संस्कृति की भूमि रही है। उन्होंने छात्रों से राज्य का मान बढ़ाने का आह्वान किया। प्रधानाध्यापक ने भी बिहार की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्य एवं प्रखंड संसाधन केंद्र के कर्मी भी उपस्थित रहे।

# मंडल रेल प्रबंधक ने की सेफ्टी व संचालन व्यवस्था की गहन समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना द्वारा पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के यार्ड क्षेत्र में सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अप डिपार्चर यार्ड- लाइन संख्या 1 तथा रिलीफ लाइन में संचालित गतिविधियों का विशेष रूप से जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित शाखा अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के क्रम में मंडल रेल प्रबंधक द्वारा अप डिपार्चर यार्ड लाइन संख्या 1 सहित वहां शंटिंग मूवमेंट का प्रत्यक्ष अवलोकन किया गया तथा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सभी प्रक्रियाओं को सदैव पूर्ण सतर्कता एवं संरक्षा मानकों के अनुरूप संपन्न करते रहने के निर्देश दिए। शंटिंग कार्य के दौरान प्रत्येक मूवमेंट पर सतत निगरानी आवश्यक है। इसके अतिरिक्त रिलीफ लाइन में चल रहे स्लीपर रिन्यूअल कार्य व आवागमन का भी निरीक्षण किया गया। मंडल रेल प्रबंधक ने कार्यस्थलों पर संरक्षा प्रोटोकॉल, कार्य की गुणवत्ता तथा समन्वय व्यवस्था की समीक्षा करते हुए आवश्यक सुधारात्मक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान संभावित कमियों की पहचान पर विशेष जोर दिया गया तथा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि किसी भी प्रकार की त्रुटि पाए जाने पर तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। यार्ड संचालन की दक्षता एवं संरक्षा रेलवे की प्राथमिकता है।



# बिहार दिवस पर अनुमंडल स्तर पर कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** बिहार दिवस की 114वीं वर्षगांठ पर बिक्रमगंज में उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ। अनुमंडल पदाधिकारी प्रभात कुमार ने अपने आवास से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो बिहार के गौरव और इतिहास को सलाम करने का एक शानदार तरीका था। रैली ने थाना चौक, सासाराम रोड और तेन्दूनी चौक होते हुए काली स्थान परिसर में जाकर विराम लिया जहां बिहार गीत के साथ समापन हुआ। इस रैली में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राएं और विभिन्न स्कूलों के छात्र शामिल हुए जिनमें सर्वोदय ज्ञान पब्लिक स्कूल, रामाधार सिंह उच्च विद्यालय, उच्च विद्यालय तेन्दूनी और उच्च माध्यमिक विद्यालय बिक्रमगंज के छात्र और एनसीसी कैडेट्स ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों को बिहार के इतिहास, उसकी गाथा और गौरवशाली परंपराओं से परिचित कराना था। मो. शमशाद अली ने उद्घोषक की भूमिका निभाई जिसने पूरे आयोजन को और भी रोमांचक बना दिया। इस मौके पर कई शिक्षक-शिक्षिकाएं और टोला सेवक मौजूद थे जिनमें कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की शिक्षिकाएं, उच्च विद्यालय कौसर परवीन के प्रधानाध्यापक राम आधार सिंह और सर्वोदय ज्ञान पब्लिक स्कूल के प्राचार्य संग्राम सिंह शामिल थे। ये आयोजन सच में बिहार की जड़ों से जुड़ने का एक अच्छा तरीका बताया गया तो वहीं अनुमंडल के अन्य प्रखंडों में भी बिहार दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# महिला का शव फंदे से लटका मिला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** कैमूर जिले के भभुआ प्रखंड के सोनहन गांव में 26 वर्षीय देवंती देवी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उनका शव रविवार को घर के अंदर फंदे से लटका मिला। सूचना मिलने पर सोनहन थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मृतका देवंती देवी राकेश राम की पत्नी थीं। ग्रामीणों ने शुरुआती तौर पर इसे आत्महत्या बताया है। घटना की जानकारी मिलने पर देवंती देवी के मायके वाले रोहतास जिले के करहगर से सोनहन पहुंचे।

# पति ने पत्नी का हाथ थमाया दोस्त को, मंदिर में हुई शादी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत दिनारा थाना क्षेत्र में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है जिसने सभी को हैरान कर दिया है। यहां एक युवक ने अपने ही दोस्त की पत्नी से प्यार कर लिया और फिर पंचायत के फैसले पर मंदिर में शादी भी किया। सबसे बड़ी बात है कि इस शादी के दौरान महिला का पति भी मौजूद रहा। दरअसल, करमैनी गांव के रहने वाले धर्मेंद्र कुमार अपनी पत्नी मंजू देवी के साथ दिल्ली में रहते थे। उनका एक दोस्त लव कुमार भी वहीं रहता था। लव कुमार और मंजू देवी के बीच धीरे-धीरे संपर्क बढ़ा और फिर दोनों एक-दूसरे के करीब आ गए जब धर्मेंद्र कुमार को इस बारे में पता नहीं चला और काम के सिलसिले में गुजरात चले गए, लेकिन लव कुमार और मंजू देवी के बीच प्यार बढ़ता गया जब यह मामला सामने आया तो गांव में हंगामा हो गया। बताया जाता है कि उन्नीस मार्च की रात लव कुमार मंजू देवी से मिलने उनके घर पहुंचा, लेकिन परिजनों ने उन्हें पकड़ लिया और पिटाई कर दी। इसके बाद गांव में पंचायत बुलाई गई। पंचायत में लव कुमार और मंजू देवी ने एक-दूसरे के साथ रहने की इच्छा जताई। सरपंच प्रतिनिधि सोनू कुशवाहा की मौजूदगी में पंचायत ने फैसला लिया कि दोनों की शादी करा दी जाए तथा हनुमान मंदिर में दोनों की शादी कराई गई। सबसे अजीब बात यह है कि इस शादी में मंजू देवी का पहला पति धर्मेंद्र कुमार भी मौजूद था। उसने खुद दोनों का हाथ पकड़कर शादी के लिए आगे बढ़ाया। बताया यह भी गया कि मंजू देवी को एक पांच साल का पुत्र है जो अपनी मां के साथ रह रहा। इस घटना ने जहां पारिवारिक रिश्तों में न सिर्फ दरार डालने का काम किया बल्कि रिश्ते को तार तार कर दांपत्य जीवन पर भी कई सवाल खड़े कर दिये हैं। बिखरते हुए समाज की संस्कारों से जोड़कर लोग इसकी काफी निंदा कर रहे हैं।

# बेमौसम बारिश एवं आंधी ने फसलों को पहुंचाया नुकसान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** बेमौसम हुई बारिश और आंधी ने फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया जिससे किसानों के बीच उदासी फैल गई है। शुक्रवार से ही बेमौसम मौसम का रवैया शनिवार रात तक रहा जिसमें बारिश और आंधी ने किसानों की फसलों को तबाही पहुंचाई। रवी फसलों में खासकर गेहूं अभी बाली के साथ खड़ा है, तो वहीं चना और अन्य दलहन तथा तिलहन की फसलें पकने को तैयार हैं। पानी की बूंदों ने काफी नुकसान पहुंचाया है। किसानों ने बताया कि सरसों और चना की पकने वाली फसलें जहां तहस-नहस हुई हैं, वहीं गेहूं की खड़ी फसल जगह-जगह खेतों में गिरी पड़ी है। कुछ किसानों ने बताया कि धान की फसल की देर से कटाई के कारण रवी की फसलों की बुवाई में देरी हुई और मौसम की बेरुखी ने पिछले फसल को जहां क्षति पहुंचाई थी, वहीं इस बार रवी फसलों के उत्पादन को भी बुरी तरह प्रभावित किया है। गिरे हुए फसलों और फलों से युक्त दलहन की फसल काफी मात्रा में बर्बाद होने का अंदेशा जताया जा रहा है। फसलों के नुकसान से गांवों में उदासी की लहर फैल गई है। किसानों का कहना है कि इस बेमौसम बारिश और आंधी ने उनकी वर्षों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। अब उन्हें अपने परिवार का पालन-पोषण करना मुश्किल हो जाएगा। कृषि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि वे जल्द ही फसलों के नुकसान का आकलन किया जाएगा और प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिलाने की कोशिश करेंगे। वहीं किसान नंद बिहारी सिंह, उदय पाल, सुभाष गोस्वामी के अलावे समाज सेवी पूर्व विधायक राजेश्वर राज, प्रोफेसर बलिराम मिश्रा, डा मनीष रंजन, सुदामा पांडे, गंगासागर कुशवाहा, रवि पटेल, मुन्ना भारती, वीरेंद्र तिवारी, रविश रंजन सहित बहुत से लोगों का कहना है कि सरकार को उनकी मदद करनी चाहिए। इस बेमौसम बारिश और आंधी ने न केवल किसानों को आर्थिक नुकसान पहुंचाया है, बल्कि खाद्य सुरक्षा पर भी इसका असर पड़ा है। इसलिए सरकार को किसानों की मदद करनी चाहिए।

# सामाजिक-राजनीतिक कार्यकर्ता लोहिया जी की विचारधारा से सीख लें : रामकृपाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** महान समाजवादी चिंतक एवं स्वतंत्रता सेनानी डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती के अवसर पर लोहिया जयंती सह उत्कृष्ट सम्मान समारोह का भव्य आयोजन रविवार को वाणिज्य प्रकोष्ठ द्वारा भाजपा प्रदेश कार्यालय के अटल सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि कृषि मंत्री रामकृपाल यादव, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजय पासवान और भाजपा विधायक मिथिलेश तिवारी की मौजूदगी में प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता वाणिज्य प्रकोष्ठ, भाजपा बिहार के प्रदेश संयोजक डॉ. प्रो. जगन्नाथ प्रसाद गुप्ता ने की। इस अवसर पर समाज, व्यापार एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कई विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित किया गया।



इसके पहले डॉ. राम मनोहर लोहिया के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। कार्यक्रम का संचालन सौरभ भगत ने किया, वहीं स्वागत भाषण प्रियंका राय एवं मधुप्रिया ने किया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. प्रो. जगन्नाथ प्रसाद गुप्ता ने कहा कि डॉ. राम मनोहर लोहिया का संपूर्ण जीवन सामाजिक समानता, न्याय और राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि लोहिया जी के आदर्श आज भी समाज को नई दिशा देने का कार्य कर रहे हैं और हमें उनके विचारों से प्रेरणा लेकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का संकल्प लेना चाहिए और लोहिया जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने में अपना योगदान दें। मुख्य अतिथि कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने अपने संबोधन में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने के लिए डॉ. प्रो. जगन्नाथ प्रसाद गुप्ता की सराहना की।

# पटना नगर निगम ने किया बिहार दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

## लोकगीतों के माध्यम से गूंजा बिहार का गौरव एवं स्वच्छता अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार दिवस के अवसर पर पटना नगर निगम द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक गौरव एवं सामाजिक मूल्यों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आमजन, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य अतिथियों की सहभागिता रही। कार्यक्रम का उद्घाटन उपमहापौर रेशमी कुमारी एवं सशक्त स्थायी समिति के सदस्य एवं नगर विकास एवं आवास विभाग के उप सचिव द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। उद्घाटन सत्र के पश्चात अतिथियों ने उपस्थित नागरिकों को बिहार दिवस की शुभकामनाएं दीं और राज्य के उज्ज्वल भविष्य के प्रति अपने संकल्प को दोहराया। रेशमी कुमारी, उप महापौर पटना नगर निगम ने अपने संबोधन में कहा कि बिहार दिवस केवल उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि अपनी जड़ों, संस्कृति और इतिहास को स्मरण करने तथा उसे नई पीढ़ी तक पहुंचाने का भी महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने पटना नगर निगम द्वारा किए जा रहे स्वच्छता एवं जन-जागरूकता के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर स्वच्छता को लेकर विशेष संदेश प्रसारित किया गया। पटना नगर निगम की ब्रांड एम्बेसडर डॉक्टर नीतू कुमारी नवगीत द्वारा स्वच्छता गीतों की प्रस्तुति दी गई। स्वच्छ पटना सुंदर पटना के संकल्प को दोहराते हुए नागरिकों से अपील की गई कि वे शहर की स्वच्छता बनाए रखने में सक्रिय भागीदारी निभाएं। कार्यक्रम के दौरान आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण में जनभागीदारी की भी अपील की गई साथ ही कचरे का पृथक्करण की प्रकार किया जाए। स्वच्छता जागरूकता से जुड़े संदेशों को सांस्कृतिक माध्यमों के जरिए आमजन तक पहुंचाया गया जिससे लोगों में सकारात्मक प्रेरणा का संचार हुआ। कार्यक्रम के दौरान बिहार के गौरवशाली इतिहास, सांस्कृतिक विविधता एवं परंपराओं को लोकगीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में बिहार गौरव गाथा की प्रस्तुति नृत्य में माध्यम से गया। पटना नगर निगम के मंच पर कलाकारों ने अपने मनमोहक प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया तथा बिहार की समृद्ध विरासत की झलक प्रस्तुत की।



# डिहरी में समाजसेवी निर्मल चौरसिया को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी नगर के जाने-माने व्यवसायी एवं समाजसेवी निर्मल चौरसिया के निधन पर शोक की लहर दौड़ गई है। जिले की अग्रणी सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था अभिनव कला संगम द्वारा मोहन बीघा स्थित उनके आवास पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य लोग, समाजसेवी एवं संस्था के सदस्य शामिल हुए। संस्था के नंदन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि निर्मल चौरसिया, अभिनव कला संगम के सक्रिय पदाधिकारी एवं जय शिव कला मंदिर कमेटी के अध्यक्ष विजय चौरसिया के बड़े भाई थे। वे अपने मृदुभाषी एवं मिलनसार स्वभाव के लिए जाने जाते थे। एक सफल व्यवसायी होने के साथ-साथ उन्होंने समाजसेवा के क्षेत्र में भी अपनी अलग पहचान बनाई थी और वे सभी के लिए प्रेरणास्रोत थे। बताया गया कि कुछ दिन पूर्व घर में दैनिक कार्य के दौरान गिर जाने से उनके पैर की हड्डी टूट गई थी। बेहतर इलाज के लिए परिजनों द्वारा उन्हें बनारस ले जाया गया जहां उनका सफल ऑपरेशन हुआ। घर लौटने के दो दिन बाद अचानक सीने में तेज दर्द होने के कारण हृदय गति रुक जाने से उनका निधन हो गया। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों को याद किया। इस अवसर पर परिजनों में अजय चौरसिया, बड़े पुत्र राजीव कुमार, सोनू कुमार, सुमित कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। वहीं संस्था की ओर से संजय सिंह बाला, मोहम्मद वारिस अली, प्रमोद कुमार सिंह, संतोष सिंह, कौशलेंद्र कुशवाहा, रवि तिवारी, शिवजी गुप्ता, शिवाजी सिंह, कलाम हाशमी, शादाब सिद्दीकी, अरुण शर्मा, बंटी पटेल उर्फ राज पटेल, संजय गुप्ता, उमेश प्रसाद सिंह, शुभम सिंह, राहुल सिंह गहलोत, आलोक कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार उर्फ जीतू, सुनील कुमार उर्फ पिंटू, सिंटू कुमार, मनीष कुमार सिंह, अमित कुमार गुप्ता, राजेश कुमार चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



# बिहार दिवस 2026: लहठी से सुजनी तक, समाज कल्याण पवेलियन में बिहार की पारंपरिक कला का प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार दिवस के मौके पर समाज कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास निगम की ओर से आयोजित पवेलियन का उद्घाटन किया गया। गांधी मैदान में आयोजित इस तीन दिवसीय (22 मार्च-24 मार्च) कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत आने वाले विभिन्न विभागों एवं इकाइयों के माध्यम से अपनी योजनाओं, उपलब्धियों एवं सेवाओं के प्रदर्शन के लिए थीम-आधारित पवेलियन/स्टॉल स्थापित किए गए हैं। इन पवेलियनों के माध्यम से आमजन को राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, सेवाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही बिहार की पारंपरिक कला लहठी, हस्तकरघा, मिथिला, एप्लिक, सुजनी कला हस्तनिर्मित आभूषण, रेडिमेट परिधान ब्लॉक प्रिंट, महिला हेल्पलाइन 181 तथा शी-बॉक्स परामर्श केंद्र पालना घर आदि स्टॉल मौजूद है। विभाग के अन्तर्गत संचालित संस्था आशा किरण के बच्चों की (18 वर्ष के नीचे) तरफ से बनाई गई कलाकृति एवं महिला लाभार्थी शामिल है। इनमें प्रमुख रूप से समाज कल्याण निदेशालय, आईसीडीएस निदेशालय, राज्य आयुक्त निशक्तता (दिव्यांगजन) कार्यालय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय, बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग, सामाजिक सुरक्षा निदेशालय, स्टेट सोसाइटी फॉर अल्ट्रा पूअर एंड सोशल वेलफेयर एवं राज्य बाल संरक्षण समिति मौजूद है।

# युवक ने फांसी लगा की आत्महत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** कैमूर में मोहनियां थाना क्षेत्र के बिनोदपुर छोटका कटरा गांव में 18 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान हरिकेसर पासी के पुत्र मनीष कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने शनिवार शाम को शव का पंचनामा कर भभुआ सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया। मृतक के पिता हरिकेसर पासी ने बताया कि उनके गांव में दो मकान हैं। परिवार वर्तमान में नए मकान में रहता है जबकि पुराना मकान कभी-कभी ही उपयोग किया जाता है। शनिवार को परिवार के सभी सदस्य नए घर पर थे। इसी दौरान मनीष पुराने मकान में चला गया। उसने कमरे की छत में लगे सीलिंग फैन की कुंडी से दुपट्टे का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली।

# पटना में पहली बार 'भूमिहार परिवार मिलन समारोह' आयोजित, शिक्षा व सामाजिक एकजुटता पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भूमिहार परिवार फाउंडेशन द्वारा 'भूमिहार बैठकी, गांधी मैदान' के सफल एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 52वें रविवार को राजधानी पटना में पहली बार भव्य 'भूमिहार परिवार मिलन समारोह' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के अनेक वरिष्ठ अधिकारी, गणमान्य अतिथि एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में एकजुटता, आपसी सहयोग और सौहार्द को मजबूत करना रहा। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया जिसमें बिहार के पूर्व डीजीपी अभयानंद की विशेष उपस्थिति रही। इस दौरान उन्होंने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि समाज के लोगों को उच्च शिक्षा की ओर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने युवाओं से अपील की कि अपनी ऊर्जा सकारात्मक कार्यों में लगाएं और समाज के विकास में अग्रणी भूमिका निभाएं। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में वे स्वयं भी सहयोग देने के लिए सदैव तैयार हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन के संस्थापक अंकित चन्द्रायण ने कहा कि पटना शहर के सभी मोहल्लों में सदस्यता अभियान चलाकर भूमिहार समाज के हर परिवार को एक मंच से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि समाज के लोगों को इलाज के दौरान पटना में रहने की सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में भी पहल की जा रही है। ताकि जरूरतमंद परिवारों को कठिन समय में सहयोग मिल सके। उन्होंने आगे कहा कि समाज के व्यवसायियों को एक-दूसरे से जोड़कर आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का प्रयास किया जाएगा जिससे नए लोगों को आगे बढ़ने का अवसर मिले। इसके साथ ही पटना में जल्द ही एक लाइब्रेरी स्थापित की जाएगी जहां 100 से अधिक बच्चों को निःशुल्क शिक्षा की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। अंकित चन्द्रायण ने कहा कि केंद्र सरकार की स्किल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसी योजनाएं युवाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित कर रही हैं। इन पहलों का लाभ उठाकर समाज के युवा रोजगार मांगने वाले नहीं, बल्कि रोजगार देने वाले बन सकते हैं। उन्होंने युवाओं को प्रशिक्षण, उद्यमिता और स्वरोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि समाज के सामूहिक प्रयासों से भूमिहार समाज सामाजिक एकजुटता, सौहार्द और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ेगा तथा राज्य के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा। कार्यक्रम को टिकारी युवराज हर्ष राज, प्रीति प्रिया, एस के पाण्डेय, डॉक्टर संजीव, कर्नल कुणाल, डॉ मारुत नन्दन इत्यादि ने संबोधित किया। इस अवसर पर अजय, पुरषोत्तम, दीपक, सुजीत, युगल, नीरज, रामजन्म, सुमन्त, किशोर, अभिजीत सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।



# बिहार दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। नगर भवन में बिहार दिवस के अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ नालंदा सांसद कौशलेंद्र कुमार, बिहारशरीफ विधायक डॉ. सुनील कुमार, महापौर अनीता देवी, जिलाधिकारी कुंदन कुमार और पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने बिहार के गौरवशाली इतिहास और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बिहार दिवस हमें अपनी जड़ों से जुड़ने और राज्य के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने जिले के समग्र विकास के लिए सामूहिक प्रयासों पर विशेष बल दिया।






कार्यक्रम के दौरान स्थानीय कलाकारों और स्कूली बच्चों ने लोक संस्कृति पर आधारित आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिसने उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल और प्रदर्शनियों के माध्यम से सरकारी योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी दी गई, जिसका अधिकारियों ने निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मियों को सम्मानित किया गया। राजस्व क्षेत्र में सराहनीय योगदान के लिए सवीना खातून और शिव शंकर कुमार को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। वहीं महिला एवं बाल विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बाल विकास परियोजना पदाधिकारी अर्चना और रेणु कुमारी को सम्मानित किया गया।

रेणु कुमारी ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में लक्ष्य के विरुद्ध 193 प्रतिशत उपलब्धि हासिल कर विशेष पहचान बनाई।

इसके अलावा जिला समन्वयक रामप्रकाश कुमार सिन्हा और महिला पर्यवेक्षिका अंजलि कुमारी को भी उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए पुरस्कृत किया गया। सामाजिक कल्याण की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत लाभार्थियों को आर्थिक सहायता भी वितरित की गई। मुख्यमंत्री निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना के तहत 19 लाभार्थियों को एक-एक लाख रुपये के चेक दिए गए, जबकि अंतरजातीय विवाह योजना के तहत भी चयनित लाभार्थियों को प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।

कार्यक्रम के अंत में दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से बैटरी चालित ट्राई साइकिल वितरित की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में आम नागरिक, छात्र-छात्राएं और जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे, जिससे पूरा माहौल बिहार दिवस के उत्साह से सराबोर रहा।

# जागरुकता शिविर में 230 बच्चियों के बीच सेनेटरी पैड का वितरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। सिलाव प्रखंड अंतर्गत नेपुरा गांव में किशोरियों के स्वास्थ्य और स्वच्छता को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मासिक धर्म जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान करीब 230 बच्चियों के बीच सेनेटरी पैड वितरित किए गए और उन्हें प्रजनन स्वास्थ्य से जुड़ी अहम जानकारियां दी गईं। यह कार्यक्रम सेव आवर सोल चिल्ड्रंस विलेजेस इंडिया एचपीई और एसओएस बालग्राम भारत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। शिविर में समाजसेवी अरविंद कुमार सिन्हा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी मासिक धर्म को लेकर झिझक और जानकारी की कमी है, जिसे दूर करना बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि सिलाव, बिंद और नूरसराय प्रखंडों के लिए कुल 12 हजार सेनेटरी पैड उपलब्ध कराए गए हैं, जिन्हें चरणबद्ध तरीके से जरूरतमंद किशोरियों तक पहुंचाया जाएगा।




कार्यक्रम के दौरान ट्रेनर अल्पना कुमारी ने किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक और मानसिक बदलाव, व्यक्तिगत स्वच्छता, पोषण और हैंड हाइजीन के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने किशोरियों को बताया कि मासिक धर्म एक प्राकृतिक प्रक्रिया है और इसे लेकर शर्म या डर की कोई आवश्यकता नहीं है। शिविर में संक्रमण से बचाव, साफ-सफाई के उपाय और सेनेटरी पैड के सही उपयोग की जानकारी भी दी गई। साथ ही हाथों की स्वच्छता को लेकर प्रायोगिक तरीके से प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में किशोरियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और अपनी जिज्ञासाओं को खुलकर साझा किया। आयोजकों ने बताया कि युवाओं को जागरूक करने के लिए ऐसे कार्यक्रम आगे भी जारी रहेंगे, ताकि समाज में स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक बदलाव लाया जा सके।

# डॉ. मुकेश कुमार सिन्हा को मिला उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां**। पकरीबरावां प्रखण्ड के तीन शिक्षकों को उत्कृष्ट शिक्षक का सम्मान मिला है। नवादा डायट में बिहार दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित कर यह सम्मान दिया गया। बिहार दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जिले के कुल 11 शिक्षकों को उत्कृष्ट शिक्षक का सम्मान मिला है। वर्ग एक से पांच के लिए पकरीबरावां प्रखण्ड की उत्तरी ग्राम पंचायत के प्रधान शिक्षक डॉ. मुकेश कुमार सिन्हा के लिए उत्कृष्ट शिक्षक का सम्मान दिया गया। नवादा के जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने उन्हें सम्मानित किया। इसी तरह वर्ग छह से आठ के लिए उत्क्रमित मध्य विद्यालय के शिक्षक धीरज कुमार को एवं वर्ग 9 से 12 के लिए महंत रामधन पुरी इंटर विद्यालय बुधौली के धर्मेन्द्र पासवान को उत्कृष्ट शिक्षक का सम्मान मिला। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी दीपक कुमार, डीपीओ रिशुराज सिंह, डीपीओ सुश्री वर्षा सहित अन्य उपस्थित थे।




**डॉ. मुकेश कर रहे हैं कई नवाचार**

डॉ. मुकेश ने 21 जुलाई 2025 को प्राथमिक विद्यालय सुदनपुर उर्दू में योगदान किया। बच्चों का विद्यालय में ठहराव हो इसके लिए उन्होंने ट्रेडिशनल मेथड से हटकर अधिगम को रोचक बनाने के लिए गतिविधि आधारित शिक्षा पर जोर दिया। बच्चों को खेल आधारित गतिविधियों में शामिल किया। परिणाम हुआ कि बच्चे का विद्यालय में ठहराव होने लगा। स्थिति यह बन गई चार बजे के बाद भी बच्चे और थोड़ी देर रुकने का जिद करने लगे। बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए विद्यालय का व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया। अभिभावकों को ग्रुप में जोड़ा गया। प्रतिदिन होने वाली पढ़ाई के साथ बच्चों को दिए जाने वाले गृह कार्य एवं विद्यालय में होने वाले गतिविधियों की जानकारी ग्रुप में शेयर किया गया। पोषक क्षेत्र में लगातार जाकर अभिभावकों से संपर्क किया। इसका सकारात्मक परिणाम दिखा। अभिभावक- शिक्षक संगोष्ठी में विद्यालयों में उपलब्ध संसाधनों एवं विद्यालय में होने वाले गतिविधियों से उन्हें अवगत कराया जाने लगा। 10 से 15 बच्चों को एक शिक्षक के साथ टैग कर उसके सर्वांगीण विकास के लिए उस शिक्षक को दायित्व दिया गया। खुद के लैपटॉप से बच्चों को कंप्यूटर शिक्षा देने की व्यवस्था की गई। वर्ड पावर चैम्पियनशिप में बच्चों को शामिल कराया। इसमें विद्यालय के बच्चे सेमीफाइनल राउंड तक गए। बाल संसद को सक्रिय बनाया गया। हरेक माह बच्चों का ओएमआर के माध्यम से परीक्षा लेना शुरू किया गया। बेहतर करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। नियमित रूप से विद्यालय भेजने वाले बच्चों के अभिभावकों को सम्मानित किया गया। विद्यालय में हरेक शनिवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू किया गया। इससे बच्चों में रोचकता बढ़ी उनमें उत्साह देखा जाने लगा।

# घर का ताला तोड़कर लाखों की जेवरात चोरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। दीपनगर थाना क्षेत्र के बेरौटी टोला इंदरपुर गांव में चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाकर लाखों की संपत्ति चोरी कर ली। पीड़ित अंजनी कुमार विद्यार्थी जब सपरिवार देवघर से लौटे, तो घर की हालत देखकर स्तब्ध रह गए। बताया जाता है कि अंजनी कुमार 16 मार्च को अपनी पत्नी के इलाज के लिए घर में ताला बंद कर देवघर गए थे। वापस आने पर उन्होंने देखा कि मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ है। अंदर जाने पर सभी कमरों के ताले टूटे मिले और सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने करीब 200 ग्राम सोने के जेवर (लगभग 30 लाख रुपये मूल्य), 16 हजार रुपये नकद और जमीन व वाहन से जुड़े महत्वपूर्ण कागजात चोरी कर लिए। इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल है। पीड़ित ने स्थानीय थाना में आवेदन देकर पड़ोस के कुछ लोगों पर संदेह जताया है।

# नहाय-खाय के साथ शुरू हुआ चैती छठ महापर्व

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में चैती छठ महापर्व की शुरुआत नहाय-खाय के साथ हो गई है। चार दिवसीय इस पावन पर्व का समापन 25 मार्च को उगते सूर्य को उषा अर्घ्य देने के साथ होगा। शहर के मोरा तालाब, अखाड़ा पर सूर्य घाट, अंगारी धाम सूर्य घाट, बड़गांव सूर्य घाट, बाबा मनीराम अखाड़ा, कोसुक नदी समेत विभिन्न घाटों पर छठ व्रत को लेकर साफ-सफाई और तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी है और वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया है। छठव्रती संजू वर्मा ने बताया कि नहाय-खाय के दिन स्नान कर दाल-कद्दू, कद्दू-भात, चने की दाल और अन्य सात्विक प्रसाद ग्रहण कर व्रत की शुरुआत की जाती है। 23 मार्च को खरना मनाया जाएगा, जिसमें व्रती दिनभर उपवास के बाद शाम को गुड़ की खीर, रोटी और पिथा का प्रसाद ग्रहण करेंगी। इसके बाद



36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू होगा। 24 मार्च को अस्ताचलगामी सूर्य को संध्या अर्घ्य दिया जाएगा, जबकि 25 मार्च को उगते सूर्य को उषा अर्घ्य देकर व्रत का पारण किया जाएगा।

प्रशासन द्वारा सभी घाटों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। खतरनाक घाटों को चिन्हित कर वहां गोताखोरों की तैनाती की गई है ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। सूर्योपासना का यह महापर्व सुख-समृद्धि, संतान सुख और आरोग्य की कामना के लिए किया जाता है। बिहार, झारखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश में यह पर्व पारंपरिक श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है।

# निशांत कुमार की राजनीति में एंट्री पर बोले प्रशांत किशोर; बिहार का पढ़ा-लिखा लड़का करेगा मजदूरी और नेता का बेटा बनेगा नेता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जन सुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर रविवार को नवादा जिले में पहुंचे। दरअसल, वे बिहार नवनिर्माण अभियान के तहत राज्य के विभिन्न जिलों का दौरा कर रहे हैं। इस दौरान वे हर जिले में जाकर संगठन के नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर रहे हैं। इसी क्रम में वे आज नवादा पहुंचे, जहां उन्होंने जवाहर नगर स्थित 'द बुद्धा रीजेंसी' में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की।




इस दौरान प्रशांत किशोर ने कहा कि चुनाव परिणाम के बाद जन सुराज के नेताओं ने पश्चिम चंपारण स्थित गांधी भितिहरवा आश्रम में एक दिन का उपवास रखा था। उस समय जन सुराज की ओर से यह घोषणा की गई थी कि बिहार में जो नई सरकार बनी है, उसे अपने वादों को पूरा करने के लिए छह महीने का समय दिया जाएगा। इसके बाद बिहार नवनिर्माण अभियान के तहत जन सुराज के कार्यकर्ता घर-घर जाकर जनता के बीच अपनी बात रखेंगे। प्रशांत किशोर ने कहा कि बिहार नवनिर्माण अभियान को अगले पांच वर्षों तक प्रभावी ढंग से चलाने के लिए वे हर जिले में जाकर संगठन को पुनर्गठित करने का काम कर रहे हैं। वहीं, नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने और बिहार में नए मुख्यमंत्री को लेकर प्रशांत किशोर ने कहा कि आने वाले समय में पहली बार बिहार को गुजरात से चलाया जाएगा। गुजरात के हितों को ध्यान में रखकर बिहार को संचालित किया जाएगा। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि बिहार में फैक्ट्रियां न लगें, ताकि बिहार से करोड़ों युवा 10-15 हजार रुपये के लिए सस्ते मजदूर बनकर पूरे देश की फैक्ट्रियों में काम कर सकें। अगर बिहार में फैक्ट्रियां लग जाएंगी तो सूरत, जामनगर, तमिलनाडु और पंजाब में 15 हजार रुपये में काम करने वाले मजदूर नहीं मिलेंगे।

इसके साथ ही निशांत कुमार के राजनीति में आने को लेकर प्रशांत किशोर ने कहा कि मेरी तरफ से उन्हें शुभकामनाएं हैं। लेकिन जब मुख्यमंत्री का बेटा राजनीति में आ रहा है, तो बिहार की जनता को यह सोचना चाहिए कि जो बात जन सुराज कहता रहा है नेता का बेटा नेता बनेगा और सामान्य परिवार के पढ़े-लिखे बच्चे या तो मजदूरी करेंगे या बेरोजगार रहेंगे।

उन्होंने कहा कि नेता चाहे समाजवादी हो, भाजपाई हो, कांग्रेसी हो या राजद का, बूढ़ा हो या युवा, अगड़ा हो या पिछड़ा, सभी नेता अपने बच्चों के लिए राजसिंहासन की तैयारी कर रहे हैं। आप अपने बच्चों की चिंता कीजिए, नहीं तो आपके बच्चे पढ़-लिखकर भी मजदूर ही बनेंगे।

उन्होंने आगे कहा कि जन सुराज पिछले तीन वर्षों से यही बात कह रहा है कि नेताओं का चेहरा देखकर वोट मत दीजिए। नेता और उनका बेटा कभी बेरोजगार नहीं होगा, न ही मजदूरी करने जाएगा, लेकिन आपके बच्चों को मजबूरी में मजदूरी करनी पड़ेगी। नीतीश कुमार जीवनभर यह दावा करते रहे कि उन्होंने अपने परिवार के लिए कुछ नहीं किया, लेकिन अब उनका बेटा सीधे राजनीति में आ रहा है। जैसा कि संभावना है कि, वे जनता दल यूनाइटेड के नेता के तौर पर सामने आ रहे हैं। अब उनकी योग्यता क्या है और समाज के प्रति उनका क्या योगदान है, यह जनता को देखना है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार भी वही कर रहे हैं, जो अन्य नेताओं लालू यादव और कांग्रेस के नेताओं ने किया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष त्रिवेणी सिंहने की। मौके पर पूर्व मंत्री दसई चौधरी, पूर्व एमएलसी रामबली सिंह चंद्रवंशी, पूर्व विधयाक किशोर कुमार मुन्ना, जेपी सिंह, मसीहउद्दीन, डॉ अनुज कुमार, उमेश यादव, सूर्य देव वर्मा, पूनम देवी, नरेश चौधरी, उमेश सिंह चंद्रवंशी सहित अन्य मौजूद थे।

# बिहार स्थापना दिवस पर स्काउट-गाइड ने निकाली प्रभात फेरी, 'सेव वाटर डे' पर जल संरक्षण का संदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड द्वारा बिहार स्थापना दिवस के अवसर पर प्रभात फेरी एवं विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस मौके पर 'सेव वाटर डे' भी मनाया गया, जिसके तहत जल संरक्षण को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। रैली स्काउट कार्यालय हरिचंद्र स्टेडियम से प्रारंभ होकर सर्किट हाउस, भगत सिंह चौक होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। रैली के दौरान स्काउट और गाइड के बच्चों ने "जल ही जीवन है", "पानी बचाओ, पृथ्वी बचाओ", "जल है तो कल है" जैसे जागरूकता भरे नारे लगाकर लोगों को जल संरक्षण के प्रति प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव राम अक्रवाल शर्मा के निर्देशन में किया गया। इस अवसर




पर राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित स्काउट प्रशिक्षक संतु कुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जल का हर एक बूंद हमारे जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पानी और ऑक्सीजन का महत्व वही समझ सकता है, जो इसकी कमी का सामना करता है। इसलिए हम सभी का कर्तव्य है कि जल की बर्बादी को रोकें और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करें। उन्होंने लोगों से अपील की कि अनावश्यक रूप से मोटर चलाकर पानी की बर्बादी न करें तथा कहीं भी नल खुला देखें तो उसे अवश्य बंद करें। उन्होंने कहा कि भविष्य में पानी की कमी को देखते हुए अभी से सतर्क होना जरूरी है। कार्यक्रम के दौरान स्काउट मास्टर संतोष कुमार वर्मा ने बच्चों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई और इस संदेश को समाज तक पहुंचाने का संकल्प कराया। मौके पर मुरलीधर, सौरव गिरी, राजीव कुमार, गाइड कैप्टन ममता रानी, सुमन कुमारी वर्मा, अंजना कुमारी, प्रियांशी कुमारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सजा बिहार दिवस समारोह, छात्रों ने दिखाई प्रतिभा की चमक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। 22 मार्च 2026 को बिहार दिवस के अवसर पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, नवादा के सभागार में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी रवि प्रकाश एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी, ने कहा कि "आज हम सभी बिहार का 114वां स्थापना दिवस अत्यंत हर्ष एवं गर्व के साथ मना रहे हैं। आप सभी न केवल अपने परिवार या विद्यालय का, बल्कि पूरे बिहार राज्य का प्रतिनिधित्व करते हैं। हम जहां भी रहते हैं—चाहे बिहार में हों, देश के अन्य भागों में या विदेश में—हम अपने राज्य के 'ब्रांड एंबेसडर' होते हैं। हमारा आचरण, हमारे कार्य एवं हमारी उपलब्धियां बिहार की छवि को प्रदर्शित करती हैं।






आप सभी विद्यार्थी शिक्षा, खेल एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करें। आपके प्रत्येक प्रयास में बिहार का उज्ज्वल भविष्य निहित है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी अपने भविष्य का निर्माण करते हुए राज्य एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।" इस अवसर पर जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक एवं प्रेरणादायक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। साथ ही, शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले चयनित शिक्षकों को जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी, जिला स्थापना प्रभारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, प्रभारी सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# छठपूजा को लेकर बाजार में बढ़ी रौनक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज,नवादा**। चार दिवसीय चैती छठपूजा को लेकर नारदीगंज बाजार में रौनक बढ़ी हुई है। रविवार को नहाय खाय के साथ चार दिवसीय छठपूजा का व्रत शुरु हो गया। पर्व को लेकर नारदीगंज बाजार में फलमंडी, सब्जी मंडी राशन दुकानों में भीड़ बनी रही। इसके अलावा फुटपाथों पर भी कई दुकानें सजी हुई है। छठ पूजा में मिट्टी बर्तन की महत्ता अधिक होने के कारण कई जगहों पर चुका,ढकनी,दीया समेत अन्य मिट्टी की बर्तन की दुकानों पर खरीदारी करते लोग नजर आए। इसके अलावा सूप, दौरी समेत अन्य बांस निर्मित समान की खरीदारी लोग अपनी सामर्थ्यानुसार खरीदने में लगे रहे। आगामी 25 मार्च को उगते सूर्य के अर्ध्यदान के बाद छठ व्रती पारण कर व्रत को समापन करेंगे।

# चार दिवसीय चैती छठपूजा नहाय खाय के साथ शुरु



**नारदीगंज,नवादा/नबिटा ब्यूरो**। सूर्योपासना के चार दिवसीय चैती छठपूजा रविवार को नहाय खाय के साथ शुरु हो गया। प्रखंड के ऐतिहासिक व द्वापरकालीन हंडिया गांव स्थित सूर्य मंदिर, ओड़ो, रामे, कोसला, नारदीगंज ढ़ाढर नदी समेत सूर्य घाट के अलावा विभिन्न गांवों में छठव्रती व श्रद्धालुओं ने पवित्रता के साथ स्नान कर नहाय खाय के बाद व्रत का शुरुआत किये। उसके उपरांत पवित्रता के साथ कदू,अरवा चावल,चना खेसारी के दाल समेत अन्य व्यंजनों को बनाकर ग्रहण किये। पहले अपने प्रसाद ग्रहण कर फिर परिवार इष्ट मित्रों को प्रसाद खिलाने का क्रम चला। आगामी 25 मार्च 2026 को उगते सूर्य को अर्ध्यदान कर छठव्रती पारण कर व्रत को समापन करेंगे। सूर्य मंदिर हंड़िया के अध्यक्ष रौशन कुमार उप मुखिया सह ग्रामीण संतोष कुमार समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया ग्रामीण स्तर पर लोग व्यवस्था करते हैं, लेकिन प्रशासन व सरकार की ओर से यहां कोई व्यवस्था नहीं है। उन्होंने कहा यहां पर पेयजल संकट है। छठपूजा में विभाग के माध्यम से दो ट्रंकर पानी की व्यवस्था होना चाहिए। ताकि आने वाले श्रद्धालुओं को पेयजल के लिए भटकना नहीं पड़े। बिजली के तार पाल की भी जरूरत है। कहा गया जब बिजली विभाग के कनीय अभियंता से तार पाल लगाने की बात कही गई तो कनेक्शन लेने की बात कहते हैं। ऐसे में परेशानी बढ़ी हुई है।

# सुनसान बागीचे में युवक का शव मिलने से सनसनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा**। शहर के देवनगर मोहल्ले में रेलवे स्टेशन के पश्चिम स्थित एक सुनसान बागीचे से युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान दवोल गांव निवासी राहुल कुमार (27) के रूप में की गई है। परिजनों के अनुसार राहुल दो दिन पहले अपने ससुराल जाने के लिए घर से निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। रविवार सुबह स्थानीय लोगों ने बागीचे में शव देखा, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। घटनास्थल के पास नशे में प्रयुक्त इंजेक्शन मिलने से नशे के कारण मौत की आशंका जताई जा रही है। थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।

## 12 घंटे के भीतर दो जगह फायरिंग

**हिलसा**। हिलसा थाना क्षेत्र में 12 घंटे के भीतर दो अलग-अलग स्थानों पर हुई फायरिंग की घटनाओं से इलाके में दहशत फैल गई है। रविवार सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले एक प्रॉपर्टी डीलर को बदमाशों ने गोली मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार बेलवा बाग गांव निवासी भूषण यादव (35) पश्चिमी बाईपास की ओर टहलने निकले थे, तभी पहले से घात लगाए तीन बदमाशों ने उन पर फायरिंग कर दी। गोली सीने में लगते ही वह जमीन पर गिर पड़े। परिजनों द्वारा उन्हें आनन-फानन में हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया।

# पोकलेन ऑपरेटर की गोली मारकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नालंदा (हिलसा)**। हिलसा पूर्वी बाईपास निर्माण कार्य स्थल पर बदमाशों ने गोली मारकर एक पोकलेन ऑपरेटर की हत्या कर दी। मृतक की पहचान झारखंड के पथरी गांव निवासी कुलदीप यादव (32) के रूप में हुई है। मजदूरों के अनुसार शनिवार देर शाम बाइक सवार बदमाश साइट पर पहुंचे और साइट इंजीनियर शुभम कुमार को निशाना बनाकर फायरिंग की। हालांकि निशाना चूकने से गोली पोकलेन ऑपरेटर के सीने में लग गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें



तत्काल हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद मौके पर दहशत का माहौल बन गया। सूचना पर एसडीओ अमित कुमार पटेल एवं एएसपी शैलजा अस्पताल पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में आपसी विवाद की आशंका जताई जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# गया में आयकर अधिनियम 2025 पर सेमिनार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** गया जी में रविवार को द इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के गया सीपीई अध्ययन चैप्टर द्वारा आयकर अधिनियम 2025 तथा 1 अप्रैल से लागू होने वाले नए आयकर कानून को लेकर एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के कई चार्टर्ड अकाउंटेंट्स और कर पेशेवरों ने भाग लेकर नए प्रावधानों की जानकारी प्राप्त की। सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में दिल्ली से आए कर एवं वित्त विशेषज्ञ विनोद रावत उपस्थित रहे। उनके साथ उप संयोजक रोहित कुमार सिन्हा तथा संयोजक दीपक कुमार भी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत भाषण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई जिसके बाद नए आयकर कानून पर विस्तार से चर्चा की गई। अपने संबोधन में विनोद रावत ने कहा कि गया जैसी ज्ञान और मोक्ष की नगरी में आना उनके लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि यहां ज्ञान की गंगा बहती है और वे भी इस ज्ञान में अपनी भागीदारी निभाने आए हैं। उन्होंने बताया कि 1 अप्रैल से लागू होने वाला आयकर अधिनियम 2025 कई महत्वपूर्ण बदलाव लेकर आ रहा है जिसे समझना हर कर पेशेवर के लिए आवश्यक है। उन्होंने विशेष रूप से बताया कि स्रोत पर कर कटौती की प्रक्रिया में बड़े बदलाव होंगे और इसके लिए नए प्रपत्र तथा नई प्रक्रिया अपनानी होगी जिससे पारदर्शिता और सरलता बढ़ेगी। विनोद रावत ने कहा कि सरकार का उद्देश्य कर प्रणाली को सरल और अधिक प्रभावी बनाना है। इसी दिशा में वित्त मंत्रालय द्वारा नए कानून में कई सुधार किए गए हैं। नए प्रावधानों में करदाताओं को राहत देने के लिए विभिन्न प्रकार की छूट और सुविधाएं भी शामिल की गई है जिससे आम लोगों को लाभ मिलने की संभावना है। सेमिनार के दौरान उपस्थित चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने अपने सवाल भी रखे जिनका विशेषज्ञों द्वारा समाधान किया गया। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही, ताकि पेशेवर समय-समय पर अद्यतन जानकारी प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर रोहित कुमार सिन्हा और दीपक कुमार ने कहा कि नए कानून के लागू होने के बाद पुराने नियमों को छोड़कर नई व्यवस्था को अपनाना आवश्यक होगा जिसके लिए सभी चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को अभी से तैयारी शुरू करनी चाहिए। सेमिनार में स्रोत पर कर कटौती प्रणाली में होने वाले बदलावों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। यह सेमिनार न केवल जानकारीवर्धक रहा, बल्कि नए आयकर कानून को समझने में भी अत्यंत उपयोगी साबित हुआ। कार्यक्रम में संजीव सिन्हा, अनूप कुमार, विजय कुमार, शशांक सिन्हा, उत्पल कुमार, शशि कुमार, प्रतिक अग्रवाल, आनंद साव, रोहित गोस्वामी, दिलीप कुमार, अभिषेक कुमार और विवेक कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## बिहार दिवस अपने गौरवशाली इतिहास पर गर्व करने का देता है अवसर : प्रो.शशि प्रताप शाही

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार दिवस के अवसर पर पटना के श्री कृष्ण मेमोरियल सभागार में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष बिहार दिवस का मुख्य विषय 'उन्नत बिहार, उज्ज्वल बिहार' रखा गया है। कार्यक्रम का आयोजन 22 मार्च से 24 मार्च तक किया जा रहा है। शिक्षा विभाग द्वारा मगध विश्वविद्यालय, बोधगया को नोडल विश्वविद्यालय के रूप में चयनित किया गया जिसके सफल मार्गदर्शन में यह आयोजन संपन्न हो रहा है। उद्घाटन सत्र में सभी विशिष्ट अतिथियों का अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रो. एन. के. अग्रवाल, प्रो. शशि प्रताप शाही, विनायक मिश्रा, प्रो. रत्नामृत एवं प्रो. अतुल आदित्य पांडे सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। प्रो. एन. के. अग्रवाल, निदेशक, उच्च शिक्षा, बिहार सरकार ने अपने संबोधन में कहा कि बिहार प्राचीन काल से ज्ञान, विज्ञान, दर्शन और कला का प्रमुख केंद्र रहा है। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर आयोजित नृत्य, रंगोली एवं मेंहदी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की बहुआयामी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करती हैं। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के समग्र विकास और नेतृत्व क्षमता के निर्माण में सहायक सिद्ध होंगे। उन्होंने बिहार की सांस्कृतिक पहचान, शिक्षा और युवाओं की भूमिका पर बल देते हुए बेटियों के सशक्तिकरण हेतु चलाए जा रहे कार्यक्रमों की भी सराहना की। मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही ने अपने वक्तव्य में कहा कि बिहार दिवस हमें अपने गौरवशाली इतिहास और योगदान पर गर्व करने का अवसर देता है। उन्होंने विश्वविद्यालय में शैक्षणिक उत्कृष्टता, शोध गतिविधियों और संस्थागत विकास को नई दिशा देने के प्रयासों का उल्लेख किया तथा राज्य में हो रहे विकास कार्यों, विशेषकर बिजली, सड़क और कानून व्यवस्था में सुधार को सराहा। शिक्षा विभाग के उप निदेशक विनायक मिश्रा ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि यह आयोजन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दूरदर्शी सोच का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक सहभागिता के लिए प्रेरित किया। बी.डी. कॉलेज की प्राचार्या प्रो. रत्नामृत ने ऐतिहासिक संदर्भों के माध्यम से बिहार दिवस के महत्व को रेखांकित करते हुए वर्ष 2010 से इस महापर्व की शुरुआत के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। पटना विश्वविद्यालय के प्रो. अतुल आदित्य पांडे ने कहा कि शैक्षणिक संस्थान विद्यार्थियों के व्यक्तित्व और प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बिहार दिवस के अवसर पर विविध विधाओं का प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय है। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं मगध विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार मंगलम ने प्रारंभ में विषय-व्याख्या प्रस्तुत की तथा अंत में धन्यवाद ज्ञापन दिया। उन्होंने बिहार के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी नागरिकों से राज्य की प्रगति में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। इस अवसर पर रंगोली, मेंहदी तथा तीन श्रेणियों–एकल शास्त्रीय नृत्य, एकल लोक नृत्य एवं समूह लोक नृत्य–की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें बिहार के पांच विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## बिहार स्थापना दिवस पर 114 मोमबत्तियां जलायी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** बिहार का 114वां स्थापना दिवस के अवसर पर समाहरणालय परिसर में 114 मोमबत्तियां जलाकर बिहार स्थापना दिवस मनाया गया। इसके पश्चात नगर आयुक्त गया, अपर समाहर्ता परितोष कुमार, अपर समाहर्ता आपदा, अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, अनुमण्डल पदाधिकारी सदर सहित वरीय पदाधिकारी एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा केक काट कर बिहार स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी राजेंद्र, सामाजिक कार्यकर्ता जितेन्द्र, धर्मेंद्र, विनोद, रामप्रसाद पटवा एव अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## बिहार का इतिहास गौरवशाली, समृद्ध और प्रेरणादायक : डॉ. मनीष पंकज मिश्रा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।**114वें बिहार दिवस के अवसर पर भाजपा नेताओं ने प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर भाजपा नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा, प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद, अधिवक्ता संतोष ठाकुर, राणा रणजीत सिंह एवं विजय प्रसाद गुप्ता उर्फ काला नाग ने बिहार के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि बिहार का इतिहास गौरवशाली, समृद्ध और प्रेरणादायक रहा है। उन्होंने बताया कि यह भूमि प्राचीन काल से ही शिक्षा, आध्यात्म और सामाजिक समरसता का केंद्र रही है जहां से महान विद्वानों, संतों और विचारकों ने जन्म लेकर पूरे विश्व को दिशा दी। उन्होंने कहा कि आज का बिहार तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है जो हम सभी के लिए गर्व की बात है। डॉ. मिश्रा ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे बिहार की समृद्ध विरासत को सहेजते हुए इसके विकास में सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तथा राज्य सरकार के सहयोग से बिहार में बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्रों में निरंतर प्रगति हो रही है। वहीं भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि बिहार दिवस केवल उत्सव का दिन नहीं, बल्कि अपनी पहचान, संस्कृति और गौरव को याद करने का भी अवसर है। उन्होंने प्रदेश के युवाओं से अपील की कि वे अपने ज्ञान, परिश्रम और समर्पण से बिहार को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएं।

## गया-कोडरमा सेक्शन में जनशताब्दी एक्सप्रेस में ब्रेक बाइडिंग खराबी, टली दुर्घटना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया जी।** रविवार सुबह पटना-रांची जनशताब्दी एक्सप्रेस में अचानक ब्रेक बाइडिंग की तकनीकी खराबी उत्पन्न होने से बड़ा हादसा टल गया। गया-कोडरमा सेक्शन के बंधुआ स्टेशन के पास ट्रेन के एक कोच से धुआं उठने लगा जिससे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। कई यात्री घबरा कर कोच से बाहर निकलने की कोशिश करने लगे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ट्रेन को तुरंत बंधुआ स्टेशन के पास रोका गया। सुबह 8:40 से 9:05 बजे तक ट्रेन रेल फाटक के आगे खड़ी रही। मौके पर आरपीएफ और रेलवे कर्मचारी पहुंचे और यात्रियों को शांत किया। तकनीकी सूत्रों के अनुसार ब्रेक बाइडिंग में अत्यधिक घर्षण होने के कारण धुआं उत्पन्न हुआ। रेलवे तकनीकी टीम ने मौके पर जांच कर समस्या को दूर किया। लगभग 25 मिनट की मेहनत के बाद ट्रेन को सुरक्षित रूप से फिर से रवाना किया गया। इस घटना के कारण अन्य ट्रेनों का परिचालन भी प्रभावित हुआ। विशेष रूप से पटना-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस की आवाजाही कुछ समय के लिए बाधित रही। हालांकि स्थिति सामान्य होते ही सभी ट्रेनों का परिचालन बहाल कर दिया गया। रेलवे प्रशासन ने राहत की सांस ली कि समय रहते उचित कार्रवाई के कारण किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सका। इस घटना ने सुरक्षा की अहमियत को दोबारा उजागर किया और यह स्पष्ट किया कि तकनीकी समस्याओं के समय त्वरित प्रतिक्रिया बेहद जरूरी है।

## गया जंक्शन पर 45 दिनों बाद रेल सेवाएं बहाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** गया जंक्शन पर पिछले लगभग 45 दिनों से प्रभावित रेल सेवाएं आज पूरी तरह बहाल हो गईं। प्लेटफॉर्म संख्या 2 और 3 के पुनर्विकास काम के कारण 21 मार्च तक मेगा ब्लॉक लागू किया गया था जिससे कई ट्रेनों का संचालन बाधित रहा। अब इन प्लेटफॉर्मों पर ट्रेनों का परिचालन फिर से शुरू हो गया है जिससे रेल यातायात धीरे-धीरे सामान्य हो रहा है। मेगा ब्लॉक के दौरान गया से पटना के बीच चलने वाली कई ट्रेनों को रद्द कर दिया गया था या उनके रूट में बदलाव किया गया था। कुछ ट्रेनों को चाकंद स्टेशन से संचालित किया जा रहा था जिससे यात्रियों को अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही थी। इससे विशेषकर दैनिक यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थिति सामान्य होने के साथ ही गया से पटना के बीच नियमित रूप से ट्रेनों का संचालन शुरू हो गया है। चाकंद से पटना के लिए चलने वाली सभी मेमू ट्रेनें अब सीधे गया जंक्शन से ही संचालित हो रही हैं। इससे यात्रियों को समय और दूरी दोनों की बचत हो रही है और उनकी यात्रा पहले की तुलना में अधिक सुविधाजनक हो गई है।

## बिहार के स्थापना दिवस पर मैराथन फॉर बिहार का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**गया।** बिहार का 114वां स्थापना दिवस के अवसर पर टावर चौक से गांधी मैदान तक मैराथन फॉर बिहार का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ अपर समाहर्ता परितोष कुमार, उप विकास आयुक्त शैलेश कुमार सहित वरीय पदाधिकारी एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मैराथन फॉर बिहार कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाकर टावर चौक से रवाना किया गया, जो गांधी मैदान के स्टेडियम में जाकर समाप्त हुआ। इस कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी विद्यालयों के छात्र-छात्राएं की अच्छी भागीदारी देखी गयी। गांधी मैदान में अपर समाहर्ता परितोष कुमार ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं छात्र-छात्राओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि बिहार दिवस के अवसर पर लोगों को संदेश दिया जा रहा है कि बिहार के गौरवशाली इतिहास को बनाए रखते हुए संकल्प लें कि सभी प्रकार से गया जिला को पूरे बिहार में अव्वल रखें। उन्होंने कहा कि पूरे बिहार में संरचनाओं का विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार अपने ऐतिहासिक, आध्यात्मिक एवं मोक्ष प्रदाता के रूप में जाना जाता है। इस राज्य ने सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक समन्वय स्थापित कर मानवता को प्रकाशित किया है। जिलेवासियों से अपील किया कि बिहार की गरिमा को बरकरार रखना है तथा विकास के पथ पर अग्रसर हेतु सहयोग देने की अपेक्षा की है। कार्यक्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला जन संपर्क पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, सदर, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी सुरभि बाला, वरीय उपसमाहर्ता नेहा, अमृता एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी, स्वतंत्रता सेनानी, समाजसेवी जितेंद्र कुमार, धर्मेंद्र कुमार शामिल हुए।

## एक नजर

### विभिन्न मामलों में चार अभियुक्त गिरफ्तार, भेजे गए न्यायालय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डोभी/गयाजी।** गया जिले के डोभी थाना क्षेत्र में पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए अलग-अलग मामलों में चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया। पुलिस के अनुसार डोभी थाना कांड संख्या 114/17 के प्राथमिक अभियुक्त पिंटू कुमार (पिता-शामदेव चौधरी उर्फ श्याम देव चौधरी), निवासी पासी टोला को गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही एनबीडब्ल्यू वारंटी जीआर संख्या 16/17 (डोभी 61/17) के तहत फरार चल रहे अभियुक्त सुरेश चौधरी (पिता-टेंगर चौधरी), निवासी केसापी, थाना-डोभी, जिला-गया को भी गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं एक अन्य मामले में एनबीडब्ल्यू वारंटी संख्या 551/23 एवं कंप्लेंट केस संख्या 34/24 के तहत दो अभियुक्त–रौशन कुमार और रूपेश कुमार (दोनों पिता- विजय यादव), निवासी अकौनी, थाना-डोभी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। डोभी थाना पुलिस की इस लगातार कार्रवाई से फरार अभियुक्तों में हड़कंप मच गया तथा क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को लेकर सख्ती का संदेश गया है।

### फरसा से जानलेवा हमला, पिता-पुत्र गंभीर, तीन नामजद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** कोंच थाना क्षेत्र के कैयाटांड गांव में आपसी विवाद को लेकर फरसा से जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घटना में पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए जिनका इलाज पटना में चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 18 मार्च को मनीष कुमार (36) घर के बाहर सरसों पीट रहे थे। आरोप है कि गांव के ही एक युवक ने फरसा से उन पर हमला कर दिया। वार से उनका हाथ गंभीर रूप से जख्मी हो गया। बचाव में पहुंचे उनके पिता धीरेंद्र कुमार पर भी लाठी से हमला किया गया जिससे वे घायल हो गए। घटना के बाद ग्रामीणों के जुटने पर आरोपी फरार हो गए। घायलों को मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल, गया से पटना रेफर किया गया। थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने रविवार को बताया कि कांड संख्या 73/26 दर्ज कर आशुतोष कुमार, राम परीखा सिंह और जयमाला देवी को नामजद किया गया है और जांच जारी है।

### वर्षों से फरार वारंटी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खिजरसराय।** खिजरसराय पुलिस ने वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे 'विशेष समकालीन अभियान' के तहत खिजरसराय थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी उपेंद्र यादव को गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार खिजरसराय थाना क्षेत्र के वक्थर गांव में छापेमारी कर उपेंद्र यादव (पिता-सुखदेव यादव) को गिरफ्तार किया गया। आरोपी कांड संख्या 82/83 में कई वर्षों से वांछित था और गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपना ठिकाना बदल रहा था। खिजरसराय थानाध्यक्ष दिनेश कुमार महतो ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए कहा कि विशेष समकालीन अभियान के तहत पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए फरार वारंटी उपेंद्र यादव को उसके पैतृक गांव वक्थर से गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों में भय कायम करने के उद्देश्य से की गई है। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### महुआ शराब एवं बाइक के साथ युवक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खिजरसराय।** पुलिस को आज एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर महुआ शराब के साथ प्रयुक्त मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया। प्रातः गश्ती के दौरान पुलिस बल को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि जहानाबाद की ओर से एक व्यक्ति अवैध शराब लेकर खिजरसराय क्षेत्र में प्रवेश करने वाला है। सूचना के आलोक में त्वरित कार्रवाई करते हुए गौहरपुर तीन मुहानी के पास सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान एक काले रंग की ग्लैमर मोटरसाइकिल जिसमें से 10 लीटर देशी महुआ शराब बरामद की गई। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान-कारू कुमार (उम्र 31 वर्ष) ईश्वर प्रसाद-ग्राम-ततोवा का रहने वाला है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार महतो ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजने हेतु अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

### अनियंत्रित ट्रक सड़क किनारे लगे बिजली के खंभों से टकराया, ट्रक जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** प्रखंड के उतरैन बाबू मोड़ के समीप शनिवार शाम एक अनियंत्रित ट्रक सड़क किनारे लगे बिजली के दो लोहे के खंभों से जा टकराया। हादसे में दोनों पोल टूट गए जिससे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। हालांकि बिजली विभाग ने तत्परता दिखाते हुए रविवार को आपूर्ति बहाल कर दी। घटना के बाद पुलिस ने ट्रक (हाइवा) को जब्त कर थाना ले आई। इस बीच चर्चा है कि बिजली विभाग के एसडीओ विशाल कुमार, ट्रक चालक/मालिक और विभाग के बीच क्षतिपूर्ति को लेकर आपसी समझौता हुआ है और वाहन छोड़ने की बात कही जा रही है। विभाग के जेई द्वारा भी पुलिस को इसी तरह की जानकारी दिए जाने की बात सामने आई है। इधर थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने बताया कि बिजली के पोल टूटने की सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ट्रक को जब्त कर लिया। उन्होंने कहा कि ट्रक की फिटनेस और अन्य तकनीकी पहलुओं की जांच के लिए जिला परिवहन पदाधिकारी को सूचना दे दी गई है। पुलिस का कहना है कि सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के मामले में नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही वाहन के दस्तावेजों की भी गहन जांच की जा रही है। ताकि भविष्य में इस तरह की लापरवाही की पुनरावृत्ति न हो। फिलहाल ट्रक पुलिस के कब्जे में है और बिजली विभाग के अधिकारी क्षति का आकलन करने में जुटे हैं।

## मां तारा नगरी केसपा में उमड़ी भक्तों की भीड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**टिकारी।** चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर प्रखंड अंतर्गत संसद आदर्श ग्राम केसपा स्थित लोक आस्था के महाकेंद्र मां तारा देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। नवरात्र को नारी शक्ति के पूजन का पर्व माना जाता है जहां भक्तगण श्रद्धा और भक्ति के साथ माता की आराधना में लीन हैं। विगत वर्ष बिहार सरकार द्वारा केसपा ग्राम में मां तारा देवी महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया था, लेकिन इस वर्ष महोत्सव के स्थगित होने से ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं में मायूसी देखी जा रही है। स्थानीय लोगों ने एक बार फिर बसंतीय नवरात्र के अवसर पर इस महोत्सव के आयोजन की मांग उठाई है। इसी क्रम में नवरात्र अष्टमी की रात्रि 26 मार्च को प्रसिद्ध लोकगीत गायक संतोष सुरीला द्वारा भक्ति संगीत की विशेष प्रस्तुति दी जाएगी जिसे लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है। अष्टमी की रात माता के भव्य श्रृंगार दर्शन के लिए दूर-दूर से लोग यहां पहुंचते हैं। आज भी मंदिर में दशकों पुरानी एक परंपरा चर्चा का विषय बनी हुई है। नवरात्र के प्रथम दिन से अष्टमी तक मंदिर के गर्भगृह में महिलाओं के प्रवेश पर रोक है। इसके बावजूद महिलाएं बड़ी संख्या में मंदिर पहुंचकर माता का दर्शन कर रही हैं। इस पर सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु शेखर ने इसे पुरुष प्रधान सोच की देन बताते हुए इस परंपरा में बदलाव की आवश्यकता पर बल दिया है। मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना के साथ हवन कुंड में विधिवत हवन किया जा रहा है। यहां स्थित हवन कुंड को लेकर श्रद्धालुओं के बीच विशेष आस्था है। यह अलौकिक कुंड आज तक कभी भरा नहीं है और अपने भीतर कई अलौकिक रहस्य समेटे हुए है। माता के दर्शन के बाद श्रद्धालु गांव में स्थापित भगवान बुद्ध की आदमकद प्रतिमा, गरुड़ पर सवार भगवान विष्णु तथा भगवान सूर्य की प्रतिमा के दर्शन भी कर रहे हैं जिससे इस क्षेत्र का धार्मिक महत्व और बढ़ जाता है। नवरात्र के अवसर पर मंदिर के आसपास अस्थायी दुकानों की भी सजावट हो गई है जहां पूजन सामग्री, प्रसाद और अन्य आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध हैं।

## सीआरपीएफ जवान से चेन स्नैचिंग

**गयाजी।** गयाजी में गर्मी आते ही चेन स्नैचिंग की घटना हो रही है। खास बात यह कि अक्सर महिलाओं से चेन स्नैचिंग की घटना सुनने को मिलती है, लेकिन इस बार झपटमारों ने दुस्साहस दिखाते सीआरपीएफ के जवान से सोने की चेन गले से झपटकर फरार हो गए। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सिद्धार्थपुरी रोड नम्बर दो के पास की है। पीड़ित ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सीआरपीएफ जवान विक्रम कुमार ने बताया कि झपटमारों ने 20 ग्राम सोने की चेन झपट ली। करीब 3 लाख रुपए का नुकसान एक ही झटके में हो गया। इस पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। विक्रम कुमार ने बताया कि वह जिले के अतरी विधानसभा क्षेत्र के पुनाड़ गांव का रहने वाला है।

## पखनौरिया क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब चन्दोखरा टीम ने किया अपने नाम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गुरुआ।** प्रखंड के काज पखनौरिया फील्ड में न्यू आदर्श क्लब द्वारा पहली बार आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रविवार को चन्दोखरा और केन्दुआ टीम के बीच खेला गया। टूर्नामेंट का आयोजन नव युवक क्लब के डायरेक्टर कुंदन शर्मा द्वारा किया गया। फाइनल मुकाबले का उद्घाटन काज पंचायत के मुखिया रितेश कुमार सिंह ने फीता काटकर किया।

फाइनल में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए केन्दुआ टीम ने 11 ओवर में 92 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में चन्दोखरा टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मात्र 7 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर मुकाबला अपने नाम कर लिया। चन्दोखरा टीम के सोनू कुमार ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष सौरभ राज उपस्थित रहे। उन्होंने विजेता टीम चन्दोखरा को शील्ड प्रदान कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। मौके पर गौतम कुमार ठाकुर, मुखिया रितेश कुमार सिंह, सरपंच बसंत सिंह, समिति पति रामनाथ पासवान, बिक्रम कुमार पासवान, शिक्षक संजीत कुमार, अभिषेक कुमार समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे। टूर्नामेंट के सफल आयोजन पर क्षेत्रवासियों ने आयोजकों को बधाई दी।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

**ई–निविदा नोटिस सं.–72 ऑफ 2025–26/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू ।**

मंडल रेल प्रबन्धक / इंजीनियरिंग /डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारो से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है। **1. निविदासं.–35–डीडीयू– म.इंजी.–मुख्यालय –25–26, कार्य का नाम एवं लोकेशन:** डीडीयू में मंडल रेलवे अस्पताल का उन्नयन/सुधार। **कार्य का अनुमानित लागत:** रू. 18628932.52, **धरोहर राशि:** रू. 372600.00

**निविदा सं.–37–डीडीयू–म.इंजी.–मुख्यालय–25–26, कार्य का नाम एवं लोकेशन:** पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन–डीडीयू में विभिन्न आरपीएफ पोस्ट का सुधार। **कार्य का अनुमानित लागत:** रू. 16522550.40, धरोहर राशि: रू. 330500.00

**ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय:** 15.04.2026 को 12:00 बजे तक, **बेवसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी:** www.ireps.gov.in

**नोट:** विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा ।

कृते मंडल रेल प्रबन्धक,
पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/1964/डीडीयू/ईएनजीजी/टी/25–26/40

संपादकीय

# राहत दी भी और नहीं भी!

विजयपुर के कांग्रेस विधायक मुकेश मल्होत्रा की विधायकी को लेकर सुप्रीम ने जो अंतरिम राहत दी है, वह एक अर्थ में राहत है भी दूसरे अर्थ में नहीं भी है। फिलहाल विधायक मल्होत्रा को इतना लाभ ही मिला है कि इस मामले में अदालत का अंतिम फैसला होने तक वो विधायक बने रहेंगे। अंतिम फैसला क्या आता है, इस पर सभी की नजर रहेगी। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की डबल बेंच ने मुकेश मल्होत्रा को विधायक के रूप में जारी रखने की अनुमति तो दी है, लेकिन अंतिम फैसला आने तक कुछ पाबंदियां भी लगाई हैं। जैसे कि मुकेश जून में होने वाले राज्यसभा के चुनाव में वोट नहीं डाल सकेंगे। मामले पर अंतिम निर्णय होने तक उन्हें विधायक के रूप में मिलने वाले वेतन भत्ते भी नहीं मिलेंगे। क्षेत्र के विकास के लिए विधायक निधि नहीं मिलेगी। इस मामले पर अगली सुनवाई 23 जुलाई को होगी। हालांकि विधायक मुकेश मल्होत्रा ने शीर्ष अदालत के इस फैसले पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने जो सम्मानजनक फैसला दिया है, उससे मैं संतुष्ट हूं। ये विजयपुर की जनता के एक-एक मत की जीत है। पूर्व मंत्री रामनिवास रावत आरोप लगा रहे थे कि मैंने केस छिपाए हैं। मैंने कोई केस नहीं छिपाए। मैं अपने क्षेत्र के के विकास के लिए संघर्ष करता रहूंगा। सदन में भी प्रश्न उठाता रहूंगा। विजयपुर विधानसभा सीट का यह मामला इसलिए भी दिलचस्प है कि इससे जुड़े पक्ष दलबदलू हैं। 2025 में कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री रामनिवास रावत ने पार्टी में अपनी उपेक्षा से नाराज होकर भाजपा ज्वाइन कर ली थी और मुख्यामंत्री डॉ.मोहन यादव ने कैबिनेट मंत्री भी बना दिया था। जबकि मुकेश मल्होत्रा पहले भाजपा में ही थे, तब सरकार ने उन्हें सहारिया प्राधिकरण का अध्यक्ष और दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री बनाया था। 2023 में पार्टी द्वारा टिकट न देने से दुखी होकर मुकेश ने निर्दलीय विधानसभा चुनाव लडा था। मुकेश आदिवासी समुदाय से हैं। उन्हें चुनाव में आदिवासियों के 45 हजार वोट मिले। बाद में रामनिवास रावत के विधायक के रूप में इस्तीफे के बाद विजयपुर सीट पर फिर से चुनाव हुआ तो कांग्रेस ने जनरल सीट पर आदिवासी मुकेश मल्होत्रा को उतारकर तगड़ा दांव चला और वो मंत्री रामनिवास रावत को हराकर चुनाव जीत गए। रावत का हारना मुख्य मंत्री यादव के लिए भी झटका था। मुकेश की इस जीत के खिलाफ रावत हाईकोर्ट में गए। कोर्ट ने मुकेश मल्होत्रा का निर्वाचन इस आधार पर शून्य घोषित कर दिया कि उन्होंने अपने नामांकन के साथ झूठा शपथ पत्र दिया तथा उन पर दर्ज सभी आपराधिक मुकदमों की सही जानकारी नहीं दी। सबूतो और कानून के आधार पर हाई कोर्ट की ग्वालियर बेंच ने मुकेश मल्होत्रा का चुनाव शून्य घोषित कर पराजित रामनिवास रावत को निर्वाचित घोषित कर दिया। इसके खिलाफ मुकेश सुप्रीम कोर्ट पहुंचे, जहां अदालत ने उन्हें अंतरिम राहत दी है। हालांकि खुद मुकेश और कांग्रेस इसे अपनी और जनता की जीत बता रहे हैं, जोकि सही नहीं है। कहा तो यहां तक गया कि सर्वोच्च अदालत ने मुकेश पर लगे आरोपों को ही खारिज कर दिया है, लेकिन हकीकत यह है कि कोर्ट ने मुकेश का निर्वाचन तो कायम रखा है, लेकिन उनसे बाकी अधिकार छीन लिए हैं। ऐसे में विधायकी बच तो गई है, लेकिन वह संदेह से परे नहीं है। असल मुद्दा यह है कि मुकेश मल्होत्रा ने झूठा शपथ पत्र दिया। क्योंकि उन्होंने उन पर दर्ज सभी आपराधिक मामलों की जानकारी चुनाव आयोग को नहीं दी। इस फैसले का सीधा रास चुनाव में कांग्रेस की संभावनाओंपर पड़ेगा, क्योंकि एक और वोट कम हो गया है।

# गरीबी को केवल आर्थिक समस्या मान लेना गंभीर भूल

**दुनिया आज मानो युद्ध के मुहाने पर बैठी है। लगभग हर देश अपनी शक्ति, सत्ता और संसाधनों पर नियंत्रण बढ़ाने के होड़ में लगा हुआ है। लेकिन इतिहास गवाह है कि इस प्रकार के संघर्षों में सबसे अधिक प्रभावित वही वर्ग होता है, जो पहले से ही गरीबी की सबसे निचली सीढ़ी पर खड़ा है। दुनिया के मेहनतकश मजदूर कई आर्थिक कठिनाइयों से घिरे हैं। करोड़ों श्रमिक भूखे रहते हैं, दूषित पानी पीते हैं, जानलेवा बीमारियों से ग्रसित हैं, अपने बच्चों को मरते हुए देखते हैं, दस वर्ष की आयु से पहले अपने बच्चों को काम पर भेजते हैं, अंजाने या मजबूरी में कम वेतन के लिए घंटों देर तक काम करते हैं, अपने आप को बेरोजगार पाते हैं, झुग्गियों में रहते हैं जहाँ न पेयजल की सुविधा होती है और न जल के निकास की कोई व्यवस्था। जहरीली हवा में साँस लेते हुए हर दिन क्रूरता और दमन सहते हैं।**

**डॉ. नरेश गौतम**

गरीबी पर चर्चा अकसर केवल संसाधनों की कमी अथवा न्यूनता के नजरिए से की जाती है, जबकि वास्तविक संकट संपत्ति और सत्ता के असमान तथा आक्रामक तरीके के केंद्रीकरण का है। जब समाज के अधिकांश संसाधन व संपत्ति कुछ गिने-चुने लोगों के हाथों में सिमट जाती है, तब बहुसंख्यक आबादी के हिस्से में अभाव, असुरक्षा और परनिर्भरता ही आती है।

वैश्विक स्तर पर असमानता इस हद तक बढ़ चुकी है कि हाल के वर्षों में दुनिया में उत्पन्न नई संपत्ति का लगभग 82 प्रतिशत हिस्सा केवल शीर्ष के 1 प्रतिशत आबादी के हाथों में केंद्रित हो गया है। जबकि दुनिया की आधी आबादी की संपत्ति में कोई उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हुई है। यह दर्शाता है कि आर्थिक विकास का लाभ व्यापक समाज तक पहुँचने के बजाय उच्चवर्ग तक सिमटता जा रहा है।

भारत में भी तस्वीर इससे अलग नहीं है। विभिन्न असमानता संबंधी रिपोर्टों के अनुसार भारत में कुल संपत्ति का लगभग 65 प्रतिशत हिस्सा सबसे धनी 10 प्रतिशत आबादी के पास है, जबकि लगभग 40 प्रतिशत संपत्ति केवल शीर्ष 1 प्रतिशत के नियंत्रण में है। ऑक्सफैम के आँकड़ों के अनुसार वर्ष 2017 में भारत में पैदा हुई कुल नई संपत्ति का लगभग 73 प्रतिशत हिस्सा सबसे अमीर 1 प्रतिशत के पास चला गया, जबकि निचले 50 प्रतिशत यानी लगभग 67 करोड़ लोगों की संपत्ति में केवल 1 प्रतिशत वृद्धि हुई। इसका मतलब यह है कि अमीरी केवल बढ़ नहीं रही, बल्कि आर्थिक संसाधनों का प्रवाह नीचे से ऊपर की ओर लगातार स्थानांतरित हो रहा है।

संपत्ति का यह असंतुलित केंद्रीकरण केवल आर्थिक तथ्य तक सीमित नहीं है, बल्कि सत्ता संरचना की भी हक़ीक़त है। जब समाज की पूँजी, संसाधन और आर्थिक ताकत सिर्फ उच्च वर्ग के हाथों में सिमट जाती है, तो वही वर्ग नीतियों, मीडिया, उपभोग की सामग्री और सार्वजनिक विमर्श, नीति निर्माण की दिशा तय करने लगता है। लोग क्या पहनेंगे, क्या खाएँगे, कैसे जीवन जिएंगे यह सब यही वर्ग तय करता है। इस व्यवस्था की जड़ें उस



ऐतिहासिक सामाजिक सोच में भी मिलती हैं जो समाज को बराबरी के आधार पर नहीं बल्कि ऊँच-नीच, जातिगत वर्चस्व और सामाजिक पदानुक्रम के पैमाने पर बाँटती रही है। आर्थिक असमानता जब सामाजिक विषमता के साथ मिलती है, तो वह और अधिक गहरी हो जाती है। परिणामस्वरूप गरीबी केवल संसाधनों की कमी नहीं रहती, बल्कि सत्ता अपनी ताकत और छ्ल कपट से इसको विस्तार देती है।

गरीबी को समझने के लिए सामान्यतः तीन अवधारणाओं की चर्चा की जाती है- निरपेक्ष गरीबी, सापेक्ष गरीबी और आत्मिक गरीबी। निरपेक्ष गरीबी वह स्थिति है जहाँ भोजन, आवास, स्वास्थ्य और जीवन की बुनियादी आवश्यकताएँ ही पूरी नहीं हो पातीं। सापेक्ष गरीबी का संबंध उस स्थिति से है, जहाँ व्यक्ति या समुदाय समाज के औसत जीवन स्तर से बहुत नीचे जीवन जीने को मजबूर होता है। लेकिन एक तीसरी और अधिक गंभीर स्थिति है, आत्मिक या आंतरिक गरीबी, जहाँ समाज मानवीय संवेदना, सामाजिक दायित्व और सामूहिक संघर्ष की चेतना से दूर होता जाता है।

सरकारी और सांख्यिकीय विमर्श अकसर पहले दो स्तरों तक ही सीमित रहता है। यह गिना जाता है कि कितने लोग गरीबी रेखा के नीचे हैं और कितनों ने उसे पार कर लिया है। भारत के बहुआयामी गरीबी सूचकांक के अनुसार 2015-16 से 2019-21 के बीच लगभग 13.5 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर आए और आज लगभग 15 प्रतिशत आबादी बहुआयामी रूप से गरीब मानी जाती है। लेकिन इन आँकड़ों के बावजूद असमानता की खाई लगातार गहरी होती जा रही है। इससे स्पष्ट होता है कि केवल गरीबी रेखा के ऊपर-नीचे की गणना से समस्या का समाधान संभव नहीं है।

आत्मिक गरीबी की अवधारणा इस स्थिति की ओर संकेत करती है, जब व्यक्ति या समाज यह पूछने की शक्ति खो देता है कि असमानता क्यों है। वह व्यवस्था पर प्रश्न उठाने के बजाय उसी असमान सीढ़ी पर ऊपर चढ़ने का सपना देखने लगता है। यह मानसिकता पूँजीवादी व्यवस्था को वैधता और स्थिरता देती है, क्योंकि लोग असमानता के ढाँचे को चुनौती देने के बजाय उसी के भीतर अपनी जगह तलाशने लगते हैं।

धीरे-धीरे व्यक्ति श्रम की गरिमा, सामाजिक न्याय और सामुदायिक हित जैसे मूल्यों से दूर होने लगता है। उसकी जगह उपभोग, संग्रह और दिखावटी समृद्धि की प्रवृत्ति ले लेती है। विज्ञापन, सोशल मीडिया और बाजारवादी संस्कृति मिलकर ऐसी इच्छाएँ पैदा करते हैं। यह आम इंसान की आय से कहीं अधिक होती है, लेकिन वह इन्हीं मानकों के आधार पर अपनी सफलता या विफलता को मापने लगता है।

इस प्रक्रिया में संवेदनशील नागरिक का रूपांतरण एक उपभोगवादी व्यक्ति में होने लगता है। वह अपने अधिकारों, श्रम-सम्मान और सामाजिक न्याय के प्रश्नों की जगह ऑफ़र, छूट और राहत योजनाओं को ही जीवन की मुख्य चिंता मानने लगता है। व्यवस्था से सवाल पूछने के बजाय वह उसी व्यवस्था से कुछ लाभ पाने की उम्मीद से कतारों में खड़ा रहना कबूल कर लेता है। यही वह आत्मिक दरिद्रता है जो अन्याय के खिलाफ खड़े होने की शक्ति को धीरे-धीरे कमजोर कर देती है।

दरहक़ीक़त, भारत में गरीबी का बने रहना केवल आर्थिक विफलता का परिणाम नहीं है; यह एक गहरी राजनीतिक वास्तविकता है। स्वतंत्रता के सात से अधिक दशकों बाद भी जब करोड़ों लोग गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य और सम्मानजनक जीवन से वंचित हैं, तो यह केवल प्रशासनिक अक्षमता का प्रश्न नहीं, बल्कि उस राजनीतिक इच्छा-शक्ति की अनुपस्थिति का संकेत भी है जो असमानता को जड़ से चुनौती दे सके।

बहुआयामी गरीबी सूचकांक के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 19 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में लगभग 5 प्रतिशत आबादी अभी भी बहुआयामी गरीबी का सामना कर रही है। यह ग्रामीण-शहरी अंतर जाति, वर्ग और लिंग आधारित विषमताओं के साथ मिलकर एक जटिल सामाजिक-राजनीतिक संरचना विकसित करता है। जब समाज का एक बड़ा हिस्सा अभाव और असुरक्षा में जीता है, तब उसे चुनावी नारों, राहत योजनाओं और अस्थायी सहायता के जरिए अपेक्षाकृत आसानी से बहलाया फुसलाया जा सकता है। इस तरह गरीबी कई बार राजनीति का सुविधाजनक औजार बन जाती है, न कि वास्तव में हल की जाने वाली समस्या। स्वतंत्रता के समय भारत ने एक ऐसे राष्ट्र का सपना देखा था जो शिक्षित, समतामूलक और समृद्ध होगा। लेकिन शुरुआती दशकों में सत्ता-संरचनाओं को स्थिर करने की प्रक्रिया में गरीबी, भूख, बेरोजगारी और स्वास्थ्य जैसे मूलभूत प्रश्न लंबे समय तक घोषणाओं और भाषणों तक ही सीमित रहे।

अध्यात्म

## संत की दुखी व्यक्ति को सीख

एक व्यक्ति समुद्र के किनारे घूम रहा था। मौसम बहुत सुहावना था। समुद्र की लहरें धीरे-धीरे किनारे से टकरा रही थीं। उस व्यक्ति की समुद्र में नहाने की इच्छा हुई। तभी उस व्यक्ति की नजर किनारे पर पड़ी एक चमकदार छड़ी पर गई। उसने उसे उठाकर देखा तो पता चला कि वह चांदी की छड़ी है। व्यक्ति ने सोचा, 'अगर मैं इस छड़ी को यहीं छोड़कर नहाने गया तो कोई इसे उठा ले जाएगा।' इसलिए वह छड़ी को अपने साथ लेकर ही समुद्र में नहाने चला गया।

वह आराम से पानी में नहा ही रहा था कि अचानक समुद्र में एक बड़ी लहर आई। उस तेज लहर के कारण उसके हाथ से छड़ी फिसल गई। देखते ही देखते वह छड़ी समुद्र की लहरों के साथ दूर बह गई और खो गई। अब वह व्यक्ति बहुत दुखी हो गया। वह बार-बार समुद्र की तरफ देखने लगा और सोचने लगा कि काश उसकी छड़ी वापस मिल जाए। वह किनारे पर बैठकर उदास हो गया। उसी समय वहां से एक संत गुजर रहे थे। उन्होंने उस व्यक्ति को दुखी देखा तो उसके पास आकर पूछा, 'बेटा, तुम इतने परेशान क्यों बैठे हो? '

व्यक्ति ने दुखी होकर कहा, 'मेरी चांदी की छड़ी समुद्र में बह गई है।' संत ने पूछा, 'तुम छड़ी लेकर समुद्र में नहाने क्यों गए थे?' व्यक्ति बोला, 'अगर मैं छड़ी को किनारे पर रखकर नहाने जाता तो कोई उसे उठा ले जाता।' संत ने फिर पूछा, 'तुम चांदी की छड़ी लेकर यहां क्यों आए थे? '

यह सुनकर व्यक्ति ने कहा, 'मैं छड़ी लेकर नहीं आया था। मुझे यह छड़ी यहीं किनारे पर पड़ी हुई मिली थी।' यह बात सुनते ही संत मुस्कुराने लगे। उन्होंने कहा, 'जब वह छड़ी तुम्हारी थी ही नहीं, तो उसके खोने पर इतना दुख क्यों कर रहे हो?' संत की बात सुनकर व्यक्ति को अपनी गलती समझ में आ गई। उसे एहसास हुआ कि वह उस चीज के लिए दुखी हो रहा था जो कभी उसकी थी ही नहीं। वह संत को प्रणाम करके शांत मन से अपने घर लौट गया।

अक्सर लोग अपनी खुशियों को भूलकर दूसरों की चीजों के बारे में सोचने लगते हैं। इससे मन में दुख और असंतोष बढ़ता है। बेहतर जीवन के लिए जरूरी है कि हम अपनी चीजों और अपने जीवन पर ध्यान दें और संतुष्ट रहें। कई बार हम ऐसी चीजों के लिए चिंता करते हैं जो हमारे नियंत्रण में ही नहीं हैं। इससे मानसिक तनाव बढ़ता है। जो हमारे हाथ में है, उसी पर ध्यान देना चाहिए। कहानी का व्यक्ति छड़ी को अपने पास रखना चाहता था, इसलिए उसे समुद्र में भी साथ ले गया। लालच अक्सर परेशानी की वजह बनता है।

# चुनावी कवरेज की भी है लक्ष्मण रेखा!

**अब जबकि पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों की रणभेरी बज चुकी है तो हमारे मीडिया जगत में भी इन दिनों ईरान-अमरीका के युद्ध के बाद यही खबर खास है। उत्तर भारत में बंगाल और असम विमर्श के केंद्र रहेंगे तो दक्षिण क्षेत्र में केरल, तमिलनाडु और पुड्डिचेरी के चुनाव चर्चा के केंद्र में रहेंगे। भारत जैसे बड़े लोकतंत्र में चुनाव प्रक्रिया की समझ और उसका कवरेज बहुत आसान नहीं है। चुनावों में न सिर्फ मीडिया की जिम्मेदारी बहुत बढ़ जाती है वरन स्वस्थ लोकतंत्र के विकास में यह चुनौतीपूर्ण भी हो जाती है। चुनाव के दौरान मीडिया की विश्वसनीयता भी दांव पर लग जाती है और यह कहना बहुत कठिन है कि वह इसमें कितना खरा उतरता है।**

**प्रो.संजय द्विवेदी**

भारत जैसे महादेश की विशाल संरचना, विविध भाषाएं, क्षेत्रीय अस्मिताएं, आकांक्षाएं, जाति चेतना, शिक्षा का विविध स्तर जिस तरह सामने आते हैं, उसमें कोई संतुलित दृष्टि बना पाना वास्तव में आसान नहीं होता। प्रिंट मीडिया ने तो लंबे अनुभव से इसमें एक परंपरागत कौशल अर्जित कर लिया है लेकिन इलेक्ट्रानिक मीडिया को अभी इस क्षेत्र में लंबा मुकाम तय करना है।

भारत जैसे विशाल लोकतंत्र की तमाम खूबियों के बावजूद तमाम बुराइयां भी हैं जो चुनाव के समय ज्यादा प्रकट रूप में सामने आती हैं। मीडिया भी हमारे संसदीय लोकतंत्र बुराइयों से बच नहीं पा रहा है। चुनावी कवरेज में भी पैकेज का खेल शुरू हो गया है, जिससे जनतंत्र मजबूत तो नहीं हो रहा है, उल्टे मीडिया की विश्वसनीयता पर भी सवालिया निशान उठने लगे हैं। हालांकि सब कुछ बुरा ही है ऐसा सोचना ठीक नहीं किंतु विचार का बिंदु यह है कि हम अपनी चुनावी कवरेज या रिर्पोटिंग की प्रामणिकता और विश्वसनीयता कैसे बचाएं। कई बार मीडिया अपनी तरफ से एजेंडा सेट कर लेता है और जमीनी हकीकत उससे उलट होती है, तब दंभी राजनीति मीडिया को लांछित करने का कोई मौका नहीं छोड़ती। जाहिर तौर पर चुनावी कवरेज को हमें इस स्तर पर ले जाना होगा ताकि कोई राजनीतिक दल मीडिया के आंकलनों का मजाक न बना सके। यहां यह करते हुए हमें अपनी सीमाओं का भी ध्यान रखना होगा कि हम जाने- अनजाने किसी के हाथ का खिलौना तो नहीं बन रहे हैं।

पत्रकार की राजनीतिक विचारधारा हो सकती है और बहुत संभव है कि वह अपनी राजनितिक विचारधारा को राज करते देखने का भी आकांक्षी भी हो। किंतु उसकी 'पोलिटिकल लाइन' कहीं 'पार्टी लाइन' में तो नहीं बदल रही है, इसे उसे सचेत होकर देखना होगा। अपनी निगहबानी और निगरानी उसे खुद करनी होगी, यही चुनावी कवरेज की लक्ष्मण रेखा भी है। तभी वह अपने व्यवसाय के प्रति ईमानदार रह पाएगा। यहां सवाल यह भी उठता है कि क्या पत्रकार की व्यक्तिगत ईमानदारी से काम चल जाएगा ? मीडिया संस्थानों के प्रबंधकों को भी इसमें योगदान देना होगा। एक तरफ पत्रकार का मिशन तो दूसरी ओर मीडिया प्रबंधकों और संस्थान का एजेंडा जिसे व्यवसाय की आड़ में पत्रकारिता को कलंकित करने की छूट होती है, इससे बचना होगा।

चुनाव रिर्पोटिंग दरअसल बच्चों का खेल नहीं है यह एक सावधानी पूर्ण कर्म है जिसे अनुभव, अध्ययन, प्रदेश की सामाजिक, आर्थिक, जातीय स्थितियों और सामाजिक ताने- बाने को समझे बिना नहीं किया जा सकता। जनता की आंख और कान होने का दावा करने वाले मीडिया की जिम्मेदारी है कि वह सही तथ्यों को जनता के सामने रखे और प्रतिनिधि का रिर्पोट कार्ड बिना हील-हुज्जत के लोगों को बताए। सिर्फ जातीय समीकरणों के आधार होने वाली रिर्पोटिंग से आगे बढ़कर मुद्दों को आगे लाने की कोशिश भी मीडिया की एक बड़ी जिम्मेदारी है। आज खबर पहले




दिखाने की होड़ जिस दौर में पहुंच गयी है वहां पत्रकारों की चिंताएं बहुत बढ़ गयी हैं। रिर्पोटिंग का स्वभाव भी सुविधाओं की गोद में बैठने का होता जा रहा है, जबकि जमीन पर उतरे बिना सच्चाई सामने नहीं आती है। प्रायः पत्रकार बहुत अंदर के गांवों और गिरिवासी, वनवासी क्षेत्रों में नहीं जाते। जिससे वहां चलने वाली हलचलों का पता नहीं चल पाता। इससे तमाम क्षेत्रों की सही तस्वीर सामने नहीं आ पाती। जिन सर्वेक्षणों के चलते मीडिया का विश्वसनीयता सर्वाधिक प्रभावित हो रही है उसे करने वाली कंपनियों की भी विश्वसनीयता दांव पर रहती है। पर प्रायः ये सर्वेक्षण सच के करीब नहीं आ पाते। यह भी सोचने की बात है कि कई बड़ी मीडिया कंपनियां अब राजनीतिक दलों से मिलकर सर्वे के परिणामों में उलटफेर करती हैं। यह सोचना भी बहुत डरावना है कि ऐसे में उस साख का क्या होगा जिसे लेकर मीडिया जनता के बीच आदर पाता है। प्रिंट माध्यम में कई समाचार पत्र बाजार के तमाम दबावों के बावजूद बेहतर काम कर रहे हैं किंतु इलेक्ट्रानिक माध्यमों के सामने चुनौती बड़ी है। उन्हें न सिर्फ नजरिए में बदलाव लाना होगा वरन अपने माध्यम के दैनिक कर्म से अलग चुनावी कवरेज को गंभीर बनाना होगा। बाजार के हाथ का खिलौना हर कोई बनना चाहता है किंतु साख को कायम एक अलग ही बात है। न्यूज चैनलों को सही तस्वीर दिखाने के लिए आगे आना होगा। कैसे कोई वीआईपी इलाका बन जाता है तो कैसे कोई क्षेत्र बहुत पिछड़ा रह जाता है। विकास के साधनों की बंदरबांट और जनप्रतिनिधि की अपने क्षेत्र के बारे में सोच के प्रकटीकरण का चुनाव बेहद उपयुक्त माध्यम हैं। टीवी पर होने वाली बहसें भी कभी कभार छिछली चर्चा में तब्दील हो जाती हैं क्योंकि कई बार खुद एंकर की पकड़ विषय या क्षेत्र पर नहीं होती। अब जबकि चुनाव आयोग लगातार अपनी सक्रियता से चुनावों में कम से कम दिखने वाले कदाचारों को रोकने में तो सक्षम है, मीडिया को भी सिर्फ कार्रवाईयों के विवरण के बजाए अपनी सक्रियता दिखानी चाहिए ताकि आदर्श आचार संहिता का पालन राजनीतिक दलों के लिए अनिवार्य हो जाए। चुनावी कवरेज में कई बार बाहर से गए अनुभवी पत्रकार ज्यादा सच्चाईयां सामने ला सकते हैं। छोटे स्थान की अपनी सीमाएं होती हैं वहां नेता, प्रशासन, आपराधिक तत्वों का एक गठबंधन बन जाता है। सो स्थानीय पत्रकार भी कई बार भय के कारण भी सामने नहीं आ पाते ऐसे समय में वरिष्ठ पत्रकारों को कमान संभालनी चाहिए। मतदान का प्रतिशत बढ़ाने का प्रयास करते हुए रचनात्मक प्रयासों से मीडिया अपनी सामाजिक जिम्मेदारी भी निभा रहा है। अब जबकि हर साल देश में कहीं न कहीं चुनाव चलते ही रहते हैं, हमें अपने लोकतंत्र को सार्थक बनाने के लिए मीडिया के योगदान को एक वैज्ञानिक कर्म में बदल देना चाहिए। जिससे हम चुनावी कवरेज की ऐसी विधि विकसित कर सकें जिसमें आमजन की जागरूकता से राजनीति पर समाज का नैतिक नियंत्रण कायम हो सके। इससे मीडिया जनविश्वास तो हासिल करेगा ही लोकतंत्र को भी मजबूत बनाने में अपनी भूमिका निभा सकेगा।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आपको आज काफी अधिक काम करना पड़ेगा। प्रभावशाली व्यक्तियों से सहयोग मिलेगा। शेयर मार्केट के माध्यम से धन लाभ हो सकता है।

**वृषभ**
अपनी नौकरी से अत्यधिक प्रसन्न रहेंगे। परिवार के सदस्यों का माहौल अत्यन्त सहयोगात्मक रहेगा। फाइनेन्स से जुड़े मामलों के लिये दिन शुभ रहेगा।

**मिथुन**
जीवनसाथी की बातें आपको कड़वी लग सकती हैं। छात्र उच्च शिक्षा को लेकर अत्यधिक सजग रहेंगे। ऑफिस में कोई आवश्यक काम रुक सकता है।

**कर्क**
आपको अपनी प्रतिष्ठा की चिन्ता रहेगी। आपके काम अपेक्षानुसार पूरे नहीं होंगे। गूढ विद्याओं का अध्ययन करने के योग बन रहे हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**सिंह**
दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा। नये रिश्तों की शुरुआत कर सकते हैं। बड़े व्यावसायिक अनुबन्ध होने के योग बन रहे हैं। बड़ा सम्मान मिल सकता है।

**कन्या**
आपके स्वभाव में नरमी और सहजता रहेगी। सामाजिक मामलों पर मुखर होकर अपनी राय रखेंगे। चुनौतियों का डटकर मुकाबला करेंगे।

**तुला**
आपके ऊपर काम का काफी दबाव रहेगा। नया वाहन खरीदने के योग बन रहे हैं। अपनी पुरानी गलतियों को ठीक करने का प्रयास कर सकते हैं।

**वृश्चिक**
आज आप अत्यन्त प्रसन्न रहेंगे। कुछ लोग आपका विरोध कर सकते हैं। स्वभाव में थोड़ा स्वार्थीपन लाने से बचें। सन्तान के विवाह की परेशानी दूर होगी।

**धनु**
आपके विचार अत्यधिक सुलझे और रचनात्मक रहेंगे। व्यापार में बिक्री बढ़ने से आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। प्रेमीजन से अपने मन की बात कह सकते हैं। पिता आपकी प्रशंसा करेंगे।

**मकर**
व्यवसाय में आपको पारदर्शिता रखनी पड़ेगी। कार्यक्षेत्र में आपको बड़ा पद मिल सकता है। आपके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आयेगा। विदेश यात्रा की योजना बन सकती है।

**कुंभ**
नये कार्यों की शुरुआत कर सकते हैं। कलात्मक विषयों के प्रति आकर्षित रहेंगे। साझेदारी वाले व्यवसाय में आपको लाभ होगा। मित्रों के साथ समय बितायेंगे।

**मीन**
राजनेताओं को प्रतिष्ठा की चिन्ता हो सकती है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों का फोकस कमजोर हो सकता है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

## संक्षिप्त समाचार

### मारपीट छिनतई और आर्म्स एक्ट मामले में फरार दो आरोपी गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी थाना क्षेत्र के मणीचक मोहल्ले से मारपीट छिनतई आर्म्स एक्ट मामले में दो फरार आरोपी को पुलिस ने घर से गिरफ्तार किया है, गिरफ्तार आरोपियों में रुखा कुमार उर्फ गौतम कुमार पिता सियाशरण यादव मणिचक, वहीं दूसरा भोला कुमार उर्फ विशाल कुमार बैजनाथ प्रसाद है। दरअसल इस घटना के संदर्भ में बताया जाता है की वादी मुकेश कुमार पिता नरेश राम, सिपारा बेऊर निवासी ने बिते 7 अगस्त 2022 को मसौढी के कश्मीरगंज मोहल्ले में अपने एग्रीमेंट कराए जमीन को देखने गए थे, वहीं पर नामजद आरोपी रुखा कुमार और भोला कुमार एवं अन्य ने मिलकर मारपीट करते हुए ₹5000,और एटीएम और गाड़ी की चाबी छीन ली थी, और दो लाख रुपए का डिमांड किया और हवाई फायरिंग करते हैं दहशत मचाई थी, और जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि अगर जमीन रजिस्ट्री करवाई तो गोली मार देंगे इससे पहले इस दौरान वादी मुकेश कुमार के साले धर्मेंद्र कुमार रंजन पिता लाल बाबू को पिस्तौल से बट से मारकर जख्मी किया था।बहरहाल इसी मामले में दो आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

### रामनवमी पर राममय होगा पूरा मसौढी, तैयारी जोरों पर, पंचायती राज मंत्री से मिलकर दिया न्यौता

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जन्मोत्सव महारामनवमी को लेकर मसौढी में तैयारियां तेज हो गई हैं। ऐसे में श्री रामनवमी शोभा यात्रा समिति की ओर से तैयारियां जोरों पर की जा रही है,इस वर्ष रामनवमी जुलूस को भव्य, आकर्षक और अनुशासित तरीके से निकाला जाएगा। जिसको लेकर समिति की ओर से झंडा बैनर लगाने की तैयारियां जोरों पर की जा रही है वही श्री रामनवमी शोभा यात्रा में इस बार कई दिग्गज राजनीतिक हस्ती भी शामिल होंगे। पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश से मिलकर आयोजकों ने उन्हें रामनवमी शोभायात्रा में शामिल होने का न्योता भी दिया है। दरअसल आगामी 27 मार्च को दोपहर 1:00 बजे मसौढी के श्री रामजानकी ठाकुरवाडी मंदिर से श्रीरामनवमी शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो पूरे शहर में भ्रमण करते हुए हर्षोल्लास के साथ जुलूस निकाली जायेगी, बहरहाल खासकर युवा वर्ग पर्व की तैयारी में बड़े ही उत्साह के साथ लगे रहे है। पर्व को लेकर हर वर्ग में खासा उत्साह है. शहर के हर रास्ते, गली, कूचे में भगवान राम और उनके सेवक हनुमान का झंडा लगाये जाने की तैयारी कर रहे है। जो पूरे माहौल को रामनवमी पूजा में तब्दील कर रहा है। इस अवसर पर नीरज कुमार, अभिमन्यु पटेल, राकेश शर्मा, विजय यादव, अजय कुमार शर्मा, मंतोष पासवान, संजय केसरी, उज्जवल कुमार, अभय कुशवाहा आदि समिति के सदस्य शामिल रहे।



### श्री राम केवट प्रसंग सुन कर श्रोता हुए विभोर

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाबा दुःखहरण नाथ मंदिर , ग्राम इंग्लिश के पावन प्रांगण में आयोजित संगीतमय श्रीराम कथा के पंचम दिवस में कथा प्रवाह को आगे बढ़ाते हुए मंगलमूर्ती लोकसंत "श्री जयरामजी महाराज" ने श्री राम सहित चारों भाइयों और उनके साथ चारों ही नववधुओं के भव्य स्वागत की चर्चा करते हुए यह भी कहा कि जबसे श्रीरामचन्द्र जी विवाह के पश्चात घर आए हैं तबसे नित्य नये - नये उत्सवों से अवध की सोभा बढ़ने लगी है । चारों ही तरफ से सुख - समृद्धि की वर्षात होने लगी है ।कथा क्रम में महाराज जी ने श्रीराम वनगमन के प्रसंग को समझाते हुए गंगा पार करने से पूर्व केवट के प्रीति , भक्ति और स्नेह पुर्ण सम्वादों को अपने सुमधुर गीतों के माध्यम से उपस्थित समस्त भक्तों को भक्ति की सरिता में सराबोर कर दिया। "मांगी नाव न केवटु आना।कहइ तुम्हार मरमु मैं जाना



।।"कथा आयोजन समिति के सदस्यों ने आज के इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारीं बाढ़ की श्रीराम भक्त समाज सेविका श्रीमती मीना देवी और उनके सुपुत्र कृष्णाजी का माल्यार्पण और अंगवस्त्र प्रदान कर आदर सहित स्वागत किया।उक्त कार्यक्रम में आज के मुख्य श्रोता हनुमत उपासना मंडल के अध्यक्ष शिक्षाविद् सत्येन्द्र प्रसाद सिंह,संझाबाती पत्रिका के सम्पादक हेमन्त कुमार , अनिल सिंह, संतोष सिंह तथा सैंकड़ों ग्रामीण गणमान्य पुरुष - महिलाओं और श्रद्धालु बच्चों के साथ श्रीराम कथा आयोजन समिति के सदस्य मौजूद रहे।

### चैती छठ को लेकर बाजारों में बढ़ी रौनकः मसौढी बाजार में खरीदारी तेज, श्रद्धालु उमड़े

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी बाजार में चैती छठ महापर्व





को लेकर रौनक बढ़ गई है। पर्व को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ खरीदारी के लिए उमड़ने लगी है। जगह-जगह छठ व्रत से संबंधित सामानों की दुकानें सज गई हैं।रविवार को छठ व्रतियों और उनके परिजनों ने सूप, खचिया, मिट्टी के हड़िया, दिया और ढकना सहित अन्य पारंपरिक सामग्री की जमकर खरीदारी की। बांस से बने सूप और दौरा की मांग सर्वाधिक रही। मिट्टी के बर्तन और दीयों की दुकानों पर भी अच्छी भीड़ देखी गई।दुकानदारों ने बताया कि चैती छठ के कारण पिछले कुछ दिनों से बिक्री में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। फलों की दुकानों पर भी रौनक बढ़ी है, जहां नारियल, केला, सेब और अन्य फल खरीदे जा रहे हैं। गन्ने और अन्य पूजन सामग्री की मांग भी बढ़ी है।स्थानीय लोगों के अनुसार, छठ महापर्व आस्था और श्रद्धा का प्रतीक है, जिसे पूरे विधि-विधान के साथ मनाया जाता है। प्रशासन द्वारा भी बाजारों में व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।कुल मिलाकर, चैती छठ को लेकर मसौढी का बाजार पूरी तरह भक्तिमय माहौल में डूबा हुआ है।

# चैती छठ : श्रद्धा, भक्ति और आस्था का अटूट संगम है मसौढ़ी का मणिचक सूर्यमंदिर, यहां पूरी होती हैं मन्नतें





शशि तुलस्यान

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी के मणिचक श्री विष्णु सूर्य मंदिर छठ धाम कई मायनों में श्रद्धालुओं के आस्था का केंद्र बना हुआ है. यहां मान्यता है कि इस घाट पर नहाने से और पूजा करने से संतान सुख की प्राप्ति और कुष्ठ निवारण होता है. इन मान्यताओं के कारण मणिचक सूर्य मंदिर तालाब प्रसिद्ध है. इसको लेकर लोग दूर-दूर से लाखों की संख्या में छठ व्रत करने के लिए यहां पर आते हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि सन 1949 में रामखेलावन सिंह के खेत में जुदागी गोप खेत जुताई कर रहे थे. उसी दौरान भगवान श्री विष्णु का अभंग काले रंग की प्रतिमा मिली थी. इसे एक झोपड़ीनुमा मंदिर बनाकर उसकी पूजा-अर्चना शुरू की गई थी. उसके बाद इस मंदिर के पहले महंत प्रयाग राउत ने उसे एक मंदिर का रूप देकर उसमें आराधना शुरू की थी. उसके बाद से इसकी प्रसिद्धी को सुनकर लोग दूर-दराज से यहां पूजा अर्चना करने अने लगे. फिर तारेगना निवासी विश्राम सिंह के संतान सुख की मन्नत पूरी होने पर पांच एकड़ जमीन तालाब बनाने के लिए दान दिया गया. धीरे-धीरे इसकी ख्याति बढ़ने के बाद आज लाखों श्रद्धालु हर वर्ष कार्तिक और चैत महीने में छठ व्रत करने के लिए यहां पर आते हैं।भक्ति और आस्था का प्रतीक बन चुका मसौढ़ी का मणिचक सूर्य मंदिर तालाब घाट में प्रत्येक वर्ष लाखों की संख्या में श्रद्धालु अपनी अपनी मन्नतें पूरी करने के लिए आते हैं और यहां पर छठ पूजा करते हैं।मंदिर के सचिव नवल भारती बताते हैं कि छठ पर्व पर यहां आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए घाट पर हर तरह की सुविधा मुहैया कराई जा रही है. यहां दूर-दराज से लाखों लोग छठ पूजा करने आते हैं. यहां मान्यता है कि जो श्रद्धालु सच्चे मन से यहां पूजा करते हैं उन्हें संतान सुख व अन्य मनोकामनाएं पूर्ण होती है.

## नहाय खाय के साथ शुरू हुआ चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व चैती छठ, खरना पूजा आज



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लोक आस्था का महापर्व चैती छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान रविवार से नहाए खाए के साथ शुरू हो गया है। सुबह से ही विभिन्न छठ घाटों पर छठ व्रती स्नान ध्यान कर भगवान सूर्य की आराधना करते हुए अपने घरों में चावल, दाल और कद्दू की सब्जी तैयार कर भगवान को अर्पित कर ग्रहण किया, चार दिनों तक चलने वाले पर्व का रविवार को पहले दिन सभी छठव्रती अपना ध्यान कर नीति-निष्ठा के साथ घरों में चावल, दाल और कद्दू की सब्जी बनाकर भगवान भास्कर को अर्पित करते हुए।उसके बाद खुद ग्रहण करते हुए पूजा-अर्चना किया गया।मसौढ़ी के मणिचक सूर्यमंदिर तालाब घाट समेत विभिन्न घाटों पर छठ व्रर्ती नहाय खाए का अनुष्ठान पूरा होने के बाद छठ व्रत करने वाली व्रतियां प्रसाद तैयार करने के लिए गेहूं को भी धूप में सुखा रहे हैं। सोमवार को व्रत के दूसरे दिन खरना होगा।जिसके बाद सभी छठ व्रती 36 घंटे का निर्जला व्रत का संकल्प शुरू करेंगे। मंगलवार को व्रत के तिसरे दिन शाम में सभी व्रती छठ घाट पर शाम में भगवान भास्कर को सायं कालीन अर्घ्य अर्पित करेंगे और बुधवार की सुबह छठ व्रती उगते हुए सूर्य को अर्घ देकर पारण कर चैती छठ का समापन करेंगे। बहरहाल मसौढी अनुमंडल में कुल 80 छठ घाट चिन्हित किया गया है और सभी घाटों पर पुलिस मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की गई है। वहीं अनुमंडल कार्यालय को नियंत्रण कक्ष बनाया गया है। मसौढी में खासकर मणीचक सूर्य मंदिर घाट कई मायनों में मनोकामनापूरक मंदिर माना जाता है, जहां लाखों की संख्या में श्रद्धालु अपनी मान्यता पूरा करने के लिए चैती छठ और कार्तिक महीने का छठ करने के लिए आते हैं। इस अवसर पर छठवर्तियों में ललिता देवी,पति शिव शंकर कुमार, संध्या देवी पति रंजीत कुमार,पूष्पा देवी पति अंजय कुमार,सुमन देवी पति अजीत कुमार आदी शामिल रहे।

# दो गुटों में मारपीट, दोनों पक्षों ने दिया आवेदन

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी थाना क्षेत्र के तिनेरी मठ गांव में रविवार को दो पक्षों में आपसी विवाद को लेकर जमकर मारपीट और हिंसक झड़प हुई है। जिसमें कई लोग चोटिल हुए हैं। इस मामले में दोनों पक्षों की ओर से मसौढी थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई गई है। इसमें एक पक्ष बबलू कुमार पिता नवल राम की ओर से छह लोगों को पर नामजद आरोप लगाते हुए आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई हैं। जिसमें लिखा है यह हमारे गांव के तकरीबन 6 लोग मेरे घर पर चढ़कर आए चाकू लाठी डंडा लोहे का रोड पिस्तौल लेकर आए और जान से मारने के नियत से हमला कर दिए और हमारे घर परिवार को मारपीट किए यहां तक की बंदूक से फायर करने की भी कोशिश की लेकिन फायर नहीं हुआ। इस दौरान मंगलसूत्र जितिया भी छीन लिया गया है। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से मिनती देवी पति उमेश प्रसाद की ओर से दो लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है। जिसमें बबलू कुमार और उसके पिता नवल राम को आरोपी बनाते हुए मारपीट गाली गलौज छिनतई समेत अन्य आरोप लगाकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस दोनों पक्षों को आवेदन लेकर जांच में जुटी हैं।

## रियल एस्टेट कारोबारी प्रफुल्ल चंद्रा के नए कॉरपोरेट ऑफिस का भव्य उद्घाटन



**पटना/फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रियल एस्टेट क्षेत्र में 25 वर्षों का सफल सफर तय करने वाले प्रफुल्ल चंद्रा ने एक नई शुरूआत करते हुए अपने कॉरपोरेट ऑफिस का भव्य उद्घाटन किया. पटना के अनीसाबाद स्थित हरिओम पेट्रोल पंप के सामने सी.एस. कॉम्प्लेक्स के चौथे तल्ले पर आयोजित समारोह में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और उन्हें शुभकामनाएं दीं. इस मौके पर पूर्व मंत्री श्याम रजक के हाथों कार्यालय का उद्घाटन किया गया और अतिथियों के लिए भव्य सत्कार का आयोजन किया गया. पूर्व मंत्री श्याम रजक ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का सपना है कि हर व्यक्ति के पास अपना घर हो. सरकार भी विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से यह काम कर रही है. प्रफुल्ल चंद्रा और उनकी टीम पिछले 25 वर्षों से लोगों को जमीन और फ्लैट उपलब्ध कराकर इस सपने को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं.

प्रफुल्ल चंद्रा ने अपने संबोधन में कहा कि ग्राहकों के विश्वास और सहयोग के कारण ही वे इस मुकाम तक पहुंचे हैं. उन्होंने भरोसा दिलाया कि आगे भी पारदर्शिता और समर्पण के साथ लोगों को बेहतर आवास उपलब्ध कराते रहेंगे. इस अवसर पर शहर के कई गणमान्य लोग, व्यवसायी और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे.

### मसौढी अनुमंडल में 65 छठ घाट चिह्नित, 80 जगहों पर पुलिस मजिस्ट्रेट की हुई प्रतिनियुक्ति

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लोक आस्था का महापर्व चैती छठ रविवार से नहाए खाए के साथ शुरूआत हो गई है। सोमवार को सभी छठवर्ति खरना पूजा करेंगे। ऐसे में मसौढी अनुमंडल के अंतर्गत तकरीबन 65 छठ घाट चिन्हित किए गए हैं,जहाँ 80 जगहों पर अनुमंडल प्रशासन ने पुलिस मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की गई है इसके अलावा 17 वरिय दंडाधिकारी एवं 240 लाठी बाल की प्रतिनियुक्ति की गई है। अनुमंडल पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने बताया कि नहाय खाय के साथ चार दिनों तक छठ घाट पर सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों की तैनाती शुरू हो जाएगी. पुलिस पदाधिकारी के साथ मजिस्ट्रेट अपनी ड्यूटी पर मुस्तैद हो जाएंगे. इस दौरान एसडीएम अभिषेक कुमार ने कहा कि श्रद्धालुओं एवं छठव्रतियों के लिए घाटों पर सारी सुविधाएं उपलबद्ध रहेगी. उन्होंने कहा कि विधि व्यवस्था संधारण प्रशासन के लिए पहली प्राथमिकता है।इस दौरान कई मूलभूत और बुनियादी सुविधाओं के बारे में समीक्षा की गई.है। पुलिस जवानों को घाट पर भीड़ के मद्देनजर सुरक्षा और सुचारु यातायात प्रबंधन के लिए अलर्ट रहने को कहा गया है. बताया गया कि पूरे मसौढी अनुमंडल में 65 छठ घाट चिन्हित किए गए हैं, जिसमें 20 छठ घाट अति संवेदनशील घोषित किए गए हैं.

# सेक्स समस्याओं की अनदेखी पड़ सकती है भारी : डॉ. साजन दूबे



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लंगरटोली स्थित दूबे क्लिनिक के सहायक निदेशक डॉ. साजन दूबे (गुप्त एवं यौन रोग विशेषज्ञ) ने कहा है कि सेक्स समस्याओं की अनदेखी भारी पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि इसे आम शारीरिक कमजोरी समझकर इसकी अनदेखी न करें एवं तुरन्त किसी आयुर्वेद विशेषज्ञ से सलाह लें। उन्होंने कहा कि कई बार स्थिति पूर्णतः नपुंसकता तक पहुंच जाती है। नपुंसकता अर्थात इरेक्टाइल डिस्पफंक्शन उस यौन संबंधित रोग को कहते हैं, जिससे इंसान के शरीर में वीर्य कम या समाप्त हो जाता है। नपुंसकता या इरेक्टाइल डिस्पफंक्शन आज एक आम समस्या बन चुकी है। तनाव या डिप्रेशन इसका प्रमुख कारण है। बार-बार हो रही बीमारियों या स्वास्थ्य का खराब रहना भी इसका कारण हो सकता है। इसके पीछे कुछ शारीरिक कारण भी हो सकते हैं। जिसमें समय से पहले वीर्य निकल जाना, देरी से या कम मात्रा में वीर्य निकलना, सेक्स में रुचि न होना शामिल है। नपुंसकता या नामर्दी के अन्य प्रमुख कारणों में हार्ट अटैक, थक्का लगना, मधुमेह, ब्लड कैंसर, डिप्रेशन, नशीली दवाओं का उपयोग, शराब का सेवन, धूम्रपान आदि शामिल है। नपुंसकता या नामर्दी के लिए इसमें से कोई भी कारक जिम्मेदार हो सकता है। लिंग में तनाव, रक्त प्रवाह की वजह से होता है, रक्त का यह प्रवाह आम तौर पर सेक्स भावनाओं के मन में आने पर होता है। डॉ. साजन दूबे ने आगे कहा कि डॉक्टरों और सेक्सोलॉजिस्ट के शोध के अनुसार आज कल बहुत से पुरुषों में नपुंसकता बढ़ती जा रही है। अगर आयु के अनुसार देखा जाये तो 60 से कम उम्र के पुरुषों में लगभग 12 प्रतिशन, 60 से अधिक आयु के लोगों में यह दर 22 प्रतिशत है। लंदन में 2013 में किये गये एक शोध में यह पाया गया कि नपुंसकता या नामर्दी से ग्रसित अधिकतर लोग 40 वर्ष से कम आयु के थे। वैज्ञानिकों ने 40 वर्ष से कम आयु के पुरुषों में धूम्रपान एवं अवैध दवाओं का उपयोग इसका प्रमुख कारण बताया। डॉ. साजन दूबे ने आगे कहा कि आजकल नौजवानों में पेशाब में घात आना भी एक आम समस्या बन चुकी है। जवानी में कदम रखते ही घात रोग की समस्या उत्पन्न होने लगती है। यह समस्या पहले लोागें में बहुत कम होती थी, लकिन आजकल आम समस्या बन चुकी है क्योंकि नौजवान शादी से पूर्व अपने मन में सेक्स के प्रति ज्यादा चिंतित रहते हैं। वही आज कल इंटरनेट ने भी काफी चीजों को बदल दिया है। युवा वर्ग एक्स फिल्में देखकर उसके के बारे में सोचता है, अत्यधिक हस्त मैथुन भी इसका प्रमुख कारण है। जिसके कारण वीर्य फ्रलो न होने के कारण बाहर नहीं निकल पाता है और बूंद-बूंद या तार-तार करके या फिर पेशाब के साथ बैठे-बैठे ही निकल जाता है।

# हत्या कर शव को छुपाने के लिए नदी के किनारे फेंका, इलाके में सनसनी

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के सेवदहा गांव के पास दरधा नदी किनारे रविवार की अल्हे सुबह एक 50 वर्षीय व्यक्ति का शव एक झोपडीनुमा स्थल पुरानी चक्की मील के पास से मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतक की पहचान विरेन्द्र यादव पिता राजनंद यादव, विगहापर, बहोरी चक के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही मौके पर धनरूआ पुलिस पहुंची है और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पीएमसीएच भेजा गया है और पूरे मामले की छानबीन में





जुट गई है। प्रभारी इंचार्ज नवीन कुमार ने बताया सिर के पिछले हिस्से में चोट का निशान और कान से खून निकल रहा है। प्रथम दृष्टव्या में मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है,वहीं मृतक के परिजनों ने बताया की प्रत्येक दिन खेत की ओर जाते थे वही झोपड़ी पर रहते थे और देर शाम को घर लौट आते थे, लेकिन बीते शाम को वह घर नहीं लौटे थे और सुबह में शव मिलने की सूचना मिली है। कोई अज्ञात हमलावरों ने हत्या के बाद साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से शव को नदी किनारे फेंक दिया है।

### फरार आरोपी गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी थाना क्षेत्र के बैरमचक गांव से एक महिला के साथ मारपीट छिनतई,जान से मारने की धमकी ऐवं आर्म्स एक्ट मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, गिरफ्तार आरोपी का नाम श्यामलाल बिंद पिता जवाहर बिंद बैरमचक निवासी बताया जाता है। बीते चार मार्च पूनिया देवी पति रंजीत बिंद ने मसौढी थाने में चार लोग जान से मारने की धमकी, पिस्टल के बट से मारकर जख्मी कर देना।

# विश्व जल दिवस 2026: कृषि अनुसंधान परिसर में जल और लैंगिक समानता पर विमर्श








**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना ने अंतरराष्ट्रीय जल प्रबंधन संस्थान, नई दिल्ली के साथ मिलकर विश्व जल दिवस 2026 का आयोजन अत्यंत उत्साह के साथ किया। कार्यक्रम का विषय 'जल और लैंगिक समानता' था, जिसमें सतत जल प्रबंधन के महत्व तथा जल संसाधनों के उपयोग में लैंगिक समानता की महत्वपूर्ण भूमिका पर विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अनुप दास, निदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना ने की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने कहा कि जल का प्रभावी प्रबंधन जलवायु परिवर्तन की परिस्थितियों में कृषि की दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सूक्ष्म सिंचाई एवं रेज्ड बेड खेती जैसी तकनीकों को अपनाने पर बल दिया, जिससे जल उपयोग दक्षता में सुधार हो सके। इसके अतिरिक्त उन्होंने फसल विविधीकरण, विशेषकर मोटे अनाज (मिलेट्स) एवं दलहनों के प्रोत्साहन को जल-संरक्षण एवं जलवायु अनुकूल कृषि के लिए आवश्यक बताया। उन्होंने उन्नत तकनीकों को अपनाने के साथ-साथ पारंपरिक ज्ञान एवं पद्धतियों को भी समाहित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय जल प्रबंधन संस्थान (क्हटक) के कंट्री रिप्रेजेंटेटिव डॉ. गोपाल कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में उभरती जल चुनौतियों से निपटने के लिए नवाचारी एवं सामुदायिक-आधारित दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया तथा जल के समान एवं कुशल उपयोग को बढ़ावा देने हेतु संस्थागत सहयोग के महत्व को रेखांकित किया। इससे पूर्व स्वागत भाषण डॉ. पी.सी. चंद्रन, प्रधान वैज्ञानिक द्वारा दिया गया, जिसमें उन्होंने पशुपालन में जल संरक्षण के महत्व को रेखांकित करते हुए इसे सतत कृषि, उत्पादकता वृद्धि एवं ग्रामीण पारिस्थितिकी तंत्र की मजबूती से जोड़ा। डॉ. आशुतोष उपाध्याय, प्रमुख, भूमि एवं जल प्रबंधन प्रभाग ने सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली, प्रक्षेत्र में जल प्रबंधन तकनीकों एवं वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने पर जोर दिया। वहीं डॉ. कमल शर्मा, प्रमुख, पशुधन एवं मात्स्यिकी प्रबंधन प्रभाग ने पशुपालन एवं मत्स्य पालन प्रणालियों में समेकित जल प्रबंधन रणनीतियों को अपनाने की आवश्यकता बताई। डॉ. शिवेंद्र कुमार, प्रोफेसर, मत्स्य महाविद्यालय, ढोली ने सतत जलीय कृषि पद्धतियों के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने एवं पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने पर प्रकाश डाला। डॉ. अजय कुमार, प्रधान वैज्ञानिक ने संसाधन-कुशल तकनीकों को अपनाने एवं जल के विवेकपूर्ण उपयोग के प्रति किसानों में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। तकनीकी सत्र में विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न विषयों पर व्याख्यान प्रस्तुत किए गए। डॉ. संतोष एस. माली ने सौर ऊर्जा आधारित जल प्रबंधन तकनीकों एवं उनकी उपयोगिता पर चर्चा की। डॉ. राकेश कुमार ने धान-परती क्षेत्रों में जल प्रबंधन के कुशल उपायों पर अपने अनुभव साझा किए। डॉ. आरती कुमारी ने सेंसर-आधारित जल प्रबंधन प्रणाली पर प्रकाश डालते हुए भविष्य की उन्नत कृषि प्रणालियों में आधुनिक तकनीकों के एकीकरण की आवश्यकता बताई।

CMYK

# तीन दिवसीय बिहार दिवस का भव्य आगाज

## वॉकथॉन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में दिखा उत्साह





**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय समारोह का रविवार को उत्साहपूर्ण आगाज हुआ। गांधी सभागार में दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई, जिसका समापन 24 मार्च को पुरस्कार वितरण के साथ होगा। उपविकास आयुक्त सह प्रभारी जिलाधिकारी काजले वैभव नितिन, वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ. शौर्य सुमन, अपर समाहर्ता राजीव रंजन सिंहा, अनिल कुमार सिंहा, अमरेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। इस दौरान वरीय उप समाहर्ता विकास कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी रविंद्र कुमार, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (सर्व शिक्षा अभियान) गार्गी कुमारी, कुमार अनुभव और जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी राकेश कुमार भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन मेरी एडलीन एवं सचिदानंद ठाकुर ने किया।पहले दिन समाहरणालय से पुलिस लाइन तक वॉकथॉन निकाला गया, जिसमें अधिकारियों, शिक्षकों, खिलाड़ियों और छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। वॉकथॉन को काजले वैभव नितिन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने आदिवासी लोक नृत्य, संत तरेसा विद्यालय की छात्राओं ने कजरी नृत्य और राज इंटर कॉलेज के छात्रों ने समूह नृत्य प्रस्तुत किया। सत्यम कला केंद्र के कलाकारों ने कव्वाली पेश की।इसके अलावा भोजपुरी लोक चित्रकला कार्यशाला, फोटोग्राफी प्रदर्शनी और विभिन्न विभागों के स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहे। प्रतियोगिताओं में क्विज, गणित ओलंपियाड, पेंटिंग, रंगोली के साथ कबड्डी, फुटबॉल और बैडमिंटन में युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## बिहार दिवस पर प्रभात फेरी, वृक्षारोपण, पेंटिंग, रंगोली व बैडमिंटन प्रतियोगिताएं आयोजित



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन पूर्वी चंपारण के द्वारा स्कूली बच्चों की विशाल प्रभात फेरी रैली निकाली गई । रैली को जिलाधिकारी के द्वारा हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया । इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी सहित शिक्षा विभाग के अन्य पदाधिकारी, जिला के वरीय उपसमाहर्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य उपस्थित थे। साथ हीं बिहार दिवस अवसर पर सुबह में जिलाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारीओं के द्वारा डीआरडीए के सौजन्य से समाहरणालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया ।

**रक्सौल :** बिहार दिवस के अवसर पर रक्सौल अनुमंडल स्तर पर विभिन्न विद्यालयों के छात्र- छात्राओं के बीच क्विज, निबंध, पेंटिंग ,रंगोली एवं बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**ढाका :** बिहार दिवस के अवसर पर सिकरहना अनुमंडल में तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ ढाका हाई स्कूल के प्रांगण में किया गया क इस अवसर पर 13 विभागों का स्टाल, सांस्कृतिक कार्यक्रम, वाद-विवाद प्रतियोगिता, चित्रकला, क्विज, रंगोली इत्यादि का आयोजन किया जा रहा है क ढाका, चिरैया, बनकटवा और घोड़ासहन के कई विधालय से आए प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुति विभिन्न विद्याओं में किया।

## बिहार दिवस पर स्कूली बच्चों ने निकाली प्रभात फेरी

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार दिवस के अवसर पर रविवार को विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। मतीसरा बालिका कुंवर उच्च विद्यालय और विवेकानंद विद्यालय के बच्चों द्वारा जानकी संस्कृत कॉलेज से प्रभात फेरी निकालकर मुख्य सड़क होते हुए अनुमंडल मुख्यालय परिसर पहुचीं। इस दौरान स्कूली बच्चों ने हम सब ने ठाना है संयुक्त बिहार बनाना है आदि नारे लगाए। इस अवसर पर संबोधित करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी अभिजीत कुमार गोविंदा ने बिहार के गौरवपूर्ण इतिहास और इसके समृद्धि के बारे में जानकारी दी। एसडीएम ने महात्मा गांधी के सत्याग्रह, देश प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद एवं संविधान निर्माण व संविधान सभा के अंतरिम अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित सच्चिदानंद सिन्हा आदि के बारे में भी जानकारी दिए। एसडीएम श्री गोविंदा ने बताया कि बिहार सरकार ने विगत कई वर्षों से निर्णय लिया कि 22 मार्च की तिथि को बिहार दिवस का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन हम सभी को याद दिलाता है कि हमारा इतिहास बहुत ही गौरवशाली रहा है।

## चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार, 90 लीटर नेपाली शराब भी बरामद



**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जितना थाना क्षेत्र में पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में सफलता हासिल की है। सघन वाहन चेकिंग अभियान के दौरान चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक नेपाली युवक को गिरफ्तार किया गया। वहीं, रात्रि गश्ती के दौरान भारी मात्रा में अवैध नेपाली शराब बरामद की गई।जितना थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोका। ई-चालान मशीन से जांच करने पर मोटरसाइकिल के नंबर प्लेट और चेसिस नंबर में भिन्नता पाई गई। इसके बाद पुलिस ने चालक को हिरासत में ले लिया।उसकी पहचान नेपाल के बारा जिले के सिमरौनगढ़ थाना अंतर्गत पकड़िया चिकनी निवासी जोबाद अंसारी (पिता अंजारुल मियां) के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में मोटरसाइकिल चोरी की निकली। आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।एक अन्य घटना में, जितना थाना पुलिस रात्रि गश्ती पर थी। सैनिक रोड स्थित रेंगनिया पोखर के पास एक संदिग्ध साइकिल खड़ी मिली। तलाशी लेने पर साइकिल पर लदी 300 बोतल नेपाली कस्तूरी शराब बरामद हुई। प्रत्येक बोतल 300 मिलीलीटर की थी, जिससे कुल 90 लीटर शराब जब्त की गई। हालांकि, शराब तस्कर मौके से फरार होने में सफल रहा।पुलिस ने जब्त शराब के संबंध में अज्ञात तस्कर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। थाना अध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

## मादक पदार्थ के तस्करों पर कसेगा शिकंजा

### कुख्यात तस्करों की सूची तलब

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चंपारण क्षेत्र में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस ने निर्णायक कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। भूमि माफियाओं के विरुद्ध चलाए गए अभियान के बाद अब पुलिस प्रशासन ने नारकोटिक्स नेटवर्क को ध्वस्त करने की रणनीति बनाई है।चंपारण रेंज के डीआईजी हरकिशोर राय ने सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों (एसडीपीओ) को निर्देश देते हुए उनके क्षेत्र से कम से कम दो-दो कुख्यात एनडीपीएस एक्ट के आरोपियों की सूची मांगी है। यह कदम खासतौर पर सीमावर्ती इलाकों में सक्रिय नशा तस्करों के बढ़ते नेटवर्क को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है।पुलिस को लगातार ऐसी सूचनाएं मिल रही हैं कि इन क्षेत्रों में मादक पदार्थों के संगठित गिरोह सक्रिय हैं, जिससे कानून-व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती उत्पन्न हो रही है। डीआईजी श्री राय ने स्पष्ट किया है कि चिन्हित तस्करों के विरुद्ध पीआईटी एनडीपीएस एक्ट के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसके अंतर्गत आरोपियों को निरुद्ध करने के साथ-साथ उनकी अवैध संपत्तियों की पहचान कर उन्हें अटैच करने की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी।उन्होंने बताया कि एसडीपीओ द्वारा भेजी गई सूचियों की उच्च स्तर पर समीक्षा की जाएगी, जिसके बाद चयनित आरोपियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई के लिए गृह विभाग को प्रस्ताव भेजा जाएगा।

## नेपाल के बीरगंज शहर में आस्था का रंग-गणगौर पूजा का भव्य समापन, राजस्थानी नृत्य ने बांधा समां



**रक्सौल(पूर्वी चंपारण) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय सीमा से सटे हिमालयी देश नेपाल के बीरगंज स्थित घड़ीवरवा पोखरा पर मारवाड़ी समाज द्वारा आयोजित गणगौर पूजा का समापन इस वर्ष भी श्रद्धा, परंपरा और उत्साह के अनूठे संगम के साथ हुआ। करीब अठारह दिनों तक चले इस धार्मिक आयोजन में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। गणगौर, जो भगवान शिव और माता गौरी की आराधना का पर्व है, में नवविवाहिताओं, सुहागिन महिलाओं और कुँवारी कन्याओं ने पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। सोलह श्रृंगार से सजी महिलाओं ने मंगल गीतों के साथ सिर पर गणगौर धारण कर पारंपरिक रीति-रिवाजों का निर्वहन किया और अपने परिवार की सुख-समृद्धि एवं अखंड सौभाग्य की कामना की। समापन अवसर पर शोभायात्रा का विशेष आकर्षण रहा। बाजे-गाजे के साथ निकली भव्य शोभायात्रा ने पूरे क्षेत्र को उत्सवमय बना दिया। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ इसमें भाग लिया और अंत में विधिवत पूजा के बाद गणगौर प्रतिमाओं का पोखरा में विसर्जन किया गया। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने भी लोगों का दिल जीत लिया। लायंस क्लब ऑफ सेस्मी एकेडमी की अध्यक्षा एवं सामाजिक कार्यकर्ता लायन पिया सिंह, प्रसिद्धि आनंद सिंह और बासु सूर्यवंशी ने राजस्थानी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। उनकी प्रस्तुति को दर्शकों ने खूब सराहा और तालियों की गूंज से पूरा परिसर गूंज उठा। लायन पिया सिंह ने बताया कि चैत्र बदी एकम से प्रारंभ होकर चैत्र शुक्ल तृतीया तक चलने वाला यह पर्व नारी शक्ति, श्रद्धा और पारिवारिक सुख-समृद्धि का प्रतीक है। समापन के इस अवसर पर भक्ति, संस्कृति और सामाजिक एकता का जो अद्भुत नजारा देखने को मिला, उसने एक बार फिर इस पर्व की महत्ता को जीवंत कर दिया।

## स्कूल में उग रहा 'सीख का संसार', बच्चों को मिल रहा प्रकृति से जुड़ने का मौका



**रक्सौल (पूर्वी चंपारण) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के राजकीय प्राथमिक विद्यालय, राष्ट्रीय गांधी में शिक्षा का एक अनोखा और प्रेरणादायक प्रयोग देखने को मिल रहा है। सीमित संसाधनों के बावजूद यहां शिक्षकों ने विद्यालय परिसर में एक छोटा सा किचन गार्डेन विकसित किया है, जो अब बच्चों के लिए 'ओपन क्लासरूम' बन चुका है। बिना किसी सरकारी या निजी आर्थिक सहायता के तैयार इस बगीचे में टमाटर, बैंगन सहित कई सब्जियों के पौधे लगाए गए हैं। इन पौधों पर अब फल आने लगे हैं, जिसे देखकर बच्चे उत्साहित हैं। बैंगन के पौधों पर लगे नीले फल और टमाटर के छोटे-छोटे हरे गुच्छे बच्चों को न सिर्फ आकर्षित कर रहे हैं, बल्कि उन्हें खेती और प्रकृति के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी भी दे रहे हैं। हालांकि जगह की कमी और मिट्टी की गुणवत्ता के कारण कुछ पौधे पूरी तरह विकसित नहीं हो सके, लेकिन शिक्षकों की मेहनत और देखरेख से कई पौधे सफलतापूर्वक बढ़े हैं और उत्पादन दे रहे हैं। इस पहल के जरिए बच्चों को किताबों से बाहर निकलकर 'अवलोकन के जरिए सीखने' का मौका मिल रहा है। जो बच्चे अब तक केवल खाने की थाली में सब्जियां देखते थे, वे अब उन्हें पौधों पर उगते हुए देख रहे हैं, जिससे उनमें प्रकृति, पर्यावरण और कृषि के प्रति रुचि बढ़ रही है। विद्यालय में पहले लगाए गए आलू के पौधों से निकले छोटे आलू भी बच्चों के लिए एक नया अनुभव साबित हुए। अब स्कूल प्रशासन लौकी, कद्दू और तरोई जैसी बेल वाली सब्जियों को भी लगाने की योजना बना रहा है, जिससे इस किचन गार्डेन को और समृद्ध किया जा सके। प्रधानाध्यापक मुनेश राम के अनुसार, यह पहल बच्चों को व्यवहारिक ज्ञान देने और उन्हें प्रकृति से जोड़ने की दिशा में एक छोटा लेकिन सार्थक प्रयास है। आने वाले समय में इसे और विस्तार देने की योजना है। यह प्रयास इस बात का उदाहरण है कि यदि सोच सकारात्मक हो और प्रयास ईमानदार, तो सीमित संसाधनों में भी शिक्षा को रोचक और प्रभावी बनाया जा सकता है।

## छठ घाट के पास निकला विशाल अजगर

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के महनागनी गांव में रविवार को उस समय हड़कंप मच गया जब छठ घाट के समीप एक विशाल अजगर सांप देखे जाने की खबर फैल गई। जानकारी के अनुसार सुबह कुछ ग्रामीण घाट की ओर जा रहे थे, तभी उनकी नजर झाड़ियों के बीच कुंडली मारकर बैठे बड़े अजगर पर पड़ी। अजगर को देखते ही लोगों में अफरा-तफरी मच गई और थोड़ी ही देर में मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।अजगर के दिखाई देने की खबर पूरे गांव में तेजी से फैल गई, जिससे आसपास के लोगों में दहशत का माहौल बन गया। ग्रामीण घरों से बाहर निकलते समय सावधानी बरतने लगे। खासकर बच्चों और मवेशियों की सुरक्षा को लेकर लोग काफी चिंतित नजर आए। कई लोग दूर से ही अजगर को देखने पहुंचे, लेकिन डर के कारण कोई भी उसके पास जाने की हिम्मत नहीं कर सका।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय मुखिया अजय राय ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत वन विभाग को जानकारी दी। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने काफी मशक्कत के बाद अजगर का सफल रेस्क्यू किया और उसे सुरक्षित पकड़कर जंगल में छोड़ने के लिए साथ ले गई।ग्रामीणों का कहना है कि इस इलाके में पहली बार इतना बड़ा अजगर देखा गया है, जिससे लोगों में भय के साथ-साथ कौतूहल भी बना रहा।अजगर का सफल रेस्क्यू के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

## सुगौली में गुरुकुल क्लासेज का हुआ भव्य शुभारम्भ

### उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक, सांसद प्रतिनिधि,पैक्स अध्यक्ष द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया



**मोतिहारी / सुगौली/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पू.चं. नगर के सरगम मैरेज हॉल रोड स्थित ऑनलाइन गुरुकुल क्लासेज का भव्य उद्घाटन विधायक राजेश कुमार उर्फ बबलु गुप्ता द्वारा फीता काटकर किया गया । इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि प्रदीप सर्राफ, विकास शर्मा, श्याम शर्मा, उदय प्रकाश श्रीवास्तव, इंदु खंडेलवाल रेखा गुप्ता, प्रो. पवन साहनी, मोतीलाल प्रसाद, अशोक श्रीवास्तव, हरीश सर्राफ, प्रमोद यादव मुन्ना गिरि एवं मनोज सिंह सत्यांशु आर्या, शुभम अग्रवाल, नितेश कुमार, सुनंद बरनवाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों और छात्रों की भी अच्छी - खासी उपस्थिति देखने को मिली, जिससे आयोजन का माहौल उत्साहपूर्ण बना रहा। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक श्री गुप्ता ने कहा कि यह पहल शिक्षा के क्षेत्र में एक नये अध्याय की शुरूआत है। उन्होंने बताया कि डिजिटल युग में इस तरह की डिजिटल शिक्षा व्यवस्था अत्यंत आवश्यक है, जिससे छात्र - छात्राओं को घर बैठे भी उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह संस्थान क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए एक मजबूत शैक्षणिक आधार तैयार करेगा। वहीं,संस्थान के संचालक पुरुषोत्तम कुमार गिरी, अनिरुद्ध महतो तथा राजन कुमार ने कहा कि उनका उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के विद्यार्थियों के बीच शिक्षा के स्तर में अंतर को कम करना है। उन्होंने बताया कि डिजिटल गुरुकुल क्लासेज में अनुभवी शिक्षकों द्वारा विभिन्न विषयों की पढ़ाई आधुनिक तकनीक के माध्यम से कराई जाएगी । साथ ही छात्रों की सुविधा के लिए लाइव क्लास, रिकॉर्डेड लेक्चर ऑफलाइन क्लास और नियमित टेस्ट की व्यवस्था भी की गई है। मंच संचालन अनिरुद्ध महतो के द्वारा किया गया साथ ही उनके द्वारा बताया गया कि यह संस्थान शिक्षा में तकनीक के साथ एक विशेष उद्देश्य के साथ संचालन हो रहा है । राजन कुमार के द्वारा भी यह जानकारी मिली कि यहां सभी शिक्षक प्रशिक्षित एवं योग्य है। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन संजीव कुमार गिरि के द्वारा किया गया और गुरुकुल परंपरा को पुनः अपने समाज में स्थापित करने के लिए संस्थान के सभी शिक्षकों को बधाई दी । उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे शिक्षा के क्षेत्र में एक सकारात्मक कदम बताया।

## चोरी की बाइक के साथ चार गिरफ्तार

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वाहन जांच के दौरान कोटवा पुलिस में रविवार को एक चोरी की बाइक के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार की पहचान कोटवा थाना क्षेत्र के जसौली जमुनिया गांव निवासी कुंदन कुमार ठाकुर तथा रोशन ठाकुर, जसौली जमुनिया गांव के फकीराना टोला निवासी हबीब दीवान के पुत्र मोहम्मद हसन आलम, पीलवा माधव गांव निवासी रामशरण महतो मनोज महतो उर्फ भूषण महतो के रूप में की गई है। बतादे कि वाहन जांच के दौरान संदेहास्पद स्थिति में एक बाइक मिली। उक्त बाइक का रजिस्ट्रेशन नंबर BR22AJ 5583 एच एच डी मशीन से करने पर चेचिस नंबर में भेजता पाई गई विस्तृत जांच में या स्पष्ट हुआ के उक्त मोटरसाइकिल का वास्तविक विवरण हीरो स्प्लेंडर प्लस है। थानाध्यक्ष करण सिंह बताया कि प्राथमिक की दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### बगहा में बनेगा जिले का दूसरा केंद्रीय विद्यालय

#### 10 एकड़ में होगा निर्माण, भू अर्जन की प्रक्रिया शुरू

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पश्चिम चंपारण जिले में अब दो-दो केंद्रीय विद्यालय होंगे। दूसरे केंद्रीय विद्यालय का निर्माण बगहा दो के रामपुर में होगा। इसके लिए भू अर्जन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। केंद्रीय विद्यालय का निर्माण 10 एकड़ भूमि होगा। भारत सरकार के मानव संसाधन मंत्रालय की ओर से बगहा अनुमंडल क्षेत्र में 10 एकड़ जमीन उपलब्ध कराने को लेकर जिलाधिकारी से आग्रह किया गया था, जिस पर जिलाधिकारी ने इसके लिए जमीन चिह्नित करने का निर्देश दिया। अपर समाहर्ता राजीव रंजन सिन्हा ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर बगहा दो के रामपुर में बेतिया राज की जमीन चिह्नित की गई है। 10 एकड़ जमीन के भूअर्जन के लिए प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। शीघ्र ही सारी प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। इस सुविधा के मिल जाने के बाद जिले के अधिक छात्र-छात्राओं को केंद्रीय विद्यालय में पढने का असवर मिलेगा। इसके पूर्व एक ही पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, कुमाबाग में संचालित हो रहा था, जहां कम संख्या में छात्र-छात्राओं को इसकी सुविधा मिल रही थी।

### ट्रैक्टर-बाइक की टक्कर में दो युवकों की मौत

**बेतिय/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बेतिया-चनपटिया मुख्य मार्ग पर शनिवार की शाम सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह घटना मेंहदियाबारी पेट्रोल पंप के समीप शाम करीब साढ़े सात बजे हुई, जब ट्रिपल सवार एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई।इस हादसे में नगर थाना क्षेत्र के द्वारदेवी चौक निवासी इमरान खान और समीर अहमद की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक पर पीछे बैठा तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है।घटना की सूचना मिलते ही मनुआपुल थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों घायलों को गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने इमरान और समीर को मृत घोषित कर दिया।बताया जाता है कि तीनों युवक चनपटिया की ओर जा रहे थे और बाइक की रफ्तार काफी तेज थी। इसी दौरान मेंहदियाबारी पेट्रोल पंप के पास यह दुर्घटना हो गई।मनुआपुल थानाध्यक्ष रवि कुमार ने बताया कि ट्रैक्टर की टक्कर से दो युवकों की मौत हुई है, जबकि एक घायल है। उन्होंने कहा कि परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए शव को अपने साथ ले गए।पुलिस ने घटनास्थल से ट्रैक्टर-ट्रॉली और बाइक को जब्त कर लिया है, जबकि ट्रैक्टर चालक फरार बताया जा रहा है।

### उपेक्षा से जूझ रहा मठिया गांव का छठ घाट

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के राजपुर तुमकड़िया पंचायत अंतर्गत मठिया गांव का छठ घाट पिछले तीन वर्षों से प्रशासनिक उदासीनता का शिकार बना हुआ है। छठ पर्व के दौरान यहां व्रतियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। घाट के पास पोखर में अधिक गहराई होने से अर्घ्य देने के दौरान दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।ग्रामीण रवि मिश्रा, अमीरका महतो, कृष्णा राम, विक्की गुप्ता, रामबाबू साह, आर्यन मिश्रा, रूपेश महतो और जितेंद्र मिश्र ने प्रशासन के प्रति रोष जताते हुए बताया कि वर्ष 2022-23 में सीढ़ियों का निर्माण और पोखर की सफाई कराई गई थी, लेकिन लापरवाही से सीढ़ियों के पास 3-4 फीट गहरा गड्ढा बना हुआ है।ग्रामीणों ने कई बार शिकायत की, पर अब तक केवल आश्वासन मिला है। बीपीआरओ विवेक आर्या ने बताया कि रिपोर्ट के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

### पतौरा बीके पाठशाला में डॉ अंजू वर्मा की पांचवी पुण्य मनाई गई

#### डॉ.अंजू बर्मा की प्रेरणा से मैंने कई महत्वपूर्ण विषयों पर शोध किया : डॉक्टर ब्रजेश्वर मिश्रा

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पतौरा लाल टोला में विगत 20 वर्षो से संचालित बीके पाठशाला में निमित्त संस्थापक टीचर डॉ बीके अंजू वर्मा की पांचवीं स्मृति दिवस बड़े ही आत्मिक भाव से मनाई गई। पाठशाला में सर्वप्रथम 4 घंटे का योग भट्टी हुआ उसके बाद दैनिक मुरली वर्ग चला फिर बाबा और डॉक्टर अंजु वर्मा के निमित्त भोग लगाया गया। उपस्थित सभी भाई बहनों ने श्रद्धापूर्वक पुष्प अर्पण कर डॉक्टर श्रीमती वर्मा को याद किया। मुख्य अतिथि वैज्ञानिक डॉक्टर ब्रजेश्वर मिश्र ने कहा कि डॉक्टर अंजु वर्मा की प्रेरणा से मैंने कई महत्वपूर्ण विषय पर शोध किया। विश्व के कई मंचों पर संबोधन करने का भी मौका मिला। मोतिहारी सेवा केंद्र प्रभारी बीके विभा ने कहा कि डॉ अंजू वर्मा समय की बहुत पाबंद और अनुशासन प्रिय थी.उन्होंने कभी भी व्यर्थ को पसंद नहीं किया। बिल्कुल समय पर आना और समय पर जाना उनका रूटीन था। उन्होंने बाबा को पूरी तरह से फॉलो किया था। संचालन के दौरान बी के अशोक वर्मा ने कहा कि मनुष्य का कर्म ही यादगार बनता है आज सेवा केंद्र पाठशाला के हर दीवार में डॉक्टर वर्मा का चेहरा दिखता है। वे चाहती थी कि हम जल्द से जल्द पुरुषार्थ को तेज कर संपूर्णता को प्राप्त करे, बीके करुणा ने कहा कि भगवानपुर रिट्रीट सेंटर परिसर में मुझे अंजू बहन से मिलने का मौका मिला। संबोधित करने वालों में बीके संजय,बीके पूनम, बीके अनीता, बीके रौशनी, बीके सिद्धार्थ, बीके सुमन,बीके नीलम,बीके निरुपमा,बीके वीणा त्रिपाठी, बीके हरिशंकर आदि थे। उपस्थित रहनेवालो मे बीके गायत्री, पार्वती, मंजू, शंकर, मनोहर,बीके नन्द, उर्मिला, बीके चंदा,निर्मला आदि थे।



### भाजपा के देशव्यापी मंडल प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी की देशव्यापी "पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026" के तहत मंडल प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन वाईएस वाटिका, मोतिहारी में रविवार को शुरू किया गया। इस प्रशिक्षण वर्ग में दो मंडलों— मोतिहारी उत्तरी मंडल एवं पिपराकोठी मंडल के कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण आरंभ हुआ। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने कहा कि यह प्रशिक्षण महाअभियान कार्यकर्ताओं के वैचारिक सशक्तिकरण,संगठनात्मक दक्षता और सेवा-भाव के विस्तार का सशक्त माध्यम है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के सिद्धांतों को आत्मसात करते हुए संगठन को बूथ स्तर तक सुदृढ़ एवं सक्रिय बनाने की दिशा में यह अभियान महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता विनय कुमार वर्मा एवं संचालन उत्तरी मंडल अध्यक्ष राजेश कुमार ने किया। द्वितीय सत्र में " वैचारिक अधिष्ठान " विषयक प्रशिक्षण सत्र की अध्यक्षता इंद्रदेव ठाकुर ने किया और वक्ता के रूप में विषय को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रमोद शंकर सिंह ने विस्तार पूर्वक रखा।तृतीय सत्र में "भाजपा का इतिहास" विषयक सत्र की अध्यक्षता सम्पूर्णानन्द ने किया और वक्ता के रूप में पूर्व जिलाध्यक्ष प्रकाश अस्थाना ने अपनी बात रखी। चतुर्थ सत्र " सोशल मीडिया" पर सोशल मीडिया संयोजक पंकज सिन्हा ने विषय पर अपनी बात रखी और अध्यक्षता मदन जायसवाल के की। पांचवें सत्र में बबलू पासवान ने "कार्य पद्धति" पर प्रकाश डाला जिसकी अध्यक्षता धीरज जायसवाल ने की। छठे सत्र में सुधांशु रंजन ने "संगठन विस्तार और सुदृढ़ीकरण" जिसकी अध्यक्षता योगेंद्र बैठा ने की। सातवें सत्र में जिलाध्यक्ष पवन राज ने "बूथ प्रबंधन, मन की बात और टिफिन बैठक" पर प्रकाश डाला जिसकी अध्यक्षता मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार ने की। प्रशिक्षण वर्ग में सभी कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती, कार्यशैली एवं विचारधारा के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में विधायक प्रमोद कुमार, जिला उपाध्यक्ष सुधांशु रंजन एवं विनोद कुशवाहा, महामंत्री योगेंद्र प्रसाद, मीडिया प्रभारी गुलरेज शहजाद, जिला कार्यालय मंत्री सियावर सिंह, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष बबलू पासवान , अति पिछड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष संजय ठाकुर, उत्तम मिश्रा, कामेश्वर चौरसिया, उपेंद्र चौधरी, गौरी शाह, राजकिशोर सिंह, रविन्द्र सहनी, इलाइची देवी, नीता सिन्हा, उषा गुप्ता, अनिल वर्मा, धर्मेंद्र स्वर्णकार, नितेश राज, मनोज रौनियार, लड्डू सिंह, धीरज जायसवाल, दिव्यांशु भारद्वाज के साथ-साथ जिला एवं प्रदेश के नेता तथा मंडल कार्य समिति सदस्य, शक्ति केंद्र प्रमुख एवं पंचायत अध्यक्ष के साथ अपेक्षित दायित्वधारी उपस्थित रहे। इस पूरे प्रशिक्षण अभियान का सफल संचालन विधान सभा संयोजक ओमप्रकाश सिंह एवं उत्तरी मंडल अध्यक्ष राजेश कुमार ने संयुक्त रूप से किया।



# शिक्षा सशक्त समाज का मजबूत आधार : प्रमोद कुमार सिंह

## चरकावां में मेधावी छात्रों का सम्मान, शिक्षा को मिला नया उत्साह - पंचायत प्रतिनिधि संघ की सराहनीय पहल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड क्षेत्र के चरकावां पंचायत भवन में पंचायत प्रतिनिधि संघ द्वारा आयोजित मध्य स्तरीय (सातवीं एवं आठवीं) शैक्षणिक प्रतियोगिता परीक्षा के मेधावी छात्र-छात्राओं के बीच पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक प्रमोद कुमार सिंह, मुखिया सेराज अंसारी, सरपंच दयानंद प्रसाद दांगी, पैक्स अध्यक्ष अरविंद यादव, मुखिया संजय कुमार, मुखिया यूसुफ अली खान, वार्ड पार्षद सुबोध कुमार शर्मा एवं शाहजादा शाही द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया सेराज अंसारी ने की, जबकि मंच संचालन सरपंच दयानंद प्रसाद दांगी ने किया। आयोजन समिति द्वारा सभी अतिथियों का अंगवस्त्र, माला एवं मोमेंटो देकर गर्मजोशी से स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर




पर सफल छात्र-छात्राओं को मेडल, प्रमाण पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया, जिससे उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। समारोह में उपस्थित अभिभावकों एवं ग्रामीणों ने बच्चों की इस उपलब्धि पर जोरदार तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने कहा, "शिक्षा ही वह मजबूत आधार है, जिससे समाज और राष्ट्र का उज्ज्वल भविष्य तय होता है। पंचायत प्रतिनिधि संघ द्वारा इस तरह की प्रतियोगिता आयोजित कर बच्चों को प्रोत्साहित करना बेहद सराहनीय पहल है। इससे छात्रों में प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है और वे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होते हैं। सरकार भी शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है, ताकि हर बच्चे को बेहतर अवसर मिल सके।" उन्होंने आगे कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, जरूरत है तो उसे पहचान कर सही दिशा देने की। ऐसे आयोजन बच्चों के सपनों को नई उड़ान देने का कार्य करते हैं।बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी शिक्षा पर विशेष जोर दे रहे हैं। उनके नेतृत्व में राज्य में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई जा रही हैं। विद्यालयों की आधारभूत संरचना में सुधार, छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर कार्य हो रहा है।" उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री की सोच है कि हर बच्चे तक शिक्षा पहुंचे और कोई भी प्रतिभा संसाधनों के अभाव में पीछे न रह जाए। इसी सोच का परिणाम है कि आज बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में भी शिक्षा के प्रति जागरूकता तेजी से बढ़ी है। इस मौके पर भाजपा नगर अध्यक्ष सह प्रखंड कार्यान्वयन समिति उपाध्यक्ष संतोष साव, कासमा मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार यादव, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बब्लू सिंह, विधायक प्रतिनिधि विनोद सिंह, पंचायत समिति सदस्य बसंती देवी, हम प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव, परीक्षा नियंत्रक सेवानिवृत प्रधानाध्यापक नरेंद्र कुमार शिक्षक वर्मा उपेंद्र कुमार दांगी, विकास यादव, अशोक मेहता, प्रमोद यादव, डॉ विकास कुमार, कुंदन पटेल, अरविंद कुमार, मुजाहिर मुस्तफा खान, चंदेश्वर भगत सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# दाऊदनगर में शहीद दिवस समारोह की तैयारियां पूरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाऊदनगर (औरंगाबाद)।** शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव के शहादत दिवस के अवसर पर दाऊदनगर में आयोजित होने वाले समारोह की सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। 23 मार्च को होने वाले इस कार्यक्रम को लेकर रविवार को शहीद भगत सिंह नगर स्थित संस्थान कार्यालय में कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें तैयारियों की समीक्षा की गई।

बैठक में अब तक की तैयारियों पर संतोष व्यक्त करते हुए बताया गया कि इस आयोजन को सफल बनाने में आम जनता का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है। ज्ञात हो कि 23 मार्च 1931 को इन महान क्रांतिकारियों ने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी, जिसे पूरे देश में शहादत दिवस के रूप में श्रद्धापूर्वक मनाया जाता है।




समारोह का आयोजन संस्थान के कार्यालय परिसर स्थित हॉल में किया जाएगा, जिसमें शहर के छात्र-नौजवान, शिक्षक, किसान, मजदूर, बुद्धिजीवी तथा विभिन्न सामाजिक-राजनीतिक कार्यकर्ता शामिल होंगे। कार्यक्रम का उद्घाटन भाकपा (माले) के राज्य कमिटी सदस्य कॉमरेड अनवर हुसैन द्वारा किया जाएगा। इसके अलावा कई स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों और शिक्षा जगत से जुड़े लोगों को भी आमंत्रित किया गया है।

संस्थान के पदाधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है और शेष तैयारियों को शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष कृष्ण प्रसाद चंद्रवंशी ने की, जबकि संचालन सचिव सत्येन्द्र कुमार ने किया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष संजय कुमार सिंह सहित कई कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

# हसपुरा में शिव गुरु महोत्सव का आयोजन, हजारों श्रद्धालुओं की रही सहभागिता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद (हसपुरा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित छोटकी फील्ड में एक दिवसीय शिव गुरु महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में शिव शिष्य परिवार के श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय रहा और श्रद्धालुओं ने शिव गुरु के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। महोत्सव को संबोधित करते हुए शिव शिष्य परिवार के वक्ता शिवपूजन सिंह ने कहा कि केवल नाम से नहीं, बल्कि कर्म और ईमानदारी से ही कोई व्यक्ति शिव गुरु का सच्चा शिष्य बन सकता है। उन्होंने कहा कि शिव गुरु का मार्ग सत्य, निष्ठा और सेवा का मार्ग है, जिस पर चलकर ही जीवन को सार्थक बनाया जा सकता है।



उन्होंने बताया कि इस युग के प्रथम शिव शिष्य साहब श्री हरिंद्रानंद जी ने वर्ष 1974 में आरा के गंगिया घाट पर भगवान शिव को अपना गुरु स्वीकार किया था। इसके बाद से ही शिव गुरु की महिमा का प्रसार विश्वभर में होने लगा। आज उनके विचारों से प्रेरित होकर न केवल भारत, बल्कि विश्व के अनेक देशों में करोड़ों लोग शिव को अपना गुरु मानकर अपने जीवन को सुखमय और शिवमय बना रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने आगामी 12 अप्रैल को औरंगाबाद जिले के नवीनगर प्रखंड अंतर्गत सतर धनाव में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय विराट शिव गुरु महोत्सव की जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को इस महोत्सव में सपरिवार शामिल होने का आमंत्रण देते हुए कहा कि इस अवसर पर जगतगुरु महेश्वर शिव के गुरु स्वरूप की महिमा को सुनकर जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है।

# सड़क निर्माण कार्य से ग्रामीणों में खुशी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर।** शिवगंज पशु मेला से गैवाल बिगहा तक मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से निर्माण शुरू हो गया है। पक्की सड़क बनने से वर्षों पुरानी समस्या हल होने पर ग्रामीणों में भारी हर्ष और उत्साह है। यह सड़क संपर्क स्वास्थ्य, शिक्षा और बाजार तक सुलभ पहुंच सुनिश्चित कर रहा है। करीब एक किलोमीटर से अधिक दूरी तक रोड निर्माण कराने की अनुशंसा पूर्व विधायक नेहालुद्दीन ने किया था जो 1 करोड़ 71 लाख रूपये की लागत निर्माण हो रहा है। रोड निर्माण कार्य शुरु होने पर ग्रामीण रामेश्वर कुमार रौशन ने बताया कि इस रोड निर्माण के लिए वर्षों से इंतजार कर रहे थे। रोड निर्माण होने पर गैवाल बिगहा, पटौधी, तेंदुआ, दरभंगा, बहलोला, रसलपुर, खेसर, बंगला पर सहित अन्य गांवों का आवागमन मार्ग से जुड़ जाएगा।

# बिहार दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** बिहार दिवस एवं विश्व जल दिवस के अवसर पर चहकता आंगन फाउंडेशन औरंगाबाद के द्वारा एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बच्चों और युवाओं ने जल कैसे बचाएं, पेड़ नहीं काटें जैसे पर्यावरण संबंधित विषयों पर बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंतर्गत संस्था द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त युवतियों को ब्यूटीशियन एवं सिलाई कार्य का प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। इससे उनके आत्मनिर्भर बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत बिहार गीत प्रस्तुत कर की गई। मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकता शिव गुप्ता, संस्था के डायरेक्टर अमित कुमार, सचिव सौरभ कुमार, चेयरपर्सन सोनू कुमार योगी, कुंदन कुमार, शिक्षक रवि चंद्र अग्रहरि, आर्टिस्ट विक्रम कुमार, सेंटर ट्रेनर अनुष्का भारती सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बिहार गीत बजने के साथ एक उत्साह और उमंग का संचार हुआ। मुख्य अतिथि शिव गुप्ता ने अपने संबोधन




में संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी दी और इसकी सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रयास समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने युवाओं को आगे बढ़ने और कौशल आधारित शिक्षा को अपनाने के लिए प्रेरित किया। संस्था की ऐसी पहल समाज में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह करती है और लोगों को जागरूक करते आ रहे हैं। सभी अतिथियों ने इस तरह के आयोजनों की सराहना करते हुए कहा कि इससे न केवल प्रतिभाओं को मंच मिलता है, बल्कि युवाओं में कौशल विकास और आत्मनिर्भरता को भी बढ़ावा मिलता है। उपस्थित सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र, मेडल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर अंजली, परी, प्रिया, जीनत प्रवीण, रिद्धि सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# बिहार दिवस पर पौधारोपण कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** बिहार दिवस के अवसर पर हसपुरा बाजार स्थित आनंद संगीत महाविद्यालय द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के व्यवस्थापक एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। निदेशक अरविंद कुमार वर्मा, प्राचार्य अशोक कुमार, बिपिन कुमार के निर्देशानुसार पौधे लगाए गए और सभी छात्रों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया गया। व्यवस्थापक हिमांशु राज ने कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं और पर्यावरण को स्वच्छ व संतुलित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर छात्रों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और पर्यावरण को हराभरा बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील की। यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और सभी उपस्थित लोगों ने इसे एक प्रेरणादायक पहल बताया।

# नोखा ने शेरघाटी को 2-1 से हराकर फाइनल में बनाई जगह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज।** शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव थापर के शहादत दिवस के अवसर पर प्रभात क्लब, करमा-करमी-तिवारी बिगहा के बैनर तले आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन रविवार को चरवाहा विद्यालय खेल मैदान में नोखा और शेरघाटी के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। मैच का टॉस शेरघाटी की टीम ने जीता। मुकाबले में रेफरी की भूमिका महेंद्र यादव ने निभाई, जबकि कमेंट्री संजय श्याम ने की। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामचंद्र सिंह ने की तथा संचालन भी संजय श्याम द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राजद के प्रदेश महासचिव



कालेश्वर प्रसाद यादव ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, एकता और प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास करता है। साथ ही चरवाहा विद्यालय के खेल मैदान को कृषि विभाग द्वारा खेती कार्य से बचाने के लिए संघर्षरत रहने की बात कही। मैच के पहले हाफ में दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ, लेकिन मध्यांतर तक कोई गोल नहीं हो सका। दूसरे हाफ में नोखा ने पहला गोल कर 1-0 की बढ़त बनाई। हालांकि शेरघाटी ने जल्द ही बराबरी का गोल दागकर मैच को 1-1 पर ला खड़ा किया। इसके बाद नोखा ने एक और गोल कर 2-1 से बढ़त हासिल कर ली, जो अंत तक कायम रही। इस जीत के साथ नोखा की टीम ने फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। आयोजकों के अनुसार 23 मार्च को शहीद दिवस के अवसर पर फाइनल मुकाबला नवादा और नोखा के बीच खेला जाएगा।

# यज्ञशाला की परिक्रमा से भक्तिमय वातावरण, उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद (हसपुरा)।** प्रखंड के कोईलवां गांव स्थित सती मां की कर्मभूमि पुरानी ठाकुरबाड़ी परिसर में आयोजित श्री सीताराम महायज्ञ सह श्रीराम कथा के दौरान पूरे क्षेत्र में भक्ति का अद्भुत माहौल बना हुआ है। यज्ञशाला सहित आसपास का इलाका श्रद्धा और आस्था से सराबोर नजर आ रहा है।

रविवार को महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने यज्ञशाला की परिक्रमा कर विधिवत पूजन-अर्चना की तथा क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ जैसे ही पूजा आरंभ हुई, पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा और श्रद्धालुओं की भीड़ यज्ञशाला



की ओर उमड़ पड़ी।

यह महायज्ञ 27 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। महायज्ञ का आयोजन सती माता की 125वीं पुण्यतिथि के अवसर पर गुरु देव आचार्य पंडित लालामोहन शास्त्री के निर्देशन में किया जा रहा है। आचार्य शास्त्री ने कहा कि यज्ञ मानव जीवन को धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। इससे वातावरण शुद्ध होता है तथा जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने प्रभु श्रीराम के जीवन का उल्लेख करते हुए कहा कि सभी प्रकार की विघ्न-बाधाओं को दूर करने के लिए भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना और स्तुति अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि महायज्ञ का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में सुख-शांति और समृद्धि स्थापित करना है। महायज्ञ के आयोजन में ग्रामीणों का उत्साहपूर्ण सहयोग देखने को मिल रहा है। वहीं, रामलीला, रासलीला एवं महात्माओं के प्रवचनों से श्रद्धालु आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति कर रहे हैं।

# ऐतिहासिक देव सूर्य मंदिर बिहार की है विरासत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** देश का ऐतिहासिक देव सूर्य मंदिर बिहार की विरासत है। मंदिर के इतिहास पर नजर डालें तो मंदिर का निर्माण नागर शैली में हुआ है। काले पत्थरों को तरासकर मंदिर का निर्माण कराया गया है। देश में भगवान सूर्य के कई प्रख्यात मंदिर हैं परंतु देव में छठ करने का अलग ही महत्व है।

मंदिर को लेकर कई किवदंती है। बता दें कि औरंगाबाद से 18 किलोमीटर दूर देव सूर्य मंदिर करीब १०० फीट ऊंचा है। मान्यता है कि मंदिर का निर्माण त्रेता युग में नौ लाख वर्ष पहले भगवान विश्वकर्मा ने किया था। मंदिर के पुजारी पं. लखन पाठक मंदिर को त्रेतायुगीन बताते हैं। मंदिर विश्व धरोहर में शामिल होने के कतार में है।



**सूर्यकुंड तालाब है कुष्ठ निवारक**

पं. लखन पाठक बताते हैं कि त्रेतायुग में राजा एल थे। वे इलाहाबाद के राजा थे। जंगल में शिकार खेलते देव पहुंचे। शिकार खेलने के दौरान राजा को प्यास लगी। देव स्थित तालाब का जल ग्रहण किया। राजा कुष्ठ रोग से ग्रसित थे। राजा के हाथ में जहां-जहां जल का स्पर्श हुआ वहां का कुष्ठ ठीक हो गया था। राजा गड्ढे में कूद गए जिस कारण उनके शरीर का कुष्ठ रोग ठीक हो गया। रात में जब राजा विश्राम कर रहे थे तभी सपना आया कि जिस गड्ढा में उसने स्नान किया था उस गड्ढा के अंदर तीन मूर्ति दबे पड़े हैं। राजा ने जब गड्ढा खोदा तो ब्रह्मा, विष्णु एवं महेश की मूर्ति मिली जिसे मंदिर में स्थापित किया। इस सूर्यकुंड तालाब को कुष्ठ निवारक तालाब कहा जाता है।

**तीन स्वरूपों में विराजमान हैं भगवान सूर्य**

देव में छठ करने का अलग महत्व है। यहां भगवान सूर्य तीन स्वरूपों में विराजमान हैं। मंदिर के गर्भगृह में भगवान सूर्य, ब्रह्मा, विष्णु एवं महेश के रूप में है। मंदिर में स्थापित प्रतिमा प्राचीन है। सर्वाधिक आकर्षक भाग गर्भगृह के उपर बना गुंबद है जिस पर चढ़ पाना असंभव है। गर्भगृह के मुख्य द्वार पर बाईं ओर भगवान सूर्य की प्रतिमा और दाईं ओर भगवान शंकर की गोद में बैठे मां पार्वती की प्रतिमा है। ऐसी प्रतिमा सूर्य के अन्य मंदिरों में नहीं देखा गया। गर्भगृह में रथ पर बैठे भगवान सूर्य की अद्भुत प्रतिमा है। मंदिर के मुख्य द्वार पर रथ पर बैठे भगवान सूर्य की प्रतिमा आकर्षक है।

**देव में माता अदिति ने की थी पूजा**

देवासुर संग्राम में जब असुरों के हाथों देवता हार गए थे तब देव माता अदिति ने तेजस्वी पुत्र की प्राप्ति के लिए देवारण्य में छठी मैया की अराधना की थी। प्रसन्न होकर छठी मइया ने उन्हें सर्वगुण संपन्न तेजस्वी पुत्र होने का वरदान दिया था। इसके बाद अदिति के पुत्र त्रिदेव रूपेण आदित्य भगवान जिन्होंने असुरों पर देवताओं का विजय दिलाया। कहते हैं कि उस समय सेना षष्ठी देवी के नाम पर इस धाम का नाम देव हो गया और छठ का चलन प्रारंभ हुआ। पुजारी पं. लखन पाठक बताते हैं कि देव सूर्य मंदिर में विराजमान भगवान सूर्य प्रत्येक दिन स्नान कर चंदन लगाते हैं। नया वस्त्र धारण करते हैं। आदिकाल से यह परंपरा चलती आ रही है। प्रत्येक दिन सुबह चार बजे भगवान को घंटी बजाकर जगाया जाता है। जब भगवान जग जाते हैं तो भगवान स्नान करते हैं। भगवान के ललाट पर चंदन लगाते हैं। फूल-माला चढ़ाने के बाद खुश होने के लिए आरती दिखाई जाती हैं। भगवान को आदित्य हृदय स्रोत का पाठ सुनाया जाता है। भगवान को तैयार होने में 45 मिनट का समय लगता है। जब भगवान तैयार हो जाते हैं तो पांच बजे श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए पट खोल दिए जाते हैं। रात नौ बजे तक भगवान श्रद्धालुओं के लिए गर्भगृह के आसन पर विराजमान रहते हैं। रात नौ के बाद भगवान का पट बंद कर दिया जाता है। कार्तिक एवं चैत छठ में लाखों की संख्या में श्रद्धालु व्रत करने पहुंचते हैं। छोटा सा कस्बा भक्तों की संख्या से पट जाता है। यहां लाखों श्रद्धालु छठ करने झारखंड, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, छतीसगढ़, महाराष्ट्र समेत देश के अन्य राज्यों से आते हैं। मान्यता है कि जो भक्त यहां भगवान सूर्य की आराधना करते हैं उनकी मनोकामना पूर्ण होती है।

# सत्संग से मिलता है जीवन को मार्गदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड क्षेत्र के उचौली स्थित ठाकुरबाड़ी परिसर में आयोजित नवाह परायण यज्ञ के दौरान अयोध्या निवासी आचार्य श्री श्री मिथलेश बाबा ने प्रवचन देते हुए कहा कि भगवान राम का नाम स्मरण करने से व्यक्ति पर कलियुग का प्रभाव कम हो जाता है तथा उसे सुख, शांति और समृद्धि की प्राप्ति होती है।

उन्होंने रामचरितमानस की चौपाई "कलि केवल मलमूल मलीना, पाप पयोनिधि जनमन मीना" का उल्लेख करते हुए कहा कि कलियुग में पाप का प्रभाव बढ़ जाता है और मनुष्य के भीतर अच्छे-बुरे का विवेक क्षीण होने लगता है। ऐसे समय में सत्य, सदाचार और धर्म के मार्ग से भटकाव स्वाभाविक है, लेकिन राम नाम और सत्कर्म ही इस प्रभाव को कम करने का सबसे सरल उपाय है। प्रवचन के दौरान उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में व्यक्ति को सत्य का आचरण नहीं छोड़ना चाहिए। सत्य से विमुख होते ही समाज और क्षेत्र में नकारात्मकता बढ़ती है तथा लोगों को अनेक प्रकार के कष्टों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने सत्संग के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि मन और वचन की शुद्धि तथा ज्ञान की प्राप्ति के लिए सत्संग अत्यंत आवश्यक है। जहां भी सत्संग हो, वहां उपस्थित होकर उसे सुनना और जीवन में उतारना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि कर्म ही प्रधान है, लेकिन अपने सभी कार्यों के साथ भगवान का स्मरण और सत्संग का श्रवण करना आवश्यक है। इससे मन को शांति मिलती है और विचारों में पवित्रता आती है। मौके पर महंत सत्येंद्र पाठक ने बताया कि चैत्र नवरात्रि के अवसर पर आयोजित यह नवाह परायण यज्ञ क्षेत्र, राज्य और देश की सुख-शांति एवं कल्याण की कामना के लिए किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यहां पिछले लगभग 60 वर्षों से रामचरितमानस का पाठ निरंतर होता आ रहा है, जिसमें ग्रामीणों और श्रद्धालुओं का सराहनीय सहयोग मिलता रहा है। कार्यक्रम के दौरान मिथलेश बाबा के प्रवचनों से श्रद्धालु भावविभोर नजर आए।

# भगवान भास्कर सेवा समिति के सदस्य का निधन, नीमा वाजित गांव में इस वर्ष नहीं लगेगा निशुल्क सेवा शिविर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** भगवान भास्कर सेवा समिति रफीगंज के सदस्य पिपराही गांव निवासी 55 वर्षीय सत्येंद्र यादव के असमय निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। उनके निधन की खबर मिलते ही समिति के सदस्यों और स्थानीय लोगों में गहरा दुख देखा गया। समिति के अध्यक्ष जगनारायण कुमार निराला ने बताया कि वर्ष 2012 से लगातार भगवान भास्कर सेवा समिति द्वारा रफीगंज-शिवगंज पथ स्थित नीमा वाजित गांव के समीप चैती छठ पर्व के अवसर पर चार दिवसीय निशुल्क सेवा शिविर का आयोजन किया जाता रहा है। इस सेवा शिविर के माध्यम से आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को नींबू पानी, दवा, प्रसाद सहित अन्य आवश्यक सामग्री वितरित की जाती थी। उन्होंने बताया कि शनिवार और रविवार की मध्य रात्रि मुंबई में अचानक तबीयत बिगड़ने के कारण सत्येंद्र यादव का निधन हो गया। इस दुखद घटना के बाद समिति की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष चैती छठ पर्व के अवसर पर निशुल्क सेवा शिविर नहीं लगाया जाएगा। बैठक में सचिव जोगेंद्र कुमार यादव, कोषाध्यक्ष छोटू कुमार, उपाध्यक्ष लक्ष्मण कुमार, कुंदन कुमार, कौशल कुमार, राजकुमार साव, योगेश साव, सुनील कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# किसानों से फसलों के अवशेष न जलाने की अपील

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** बिहार दिवस के अवसर पर कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा) तथा यंत्रीकरण सेल, कृषि विभाग द्वारा दो दिवसीय किसान मेला-सह-प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मेला-सह-प्रदर्शनी का उद्घाटन वरीय वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कृषि विभाग द्वारा आयोजित इस किसान मेला-सह-प्रदर्शनी में आत्मा, कृषि विज्ञान केंद्र, मिट्टी जांच, पौधा संरक्षण, माप-तौल, भूमि संरक्षण, उद्यान, प्राकृतिक कृषि, कृषि यंत्र विक्रेता एवं विभिन्न उपादान विक्रेताओं द्वारा कुल 15 स्टॉल लगाए गए। किसान मेला के प्रथम दिवस जिले के सभी प्रखंडों से लगभग 400 किसानों ने भागीदारी की।




कार्यक्रम के प्रारंभ में जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज द्वारा कृषि विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इसमें अनुदानित दर पर बीज वितरण, मुख्यमंत्री तीव्र बीज विस्तार योजना, जलवायु अनुकूल कृषि, प्राकृतिक कृषि, जैविक प्रोत्साहन योजना अंतर्गत वर्मी पीट एवं बायोगैस यूनिट, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना तथा फार्मर रजिस्ट्री के बारे में जानकारी दी गई। मेले में कृषि यंत्रीकरण योजना अंतर्गत लगभग 50 विभिन्न कृषि यंत्रों का प्रत्यक्षण किया गया तथा कुल 91 यंत्रों पर देय अनुदान के संबंध में किसानों को जानकारी दी गई। बताया गया कि कृषि यंत्रीकरण योजना के तहत अनुदान की राशि सीधे किसानों के बैंक खाते में हस्तांतरित की जाएगी। कार्यक्रम में फसल अवशेष प्रबंधन के बारे में भी जानकारी दी गई तथा किसानों से अपील की गई कि वे फसल अवशेष को न जलाएं। इसके विकल्प के रूप में स्ट्रॉ रीपर, स्ट्रॉ बेलर, सुपर सीडर एवं रीपर जैसे यंत्रों के उपयोग के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही कृषि यंत्र प्रत्यक्षण से संबंधित आवेदन प्रक्रिया एवं अनुदान राशि की जानकारी भी दी गई। पौधा संरक्षण सहायक निदेशक द्वारा ड्रोन के माध्यम से कीटनाशी एवं उर्वरक छिड़काव की आधुनिक तकनीक के संबंध में जानकारी दी गई। उद्यान सहायक निदेशक द्वारा उद्यान निदेशालय की योजनाओं के अंतर्गत ड्रिप सिंचाई, स्ट्रॉबेरी, अमरूद, ड्रैगन फ्रूट, प्याज, धनिया एवं हल्दी की उन्नत उत्पादन तकनीक के बारे में किसानों को अवगत कराया गया। इस प्रकार किसान मेला के माध्यम से किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक, कृषि यंत्रीकरण, प्राकृतिक खेती तथा उन्नत फसल उत्पादन की जानकारी प्रदान कर उन्हें लाभान्वित किया गया।

# बिहार दिवस ने समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दी अभिव्यक्ति

## प्रभात फेरी में सैकड़ों छात्रों ने लिया भाग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेगूसराय।** जिले में बिहार दिवस के अवसर पर रविवार को सुबह से ही शहर की सड़कों पर उत्साह का वातावरण रहा। विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक एकजुटता एवं विकास के संकल्प को साकार रूप दिया गया। रविवार की सुबह भव्य प्रभातफेरी ने पूरे आयोजन की शुरूआत ऊर्जा और जोश के साथ की। विभिन्न विद्यालयों से प्रारंभ हुई इस प्रभातफेरी में हजारों छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जय बिहार, बढ़ेगा बिहार-बढ़ेगा बिहार तथा 'शिक्षित बिहार-विकसित बिहार जैसे गगनभेदी नारों से वातावरण देशभक्ति और आत्मगौरव से ओत प्रोत हो उठा। प्रभातफेरी के दौरान जल-जीवन-हरियाली, नशामुक्ति अभियान एवं बालिका शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों पर जन-जागरूकता का संदेश भी प्रभावी रूप से प्रसारित किया गया। प्रभातफेरी को नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, वरीय उप समाहर्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, कला संस्कृति पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। प्रभातफेरी का समापन गांधी स्टेडियम में हुआ। जहां एक भव्य एवं आकर्षक कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां स्कूली बच्चों द्वारा बनाई गई विशाल मानव श्रृंखला ने एकता और सामूहिक संकल्प का प्रेरणादायक दृश्य प्रस्तुत किया। समवेत स्वर में गूंजते बिहार गीत ने पूरे वातावरण को भावनात्मक बना दिया। इसके उपरांत रंग-बिरंगे गुब्बारे आकाश में छोड़कर बिहार के उज्ज्वल भविष्य एवं निरंतर प्रगति की कामना की गई।बिहार दिवस पर जिले ने यह संदेश दिया कि सामूहिक प्रयास, जागरूकता और सकारात्मक सोच के माध्यम से राज्य को विकास के नए आयाम तक पहुंचाया जा सकता है। यह आयोजन न केवल सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक बना। बल्कि समाज में एकजुटता, जिम्मेदारी और प्रगति के संकल्प को भी सुदृढ़ करने में सफल रहा।

# बिहार दिवस पर निकाली गई प्रभात फेरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड क्षेत्र में बिहार दिवस के अवसर पर विभिन्न विद्यालयों में प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों के जरिए विद्यार्थियों ने बिहार की समृद्ध संस्कृति, इतिहास और गौरवशाली परंपरा को याद किया। सुबह से ही प्रभात फेरियों, नारों और सांस्कृतिक गतिविधियों से पूरा वातावरण देशभक्ति एवं गर्व की भावना से सराबोर हो गया।उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्या, पहसारा में प्रभात फेरी निकालकर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। प्रभारी प्रधानाध्यापिका पिंकी कुमारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बिहार के ऐतिहासिक महत्व, सांस्.तिक धरोहर एवं महान विभूतियों के योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बच्चों को अपने राज्य की विरासत पर गर्व करने और उसे आगे बढ़ाने का संदेश दिया। मध्य विद्यालय पहसारा बभनगामा में भी बिहार दिवस धूमधाम से मनाया गया। यहां वाद-विवाद, चित्रांकन, निबंध एवं रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। एपीएस मध्य विद्यालय नावकोठी में प्रधानाध्यापक राजेश कुमार के नेतृत्व में भव्य प्रभात फेरी निकाली गई। कार्यक्रम के दौरान शिक्षक अनिल कुमार महतो ने बिहार के गौरवशाली अतीत एवं वर्तमान उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए छात्रों को प्रेरित किया। रंगोली प्रतियोगिता में मीनाक्षी जायसवाल, आयुषी गौतम, अवनि चौधरी, कविता, जयंती, कंचन एवं सोनम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि बिट्टू कुमार द्वितीय स्थान पर रहे। सभी विजेताओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

# बिहार दिवस पर एमके पब्लिक स्कूल के छात्रों ने बांधा समां

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बौंसी/बांका।** रविवार को बिहार स्थापना दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा बांका स्थित चंद्रशेखर सिंह टाउन हॉल में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पदाधिकारी नवदीप शुक्ला, डीडीसी उपेंद्र कुमार सिंह, एडीएम अजीत कुमार और एसडीएम राजकुमार सहित अन्य अधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह में जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। देशभक्ति गीत, नृत्य और नाटक की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथियों और अधिकारियों का दिल जीत लिया। खास बात यह रही कि नगर पंचायत स्थित एमके पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं को भी मंच पर प्रस्तुति का अवसर मिला। एमके पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने अपनी आकर्षक प्रस्तुति से टाउन हॉल को तालियों की गड़गड़ाहट से गुंजायमान कर दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं विद्यालय की प्रधानाचार्य निजात खान को अनुशासन, बेहतर शिक्षा और सांस्कृतिक गतिविधियों में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। बिहार स्थापना दिवस का यह आयोजन न केवल उत्सव का अवसर बना, बल्कि नई पीढ़ी में सांस्कृतिक चेतना और राज्य गौरव का संदेश भी दे गया।

### निकाली गई शोभा यात्रा

**चांदन (बांका)।** पंचायत के सार्वजनिक दुर्गामंदिर परिसर से गाजे बाजे के साथ आज रविवार सुबह विशाल रामनवमी शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जिसका नेतृत्व सनातन जागृति मंच के अध्यक्ष ओमप्रकाश वर्णवाल एवं बजरंग दल के बलोपासना प्रमुख गौरव कुमार ने संयुक्त रूप से शोभायात्रा निकाला जिसमें सैकड़ों बजरंग दल के कार्यकर्ता व सनातन जागृति मंच के सदस्यों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।यह शोभायात्रा चांदन दुर्गामंदिर से शुरू होकर पांडेयडीह होते हुए कांवरिया पथ के सिमरिया, गोडीयारी हड़खार, सुग्गासार होकर देवघर कटोरिया पक्की सड़क होते हुए चांदन बाजार गांधी चौक से होते हुए दुर्गामंदिर तक गई।

# नवरात्रा के चौथे दिन देवी कुष्मांडा की हुई पूजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड में नवरात्रि में दुर्गा पूजा के अवसर पर बहुत ही विधि-विधान से माता दुर्गा के नौ रूपों की पूजा-उपासना की जा रही है। दुर्गा मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी है। नावकोठी, समसा सहित अन्य दुर्गा मंदिरों में रविवार को चौथे दिन देवी को कुष्मांडा के रूप में पूजा अर्चना विधि विधान से किया गया। पं. चन्द्रकांत झा बताते हैं अपनी मंद, हल्की हंसी के द्वारा अण्ड यानी ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इस देवी को कुष्मांडा नाम से जाना जाता है। जब सृष्टि नहीं थी, चारों तरफ अंधकार ही अंधकार था, तब इसी देवी ने अपने ईषत् हास्य से ब्रह्मांड की रचना की थी। इसीलिए इसे सृष्टि की आदिस्वरूपा या आदिशक्ति कहा गया है। इस देवी की आठ भुजाएं हैं। इसलिए अष्टभुजा कहलाती हैं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष, बाण, कमल-पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं। आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जप माला है। इस देवी का वाहन सिंह है और इन्हें कुम्हड़े की बलि प्रिय है। संस्कृति में कुम्हड़े को कुष्मांड कहते हैं इसलिए इस देवी को कुष्मांडा कहा जाता है।

# बिहार में बुलडोजर राज नहीं होगा कायम : सरोज चौबे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेगूसराय।** बिहार को भाजपाई बुलडोजर राज की प्रयोगशाला बनाना चाहते है। इसके खिलाफ भाकपा माले जनप्रतिरोध तेज करेगी। उक्त बातें भाकपा माले केंद्रीय कमेटी सदस्य सरोज चौबे ने रविवार को जिले के भाकपा माले की नौवीं जिला सम्मेलन के समापन अवसर पर प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कही। सरोज चौबे ने कहा कि बिहार में बुलडोजर राज के खिलाफ सबसे पहले भाकपा माले ने ही विरोध शुरु किया। बिहार में बढ़ते दलित उत्पीड़न के खिलाफ समता और समानता के लिए लिए आंदोलन तेज होगा। सरोज चौबे ने न्याय व अधिकार की लड़ाई को और अधिक तेज करने का आह्वान की। उन्होंने कहा कि बेगूसराय जिले में संप्रदायिक फासीवाद के प्रतीक के रूप बिल्कुल जीवंत सबूत के रूप में एक सांसद मौजूद हैं। हमारी पार्टी उनके हर संप्रदायिक एजेंडें का विरोध करती रही है और आगे भी उनके हर संप्रदायिक मनसूबों के खिलाफ माले लड़ती रहेगी। उन्होंने कहा कि भाकपा माले 23 मार्च से 31 मार्च तक युद्ध विरोधी व सम्राज्यवाद विरोधी सप्ताह मना रही हैं। उन्होने अमेरिका व इजरायल के सम्राज्यवादी नीतियों पर तीखा हमला बोला और कहा कि मित्र देश ईरान पर अन्यायपूर्ण हमला किया गया है। भारत सरकार ने परंपरागत गुटनिरपेक्ष नीतियों को बदल कर रख दिया है। हमारे देश में अतिथि बनकर पहुंचे ईरान के नौसेनिकों को अमेरिका ने मार दिया जहाज नष्ट कर दिया परंतु भारत सरकार की शर्मनाक चुप्पी बनी रही। उन्होंने कहा कि देश चार श्रम कोड को एक अप्रैल से लागू की जा रही है। भाकपा माले एक अप्रैल को ब्लेक डे के रूप में मनाने जा रही है। चार श्रम कोड के जरिए हड़ताल गैरकानूनी बनाने की कोशिश है, संगठन बनाने के अधिकार रद्द की जा रही है। 8 घंटा के बदले 12 घंटा काम लेने की कोशिश होगी। मिल मालिकों को छटनी करने के व्यापक अधिकार सौंप दिए जा रहें हैं। उन्होंने बेगूसराय बरौनी रिफाइनरी में मजदूर आंदोलन का समर्थन किया और कहा कि पार्टी पूरी मजबूती के साथ रिफाइनरी मजदूरों के साथ खड़ी होगी और अपने कार्य क्षेत्र का विस्तार करेगी। जिले में भाकपा माले आंदोलन में एक नंबर की पार्टी बनी हुई है। अब पार्टी को भी एक नंबर की पार्टी बनाने का लक्ष्य है। तीन वर्षो पर सम्मेलन होता है अगला सम्मेलन तक 3000 पार्टी सदस्यता वाली संगठन बनना है। इस अवसर पर अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिवसागर शर्मा ने कहा कि भारत अमेरिका ट्रेड डील की जानकारी सदन पटल पर आजतक भारत सरकार ने नहीं रखा है।जबकि अमेरिका विदेश मंत्रालय से बातें बाहर आ रही है। हम लोकतंत्र और संविधान में विश्वास करते है और सरकार उसी लोकतंत्र और संविधान को नष्ट करने पर तुल गयी है। और जब देश में लोकतंत्र व संविधान ही नहीं बचेगा तो सबकुछ बर्बाद हो जाएगा। सरकार पूरे देश बर्बाद कर देने जा रही है। इस अवसर पर जिला सचिव दिवाकर कुमार, खेग्रामस नेता चंद्रदेव वर्मा, किसान नेता बैजू सिंह नगर सचिव राजेश श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

# भागलपुर का लाल हुआ शहीद, नम आंखों से दी गई अंतिम विदाई

**शोक की लहर**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कहलगांव (भागलपुर)।** प्रखंड से सटे सबौर थाना क्षेत्र के मिर्ज़ापुर गांव निवासी नगीना प्रसाद यादव के पुत्र एएमसी जवान नीरज कुमार (34 वर्ष) भोपाल में बीते 16 मार्च को एक सैन्य अभियान के दौरान शहीद हो गए थे। रविवार की सुबह जैसे ही उनका पार्थिव शरीर तिरंगे से लिपटा हुआ उनके पैतृक गांव सबौर के मिर्ज़ापुर पहुंचा। वैसे ही हर किसी की आंखें नम हो गयी। और हर दिल गर्व से भरा हुआ था। इस घटना से पूरे इलाके में मातम छा गया। गांव में ही सैन्य कर्मियों के द्वारा शहीद को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया और सम्मान के साथ उनको अंतिम विदाई दी गयी। शहीद जवान की अंतिम झलक पाने के लिए लोगों का हुजुम उमड़ पड़ा। कर्नल योगेंद्र के अनुसार, जवान नीरज कुमार भोपाल में एक सर्च ऑपरेशन में शामिल थे। इस दौरान उनकी बाइक पहाड़ से गहरी खाई में गिर गयी थी। सैन्यकर्मियों की सहायता से जख्मी हालत में नीरज को भोपाल स्थित आर्मी अस्पताल में बीते 16 मार्च को भर्ती कराया गया था। जहां ऑपरेशन के दौरान उनकी स्थिति बिगड़ने से शनिवार 20 मार्च को उनका निधन हो गया। वह भोपाल स्थित आर्मी मेडिकल सेक्टर में हवलदार के पद पर तैनात था। सेना ने दिवंगत नीरज कुमार के बेहतर सेवा रिकार्ड को देखते हुए उन्हें शहीद का दर्ज़ा दिया। शहीद नीरज अपने पीछे पत्नी निशा भारती (31) पुत्र नयन और पुत्री नेहा को छोड़ गए हैं। नीरज के पार्थिव शरीर को देखकर उनकी पत्नी, बच्चों और मां का रो-रोकर बुरा हाल था। गांव में हर किसी की आंखे नम थी। शहीद नीरज के सर्वोच्च बलिदान से पूरे जिले में शोक की लहर है।

शहीद जवान का पार्थिव शरीर गांव पहुंचने पर सेना के पदाधिकारियों, नाथनगर के विधायक मिथुन कुमार यादव सहित जनप्रतिनिधियों, स्थानीय पुलिस प्रशासन व सैकड़ों की संख्या में मौजूद ग्रामीणों द्वारा शहीद को अंतिम श्रद्धांजलि दी गयी। छोटे पुत्र नयन ने पिता को मुखाग्नि दिया। बरारी गंगा घाट पर शहीद का अंतिम संस्कार किया गया। 'नीरज कुमार अमर रहें' के नारों के साथ वीर सपूत को नम आंखों से अंतिम विदाई दी गयी।

# गंगा स्नान के दौरान डूबने से दो किशोरों की हुई मौत

## अंतिम संस्कार में शामिल होने गए थे दोनों बच्चे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कहलगांव (भागलपुर)।** इस प्रखंड के अंतीचक थाना अंतर्गत बटेश्वरस्थान में गंगा नदी स्नान के दौरान दो किशोरो के डूबने से मौत हो गयी। यह हृदय विदारक घटना रविवार शाम 4:30 बजे की बताई जाती है। मृतक की पहचान पीरपैंती निवासी तेज नारायण सिंह के 16 वर्षीय पुत्र कृष्ण कुमार एवं बाखरपुर गांव के रामाशंकर मंडल के 15 वर्षीय पुत्र आशीष कुमार के रूप में हुई है। मृतक आपस में मौसेरे भाई थे। स्थानीय गोताखोरों की मदद से दोनों का शव बरामद कर लिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार किसी परिचित के शव के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए दोनों किशोर अपने परिजनों के साथ बटेश्वर स्थान स्थित श्मशान घाट पर पहुंचे थे। अंतिम संस्कार के बाद बालू घाट श्मशान घाट पर गंगा स्नान के दौरान दोनों बच्चे गहरे पानी में चले गए। और डूबने लगे।

इस बीच परिजनों द्वारा शोर मचाने के बाद स्थानीय गोताखोर एवं एसडीआरएफ की मदद से दोनों बच्चे को पानी से निकला गया। और परिजनों द्वारा बेसुध हालत में बच्चे को अनुमंडलीय अस्पताल कहलगांव लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉ अशोक कुमार सिंह ने जांच के बाद दोनों बच्चे को मृत घोषित कर दिया। इन बच्चे की मौत की खबर सुनकर परिवार में मातम छा गया। इस घटना को लेकर अंतीचक थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों बच्चे परिजन के साथ शव के अंतिम संस्कार के लिए बटेश्वर स्थान आए हुए थे। इस बीच बालू घाट पर गंगा स्नान के दौरान दोनों बच्चे की डूबने से मौत हो गयी।

# चित्रकला एवं टेराकोटा कला के माध्यम से कलाकारों ने अपनी कृतियों का किया प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** कला एवं संस्कृति विभाग, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग एवं जिला प्रशासन, बेगूसराय तथा सूलोचना सामाजिक संस्थान, रंगमंडल, बेगूसराय के संयुक्त तत्वावधान में बिहार दिवस के अवसर पर अनुभूति कला प्रदर्शनी का भव्य आगाज़ किया गया। इस प्रदर्शनी में चित्रकला एवं टेराकोटा कला के माध्यम से देशभर से आए कलाकारों ने अपनी उत्कृष्ट कृतियों का प्रदर्शन किया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने इस तरह के राष्ट्रीय स्तर के आयोजन को देखकर आश्चर्य एवं उत्साह व्यक्त किया। प्रदर्शनी का आयोजन जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी श्याम कुमार सहनी की देखरेख में किया जा है। कार्यक्रम में मुख्य प्रतिभागी कलाकार रहे- इंद्रमोहन प्रसाद, अमरेश कुमार, मनोज कुमार बच्चन, बिनेंद्र कुमार सिंह, उदय कुमार पंडित, विधान कुमार राही, मनीष कुमार, मनोज कुमार साह, प्रवीण कुमार, पिंटू प्रसाद (राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त), मृत्युंजय कुमार, बिरजू कुमार, मिनात कुमार, दास पुष्कर, रश्मि सिंह, मनीष कुमार कौशिक, राजीव कुमार शर्मा, बिनेंद्र कुमार नागर, उमेश शर्मा, मनोज कुमार साहनी, शिव शंकर सिंह, प्रीति सिन्हा, अमर कुमार, कुमार निशीथ एवं सुजीत कुमार गुप्ता ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। **विशेष आकर्षण :** प्रदर्शनी में पिंटू प्रसाद की समसामयिक विषय पर आधारित टेराकोटा कृति विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें एलपीजी गैस की वर्तमान विषय को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। दर्शकों ने इस प्रस्तुति की सराहना करते हुए इसे एक सशक्त सामाजिक संदेश देने वाली कलाकृति बताया। कुल मिलाकर अनुभूति कला प्रदर्शनी ने बेगूसराय में कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में नई ऊर्ज़ा का संचार किया है तथा स्थानीय कलाकारों को राष्ट्रीय मंच प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह प्रदर्शनी दिनांक 23 मार्च, 2026 को भी जारी रहेगी।

# मानवता की सेवा ही सबसे बड़ी इबादत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटोरिया (बांका)।** आज की भागदौड़ भरी दुनिया में जहां अधिकतर लोग अपने स्वार्थ में व्यस्त हैं, वहीं गरीबों का मसीहा सामाजिक संगठन नाम से एक नेक पहल समाज में उम्मीद की नई किरण बनकर उभर रही है। यह पहल उन बेसहारा, यतीम, बुजुर्ग और जरूरतमंद लोगों के लिए समर्पित है, जो समाज की मुख्यधारा से दूर जीवन यापन कर रहे हैं। यह केवल एक संस्था या नाम नहीं, बल्कि लगभग 40 युवा साथियों का एक मिशन बन चुका है, जो पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ मानवता की सेवा में लगे हुए हैं। इस पहल के अंतर्गत यतीम बच्चों की परवरिश और उनकी शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि उन्हें एक बेहतर भविष्य मिल सके। गरीबों के मसीहा के सदर जिब्राईल अंसारी ने बताया की असहाय बुजुर्गों, विधवाओं और जरूरतमंद परिवारों को सहायता प्रदान कर उन्हें सम्मानजनक जीवन देने का प्रयास किया जा रहा है।

गरीबों का मसीहा का मुख्य उद्देश्य बिना किसी भेदभाव के हर जरूरतमंद तक मदद पहुँचाना और समाज में प्रेम, भाईचारा और करुणा की भावना को मजबूत करना है।

इस नेक कार्य से जुड़े युवा साथियों का मानना है कि ल्लएक छोटा सा योगदान किसी की जिंदगी बदल सकता है। अंत में, सभी समाजसेवियों और आम लोगों से अपील की गई है कि वे इस मिशन से जुड़कर मानवता की सेवा में अपना योगदान दें, ताकि समाज के सबसे कमजोर वर्ग के चेहरों पर मुस्कान लाई जा सके। जब इंसान, इंसान की मदद करता है, तो वह अल्लाह के सबसे करीब होता है।ङ्क

### अरहर फसल कटनी का किया प्रयोग

**बांका।** प्रखंड क्षेत्र में आज दिनांक 21/03/2026 को ग्राम कैराजोर में अरहर फसल कटनी प्रयोग दो खेतो में प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी बेलहर सुश्री ऋचा सिंह के द्वारा कराया गया। फसल कटनी कार्य का निरिक्षण राष्ट्रीय सांख्यकी कार्यालय के वरीय सांख्यिकी पदाधिकारी संजय कुमार मिश्रा के द्वारा किया गया। इस मौके पर प्रखंड के किसान सलाहकार सहित अन्य उपस्थित थे।

# सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से छात्राओं ने बांधा समां



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बौंसी/बांका।** बिहार स्थापना दिवस के अवसर पर बौंसी प्रखंड के एलएनडी प्रोजेक्ट बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने शिक्षा और संस्कृति का अनूठा संगम प्रस्तुत किया। मंदार पर्वत की ऐतिहासिक धरती पर ज्ञान और कला की सुंदर झलक देखने को मिली। विद्यालय की छात्राओं ने बिहार दिवस के शुभ अवसर पर मंदार पर्वत का शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक परिभ्रमण किया। सबसे पहले छात्राओं ने मंदार की तलहटी स्थित गुप्तकालीन लखदीपा मंदिर का अवलोकन किया और प्राचीन अवशेषों का अध्ययन किया। इसके बाद पर्वत पर पाई जाने वाली विभिन्न वनस्पतियों का वैज्ञानिक दृष्टिकोण से अध्ययन कर प्राकृतिक धरोहर को समझने का प्रयास किया। मंदार पापहरणी परिसर में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत छात्रा आर्या आनंद के देवाश्री गणेशा एकल नृत्य से हुई। स्वाति प्रिया ने मधुर एकल गीत प्रस्तुत किया, वहीं राधिका ने एक राधा एक मीरा पर मनमोहक नृत्य किया। मोना एवं सहेली ने बड़ा नीक लागे आपन देसवा के माटी समूह नृत्य प्रस्तुत कर देशप्रेम का संदेश दिया। झिझिया, कजरिया और ऐसन आपन हो बिहार जैसे लोकनृत्यों ने बिहार की सांस्कृतिक गाथा को जीवंत कर दिया। कार्यक्रम में प्रभारी प्रधानाध्यापक पवन कुमार त्रिभुवन, शिक्षिका अनुकृति आनंद सहित अन्य शिक्षक एवं 55 छात्राएं मौजूद रहीं। शिक्षा विभाग द्वारा बस और नाश्ते की व्यवस्था की गई थी। आयोजन को सफल बनाने में बिहार शिक्षा परियोजना बांका के अधिकारियों का विशेष सहयोग रहा। इस शैक्षणिक यात्रा ने छात्राओं को अपनी ऐतिहासिक जड़ों से जोड़ते हुए बिहार की समृद्ध संस्कृति पर गर्व करने का अवसर दिया।

# धूमधाम से मनाया गया बिहार दिवस, आयोजित किये गए कई कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** प्रखंड में बिहार दिवस के अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा भव्य प्रभात फेरी निकाली गई। इस अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय मेहदौली, प्राथमिक विद्यालय हंडालपुर, बगरस एवं उच्च विद्यालय महेशपुर, चंदौर सहित अन्य विद्यालयों के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रभात फेरी के दौरान बच्चों ने हाथों में तख्तियां लेकर 'बिहार की शान बढ़ाएंगे, शिक्षा का दीप जलाएंगे, 'स्वच्छ बिहार, विकसित बिहार' जैसे आकर्षक नारों के साथ पूरे पोषक क्षेत्र का भ्रमण किया। बच्चों के उत्साह और ऊर्जा ने माहौल को देशभक्ति और गौरव से भर दिया। इस कार्यक्रम में शिक्षकों एवं विद्यालय कर्मियों की सक्रिय भूमिका रही। सभी ने मिलकर बिहार के गौरवशाली इतिहास, संस्कृति और विकास की दिशा में आगे बढ़ने का संदेश दिया। प्रभात फेरी के माध्यम से बच्चों को बिहार के इतिहास और उसके महत्व के बारे में जागरूक किया गया तथा समाज में सकारात्मक संदेश देने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिसर में सभा आयोजित कर बिहार दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला गया। मौके पर प्रधानाध्यापक अशोक कुमार सिंह, संजीव कुमार चौधरी, ऋषि कुमार, भारती कुमारी, संजीत पंडित, राजीव कुमार, विश्वजीत कुमार, लक्ष्मी महतों, शिक्षक अजनीश, अनिल, नितेश, प्रभात, ऋतु राज, मीरा रानी सहित स्कूली बच्चे मौजूद था।

### मधुमक्खी के हमले में दो लोग जख्मी

**चांदन (बांका)।** बिरनियां पंचायत के गोपडीह गांव के दो आदमी को महुआ चुनने के दौरान मधुमक्खियों ने हमला कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। जानकारी के अनुसार गोपडीह गांव निवासी नंदू यादव उम्र 69 वर्ष पिता द्वारिका यादव व रोहित यादव उम्र 40 वर्ष पिता रामदेव आज रविवार सुबह महुआ चुनने हड़नी जंगल गए थे। जहां महुआ चुनने के दौरान भड़की मधुमक्खियों ने हमला कर दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गया। शोरगुल सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने किसी तरह दोनों को आक्रोशित मधुमक्खियों की झुंड से बचाकर सीएचसी चांदन पहुंचाया।

# भोजपुर में सांस्कृतिक और खेल प्रतिभाओं ने बिखेरी चमक

## कला एवं सस्कृति विभाग तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा (भोजपुर)।** वीर कुंवर सिंह स्टेडियम, रमना मैदान, आरा में बिहार दिवस 2026 का भव्य आयोजन किया गया। यह महोत्सव कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार सरकार एवं जिला प्रशासन, भोजपुर के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय श्रम संसाधन मंत्री, बिहार संजय सिंह टाइगर, लोकसभा सदस्य आरा सुदामा प्रसाद, बिहार विधानसभा सदस्य राधा चरण साह, मेयर आरा नगर निगम एवं जिलाधिकारी भोजपुर तनय सुल्तानिया सहित अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मंत्री संजय सिंह टाइगर ने अपने संबोधन में बिहार दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि बिहार अपनी समृद्ध ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं बौद्धिक विरासत के लिए पूरे देश में विशिष्ट पहचान रखता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं, खिलाड़ियों एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है तथा ऐसे आयोजन प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने उपस्थित युवाओं से राज्य के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी भोजपुर तनय सुल्तानिया ने अपने संबोधन में कहा कि बिहार दिवस केवल उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि अपनी समृद्ध विरासत को सहेजने और आगे बढ़ाने का संकल्प लेने का दिन है। उन्होंने कहा कि भोजपुर की प्रतिभाएँ हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और जिला प्रशासन उन्हें बेहतर मंच एवं संसाधन उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। शुभारंभ के उपरांत जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का भ्रमण किया तथा संचालित योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर स्वास्थ्य, शिक्षा, पुलिस, जीविका, विद्युत, पशुपालन, समाज कल्याण, सूचना एवं जनसंपर्क, स्वच्छता विभाग एवं महिला हेल्पलाइन सहित कई विभागों द्वारा आकर्षक स्टॉल लगाए गए थे। शिक्षा विभाग के स्टॉल पर स्कूली बच्चों द्वारा तैयार किए गए आर्ट एवं क्राफ्ट की आकर्षक कलाकृतियाँ विशेष रूप से लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। इस अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राओं एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत एवं परंपराओं पर आधारित मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। साथ ही, विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया, जिनमें बॉक्सिंग, भारोत्तोलन, तीरंदाजी, कबड्डी, खो-खो एवं वुशु जैसे खेल शामिल रहे। इसके अतिरिक्त, चित्रांकन, पेंटिंग एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। संध्या समय दीपोत्सव का आयोजन किया गया, जिसके पश्चात स्कूली छात्र-छात्राओं एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का कुशल संचालन जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त गुंजन सिंह, अपर समाहर्ता, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला निर्वाचन पदाधिकारी, जिला परियोजना पदाधिकारी, जिला गंगा समिति के पदाधिकारी सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

## दौड़ प्रतियोगिता में तुलसी एवं वरुण यादव ने मारी बाजी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**आरा (भोजपुर)।** प्रेरणा फाउंडेशन के बैनर तले बिहार दिवस के अवसर पर दौड़ प्रतियोगिता आयोजित किया गया यह प्रतियोगिता हवाई अड्डा मौझवा संपन्न हुआ। यह प्रतियोगिता लड़के के लिए 1600 मीटर एवं लड़कियों के लिए 1000 मी. का रखा गया। प्रतियोगिता का शुरुआत वीर कुंवर से विश्वविद्यालय की पीटीआई यशवंत सिंह, प्रेरणा फाउंडेशन के फाउंडर भुवन पांडेय, अध्यक्ष बबलू सिंह, जूडो संघ के सचिव रजनीश पाठक, तेजस अकादमी के सुनील चौधरी, क्रिकेट संघ के सचिव विजय गुप्ता, जुडो अकैडमी के जादू ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिता प्रारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यशवंत सिंह ने बताया कि बिहार दिवस पर आयोजित यह दौड़ प्रतियोगिता युवाओं के अंदर के प्रतिभा को निखारने का काम करेगा। प्रेरणा फाउंडेशन के फाउंडर भुवन पांडेय ने बताया कि सभी प्रतिभागी जो इसे प्रतियोगिता में भाग लिए हैं सबको हमारी तरफ से शुभकामनाएं आने वाले दिनों में प्रेरणा युवाओं के लिए बहुत बड़ा प्लेटफार्म बनेगा इस प्लेटफार्म से युवा साथी अपने प्रतिभा को निखार सकेंगे। कार्यक्रम का संचालन प्रेरणा फाउंडेशन के अध्यक्ष बबलू सिंह ने किया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से सहयोग तेजस अकादमी के संस्थापक सुनील चौधरी जी का रहा। लड़की ग्रुप में प्रथम पुरस्कार तुलसी कुमारी, द्वितीय पुरस्कार खुशी कुमारी एवं तृतीय पुरस्कार सपना कुमारी को मिला वहीं लड़कों ग्रुप से प्रथम पुरस्कार वरुण यादव, द्वितीय पुरास्कर अभिनव कुमार एवं तृतीय पुरास्कर विष्णु कुमार। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन दीपू मिश्रा ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रजनीश पाठक, विजय गुप्ता, बिट्टू पांडे, अनीश सिंह, रजनीस सिंह, कल्लू सिंह, बाबू धन सिंह, अभिषेक कुमार मिश्रा, सबदन पांडे, सुशील कुमार गुप्ता, सतीश सिंह, रवि सिंह, दिनेश गुप्ता सहित बहुत सारे लोग अपस्थित रहे।

## बिहार दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**आरा (भोजपुर)।** महाराजा बहादुर राम रणविजय प्रसाद सिंह महाविद्यालय में आज बिहार दिवस बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्या डा कनक लता कुमारी ने सभी को बिहार दिवस की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि 22 मार्च का यह पावन दिन हम सभी बिहारवासियों के लिए गौरव की बात है। सन 1912 में आज ही के दिन बिहार को एक स्वतंत्र पहचान मिली थी, किंतु बिहार का इतिहास हजारों वर्षों पुराना और अत्यंत गौरवशाली रहा है। उन्होंने कहा कि यह वही भूमि है जहाँ भगवान बुद्ध को ज्ञान प्राप्त हुआ तथा भगवान महावीर ने सत्य और अहिंसा का मार्ग दिखाया। नालंदा एवं विक्रमशिला जैसे विश्वविद्यालयों ने कभी पूरे विश्व को शिक्षा का पाठ पढ़ाया और भारत को 'विश्व गुरु' बनाने का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने वैशाली को लोकतंत्र की जननी बताते हुए कहा कि यहीं से विश्व को गणतंत्र का पहला पाठ मिला। प्राचार्या ने स्वतंत्रता संग्राम में बाबू कुंवर सिंह के अदम्य साहस एवं महात्मा गांधी के चंपारण सत्याग्रह का उल्लेख करते हुए कहा कि बिहारवासियों ने सदैव अन्याय के विरुद्ध खड़े होकर साहस का परिचय दिया है। आगे उन्होंने कहा, बिहार का गौरव हमारे ज्ञान, परिश्रम एवं सदाचार में निहित है। इस अवसर पर महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के प्राध्यापकगण भी उपस्थित थे जिनमें डॉ. रविंद्र कुमार (मनोविज्ञान विभाग), डॉ. सूचि स्नेहा (हिंदी विभाग), डॉ. प्रज्ञा राय (राजनीति शास्त्र), डॉ. अमृतांशु कुमार (इतिहास विभाग), डॉ. विजेंदर कुमार (वनस्पति विभाग) एवं डॉ. अमित कुमार (राजनीति शास्त्र विभाग) प्रमुख थे। सभी प्राध्यापकों ने बिहार की गौरवशाली परंपरा, उसकी सांस्कृतिक विरासत तथा राज्य की गरिमा पर अपने विचार व्यक्त किए।

## तीन दिवसीय बिहार दिवस समारोह का रंगारंग आगाज




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पीरो (भोजपुर)।** अनुमंडल स्तरीय बिहार दिवस समारोह का रविवार को रंगारंग आगाज हुआ। स्थानीय शहीद भवन में आयोजित इस कार्यक्रम का उदघाटन विधिवत रूप से अनुमंडल पदाधिकारी कृष्ण कुमार उपाध्याय ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर अपने संबोधन में कहा कि अपने बिहार का अतीत काफी गौरवशाली रहा है। यहां कई महान संत, राजनीतिज्ञ, कलाकार, विद्वानों ने जन्म लिया है। हमारा बिहार गणतंत्र की जननी कहलाता है। इसी धरती से महात्मा बुद्ध व भगवान महावीर ने दुनिया को सत्य, अहिंसा व शांति का संदेश दिया। यहां आयोजित इस तीन दिवसीय समारोह के पहले दिन विभिन्न सरकारी व निजी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। मुख्य रुप से सीबीएससी सेंट्रल स्कूल व आरकेड इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों की प्रस्तुति काफी सराहनीय रही। अन्य निजी विद्यालयों के बच्चों ने भी गीत-संगीत व नृत्य की शानदार प्रस्तुति की। संध्या पर जय बिहार, जय बिहार के गगनभेदी नारों के बीच भव्य व आकर्षक रैली निकाली गई। पीरो प्रखंड कार्यालय परिसर से निकली रैली शहर के मुख्य मार्ग से होते पुष्पा उच्च विद्यालय में पहुंच कर संपन्न हुई। कार्यक्रम में उप समाहर्ता भूमि सुधार वरुणजय कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार, अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी श्रेया बोस, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मनोज सिंह, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सहित कई अन्य पदाधिकारी व कर्मी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक आरिफ रौनक ने किया।

## आरा की शिवाक्षी ने बिहार दिवस के मुख्य समारोह में किया नृत्य

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**आरा (भोजपुर)।** पटना के गांधी मैदान में आयोजित बिहार दिवस समारोह में आरा की बाल कथक नृत्यांगना शिवाक्षी ने नृत्य प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आरा की इस बाल नृत्यांगना ने पटना में आयोजित पूरे बिहार के मुख्य समारोह में शिरकत कर जिले का नाम रौशन किया। 4 साल की नन्ही सी उम्र में शिक्षा विभाग के पवेलियन स्थित प्रदर्शन कला मंच पर ठुमरी 'ठारे रहियो मोरे श्याम गगरी मैं भरी आऊँ' पर शिवाक्षी के मनोहारी ने दर्शकों को खूब आकर्षित किया। इस अवसर पर शिवाक्षी विशिष्ट प्रतिभा पुरस्कार प्रदान किया गया। शिक्षा विभाग के कला एवं खेल नोडल पदाधिकारी जैनेंद्र दोस्त व व्याख्याता राजीव रंजन ने संयुक्त रूप से प्रदान किया। गौरतलब है की आरा की शिवाक्षी बिहार के राजकीय उत्सव में इतनी कम उम्र में शिरकत करने वाली पहली नृत्यांगना है। बाल नृत्यांगना के इस उपलब्धि पर शास्त्रीय गायिका बिमला देवी, जोवीयल जूनियर इंटरनेशनल स्कूल की प्राचार्या आयुषी जैन, निदेशक मनीष जैन, गुरु पंडित राम प्रकाश मिश्रा, महेश यादव, कथक नृत्यांगना आदित्या व गुरु बक्शी विकास ने बधाई दी है।

## ज्ञानपुर हत्याकांड मामले में प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोइलवर (भोजपुर)।** गीधा थाना क्षेत्र के ज्ञानपुर गांव में प्रेम प्रसंग के संदेह में हुए युवक हत्याकांड में पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। इस मामले में रविवार को मृतक के भाई के बयान पर एक नामजद और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। गीधा थानाध्यक्ष टिंकू कुमार ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। उल्लेखनीय है कि शनिवार को ज्ञानपुर गांव में दिनदहाड़े हरेराम राय के 24 वर्षीय पुत्र रवि कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। रवि कुमार पेशे से ट्रैक्टर चालक था और घटना के समय वह गांव में ही मौजूद था। अचानक हुई इस वारदात से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक के परिजनों ने इस हत्याकांड के पीछे प्रेम प्रसंग के संदेह को कारण बताते हुए गांव के ही पड़ोसी सरोज सिंह पर गोली मारने का आरोप लगाया है। परिजनों के अनुसार, इसी विवाद को लेकर घटना को अंजाम दिया गया। घटना के बाद से गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। पुलिस एहतियात के तौर पर इलाके में नजर बनाए हुए है और स्थिति को सामान्य बनाए रखने की कोशिश कर रही है।

## 'स्वस्थ रहें सुरक्षित रहें' नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**उदवंतनगर (भोजपुर)।** विद्या कला उत्थान फाउंडेशन, आरा के बैनर तले उदवंतनगर प्रखंड के ग्राम रामपुर मिल्की स्थित महादलित टोला में एक प्रेरणादायक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में जन-जागरूकता फैलाना और लोगों को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति सजग करना था। कार्यक्रम की शुरुआत मधुर गीत-संगीत से हुई, जिसने वहां उपस्थित लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। इसके पश्चात संस्था के कलाकारों द्वारा 'स्वच्छ रहें, सुरक्षित रहें' शीर्षक से एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। इस नाटक के माध्यम से स्वच्छता के महत्व, साफ-सफाई की आदतों, और एचआईवी जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के उपायों को सरल और समझने योग्य तरीके से दर्शाया गया। कलाकारों ने अपने सशक्त अभिनय, संवाद और भाव-भंगिमा के जरिए यह संदेश दिया कि व्यक्तिगत स्वच्छता और जागरूकता ही स्वस्थ जीवन की कुंजी है। नाटक में दिखाया गया कि कैसे छोटी-छोटी लापरवाहियां बड़ी बीमारियों का कारण बन सकती हैं, और समय रहते जागरूक होकर इनसे बचा जा सकता है। इस अवसर पर संस्था के प्रतिभाशाली कलाकार नागेश्वर नयन, दुर्गा प्रसाद, दिव्या कुमारी, मुस्कान कुमारी, हरेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### बिहार ने समाज...

गया है। उन्होंने नालन्दा विश्वविद्यालय को बिहार की ऐतिहासिक धरोहर बताते हुए कहा कि इसे नई पहचान देने का प्रयास किया गया है, जिससे प्राचीन ज्ञान परंपरा को पुनर्जीवित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार में रेल और हवाई संपर्क का तेजी से विस्तार हुआ है। पटना हवाई अड्डे पर नए टर्मिनल का निर्माण, दरभंगा की बेहतर हवाई कनेक्टिविटी और पूर्णिया में नए टर्मिनल भवन का निर्माण महत्वपूर्ण उपलब्धियां हैं। उन्होंने औंटा-सिमरिया पुल परियोजना के उद्घाटन के दौरान लोगों के उत्साह को भी याद किया और कहा कि आने वाले समय में बिहार के विकास की गति और तेज होगी। प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके सुशासन और सभी वर्गों के कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता ने राज्य में विश्वास, स्थिरता और प्रगति की नई धारा शुरू की है। उन्होंने कहा कि आज का बिहार अपने गौरवशाली अतीत से प्रेरणा लेकर आत्मविश्वास के साथ भविष्य की ओर अग्रसर है और यह यात्रा भारत की प्रगति का ही प्रतिबिंब है। प्रधानमंत्री ने पत्र के अंत में एक बार फिर मुख्यमंत्री और बिहार के सभी नागरिकों को शुभकामनाएं देते हुए राज्य की निरंतर प्रगति और समृद्धि की कामना की।

## सीनियर सिटीजन के लिए सरकार बनाए व्यापक योजना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**आरा (भोजपुर)।** सीनियर सिटीजन वेलफ़ेयर एसोसिएशन ऑफ इंडिया की संचालन समिति की बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि देश में वरिष्ठ नागरिकों की संख्या 10 करोड़ 70 लाख तक पहुंच चुकी है, इसके बावजूद केंद्र सरकार उनके लिए कोई व्यापक योजना लागू नहीं कर पा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि कोविड काल में बंद की गई रेलवे टिकटों पर छूट को पुनः लागू करने की सिफारिश रेलवे स्टैंडिंग कमेटी द्वारा कई बार किए जाने के बावजूद अब तक इस पर कोई निर्णय नहीं लिया गया है। बैठक में राष्ट्रीय महासचिव डॉ. दिवाकर पांडे, उपाध्यक्ष अशोक मिश्रा और जिला अध्यक्ष हरेंद्र सिंह ने एक स्वर में मांग की कि वरिष्ठ नागरिकों के हित में भारतीय जन औषधि केंद्रों की तर्ज पर राष्ट्रीय स्तर पर जांच घर और अल्ट्रासाउंड सुविधाएं शुरू की जाएं, संचालन समिति ने आगामी 5 अप्रैल 2026 को भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी भवन, दक्षिणी रमना मैदान में होने वाले वार्षिक अधिवेशन की तैयारियों की समीक्षा की। इस अधिवेशन का उद्घाटन बिहार सरकार के श्रम संसाधन एवं श्रमिक कल्याण मंत्री संजय सिंह टाइगर द्वारा किया जाएगा। अधिवेशन में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवा देने वाले नागरिकों को सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही बैठक में यह प्रस्ताव भी रखा गया कि देश के सभी प्रखंडों में ओल्ड एज होम की स्थापना की जाए और वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक व्यापक राष्ट्रीय योजना तैयार कर सरकार के समक्ष प्रस्तुत की जाए। वार्षिक अधिवेशन में पद्मश्री से सम्मानित डॉ भीम सिंह भवेश और भरत सिंह भारती को भी सम्मानित किया जाएगा। संचालन समिति की बैठक में प्रमुख रूप से धीरेंद्र प्रसाद सिंह, डॉ. दिवाकर पांडे, अशोक कुमार मिश्रा, महावीर सिंह, रविंद्र नाथ, उदय प्रताप, प्रो. अमरेंद्र कुमार, योगेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### सीएम के आगमन की तैयारी पर चर्चा

**आरा (भोजपुर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आरा परिसदन सभागार में एनडीए की सार्वजनिक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गा राज एवं संचालन जनता दल यूनाइटेड महानगर आरा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश चौधरी ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि अगिआंव विधायक महेश पासवान रहे। बैठक में आगामी 25 मार्च को समृद्धि यात्रा की तहत भोजपुर जिला विकास कार्यों की समीक्षा करने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की आगमन में उनके अभिनन्दन एवं कार्यक्रम को सफल बनाने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से लोजपा जिलाध्यक्ष श्री राजेश्वर पासवान, रालोमो जिलाध्यक्ष रोहित कुशवाहा, हम जिलाध्यक्ष महेश्वर मिश्रा उर्फ मुन्ना बाबा, भिम पटेल, अवधेश राम, शैलेन्द्र नाथ राय, सुधीर कुमार सिंह, सिडी शर्मा, राजेन्द्र तिवारी, ज्योति कुशवाहा, नीतेश दुबे, विष्णु शंकर, विनीत कुशवाहा, पंकज कुशवाहा आदि नेता सक्रिय रहे।

### बुजुर्ग महिला को किया जख्मी

**आरा (भोजपुर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के देवरिया गांव में रविवार की दोपहर एक बुजुर्ग महिला को धारदार हथियार से जख्मी कर दिया गया। उन्हें इलाज के लिए उदवंतनगर पीएचसी से सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के अनुसार जख्मी बुजुर्ग महिला उदवंतनगर थाना क्षेत्र के देवरिया गांव निवासी केशो राय की 60 वर्षीया पत्नी चुनमुना देवी है। इधर, जख्मी महिला के पति केशो राय ने बताया कि उन्होंने अपने खेत में टमाटर की रोपनी की है। जिसमें रविवार की दोपहर गांव के ही राधा मोहन की मवेशी उनका खेत चर रही थी। जब उनकी पत्नी चुनमुना देवी द्वारा इसका विरोध किया गया, तो विपक्षी द्वारा अपनी पत्नी के साथ मिलने उनकी पिटाई कर दी। वही उनके बाएं हाथ की हथेली पर धारदार हथियार से मारकर जख्मी कर दिया। वहीं दूसरी तरफ जख्मी बुजुर्ग महिला के पति केशो राय ने गांव के राधा मोहन एवं उनकी पत्नी पर उनके बकरी द्वारा खेत में लगी फसल चरने का विरोध करने पर हसुआ से मारकर अपनी पत्नी को जख्मी करने का आरोप लगाया है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रहे हैं।

### गोली मारने के मामले में बालक निरूद्ध

**जगदीशपुर (भोजपुर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जगदीशपुर थाना पुलिस ने जदयू प्रखंड अध्यक्ष को गोली मारने के मामले में एक विधि-विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया गया। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक राज ने दी। बता दें कि बीते वर्ष 6 दिसंबर की दोपहर जगदीशपुर थाना क्षेत्र के शिवगंज टोला निवासी जदयू प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह उर्फ मनोज कुशवाहा अपने दरवाजे पर बैठे थे तभी एक बाइक पर सवार तीन अज्ञात हथियारबंद बदमाश आए और उन्हें गोली मार दी थी। तब गोली उनके जांघ को छेदते हुए आर पार हो गई थी और वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। इसके बाद जख्मी मनोज कुमार सिंह उर्फ मनोज कुशवाहा के द्वारा बाइक सवार तीन अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। अनुसंधान के क्रम में विधि विरुद्ध बालक का नाम आया था।

### अंग्रेजी शराब के साथ बालक निरुद्ध

**आरा (भोजपुर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नवादा थाना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र थाना क्षेत्र के अनाइठ छोटी रेलवे लाइन के पास से अंग्रेजी शराब के साथ एक विधि-विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया गया।। उसके पास से 18 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया। वहीं उक्त बालक थाना क्षेत्र निवासी बताया जा रहा है। बताया जाता है कि नवादा थाना पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी की अनाइठ छोटी रेलवे लाइन के पास अंग्रेजी शराब की खरीद- बिक्री होने वाली है। सूचना के सत्यापन उपरांत पुलिस जब वहां पहुंची तो उक्त बालक पुलिस को देख भागने का प्रयास करने लगा। तभी पुलिस ने उसे पकड़ लिया। इस संबंध में बिहार मधनिषेध अधिनियम एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। वहीं पुलिस के अनुसार पूछताछ के दौरान उक्त बालक ने द्वारा बताया गया कि वह यूपी से अंग्रेजी शराब लेकर आ रहा था। पुलिस उसके अन्य कनेक्शन के बारे में भी छानबीन कर रही हैं।

### एसपी ने तीयर थाना का किया निरीक्षण

**आरा (भोजपुर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक राज ने रविवार को तीयर थाना का निरीक्षण किया। इस दौरान थाना परिसर की स्वच्छता, कार्यालय व्यवस्था, अभिलेखों के संधारण, अपराध नियंत्रण से संबंधित विभिन्न तख़्तियो, दस्तावेजों एवं अन्य आवश्यक अभिलेखो की गहनता से जांच की। इस दौरान एसपी ने महिला पुलिसकर्मियों को लेकर निर्मित सिपाही बैरक का भी निरीक्षण किया। इसके उपरांत थाना में लंबित कांडों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी अनुसंधानकर्ताओं को मामलों के शीघ्र निष्पक्ष व प्रभावी अनुसंधान एवं निष्पादन सुनिश्चित करने हेतु दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने विधि व्यवस्था संधारण एवं आम जनता को बेहतर पुलिस सेवा उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया। उन्होंने आगामी चैती छठ एवं रामनवमी पर्व मद्देनजर आवश्यक तैयारी को लेकर निर्देशित किया।

### अज्ञात बुजुर्ग का शव बरामद

**आरा (भोजपुर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के सुढ़नी गांव मोड़ स्थित यात्री शेड से रविवार को एक अज्ञात 50 वर्षीय अधेड़ का शव बरामद हुआ। शव मिलले हु लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना उदवंतनगर थाना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। इसके पश्चात पुलिस शव की पहचान करने एवं मामले की छानबीन में जुट गई। इधर पुलिस द्वारा बनाए गए मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार अज्ञात अधेड़ की मौत चोट लगने से जख्मी होने एवं इलाज नहीं होने के कारण मौत होना प्रतीत होता है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। वहीं खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

### बाइक से गिरकर महिला की मौत

**आरा/बिहिया (भोजपुर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के बिहिया बाजार के समीप शनिवार की शाम बाइक से गिरकर एक अधेड़ महिला की मौत हो गई। इलाज के लिए सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार मृतका बिहिया थाना क्षेत्र के पीपरा जगदीश गांव निवासी नेजामुद्दीन अंसारी की 40 वर्षीया पत्नी हाजरा खातून है। बताया जाता है कि उनके बहन के बेटे की तबीयत खराब थी। शनिवार की दोपहर वह इमामुद्दीन के साथ बाइक द्वारा चरपोखरी थाना क्षेत्र के मलौर गांव अपने मायके बहन के बेटे को देखने गई थी। जब वह वापस गांव लौट रही थी। उसी दौरान बिहिया बाजार के समीप अचानक ब्रेकर आ जाने के कारण वह असंतुलित होकर बाइक से गिर पड़े। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। परिजन द्वारा उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने देख उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके पश्चात पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया गया। बताया जाता है कि मृतका को तीन पुत्री रेहाना, सहेना, मुस्कान व दो पुत्र गोलू एवं इमामुद्दीन है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है।घटना के बाद मृतका के परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### बिहार दिवस पर निकली प्रभात फेरी

**मनसाही/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** हर साल कि तरह इस साल भी मध्य विद्यालय मोहनपुर के प्रांगण में बिहार दिवस के शुभ अवसर पर विद्यालय से प्रभातफ़ेरी निकाली गई जो विभिन्न गांव का भ्रमण करते हुए वापस विद्यालय पहुंचा। इस मौके पर विद्यालय मैं सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ रंगोली एवं चित्रांकन प्रतियोगिता में आयोजन किया गया। जिसमें सभी प्रतिभागी को पुरस्कार स्वरूप मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक संजय कुमार वरीय शिक्षक मुश्फिक आलम, बाल संसद, मीना मंच, यूथ क्लब, यूको क्लब के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### देव में चार दिवसीय चैती छठ मेला शुरू, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने किया उद्घाटन

# अनुशासन एवं सामाजिक एकता का प्रतीक है छठ महापर्व

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** देव स्थित सूर्य नगरी में आयोजित चैती छठ मेला एवं बिहार दिवस कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन रविवार को सांसद अभय कुशवाहा, सदर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह, रफीगंज विधायक प्रमोद कुमार सिंह, कुटुंबा विधायक ललन राम, जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल, नगर पंचायत देव के अध्यक्ष पिंटू साहिल सहित अन्य ने किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा सांसद और विधायक सहित अन्य जन प्रतिनिधियों को पौधा एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही अन्य गणमान्य अतिथियों को भी जिला स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा पौधा एवं शाल प्रदान कर स्वागत किया गया। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने सभी श्रद्धालुओं एवं जिलावासियों को छठ महापर्व एवं बिहार दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि चैती छठ महापर्व के पावन अवसर पर देव छठ मेला तथा बिहार दिवस का संयुक्त आयोजन जिले के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि देव की पावन धरती पर अवस्थित भगवान सूर्य का भव्य मंदिर धार्मिक, पौराणिक एवं ऐतिहासिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा इसकी विशिष्ट स्थापत्य कला इसे विशेष पहचान प्रदान करती है। इतिहासकारों के अनुसार इस मंदिर



का निर्माण छठी से आठवीं शताब्दी के मध्य माना जाता है, वहीं पौराणिक मान्यताओं में इसे त्रेता युग से संबंधित बताया गया है। मंदिर परिसर में स्थित शिलालेख इसकी प्राचीनता एवं महत्ता को और अधिक प्रमाणित करता है। जिलाधिकारी ने कहा कि चार दिवसीय छठ महापर्व के अवसर पर आयोजित इस भव्य मेले में लाखों श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना है। श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक व्यवस्था की गई है। देव सूर्य मंदिर एवं कुंड परिसर तक पहुंचने वाले सभी मार्गों की मरम्मत कराई गई है तथा विभिन्न स्थानों पर सिगनेज लगाए गए हैं। पेयजल, टेंट-पंडाल, प्रकाश व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। आपात स्थिति से निपटने के लिए भी सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। उन्होंने स्थानीय नागरिकों, स्वयंसेवकों, बुद्धिजीवियों एवं मीडिया प्रतिनिधियों से भी सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की। जिलाधिकारी ने बिहार दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बिहार दिवस केवल एक तिथि नहीं बल्कि हमारे गौरवशाली इतिहास, समृद्ध संस्कृति एवं ज्ञान परंपरा का उत्सव है। उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह ने जिलावासियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि छठ महापर्व केवल एक पूजा नहीं बल्कि आस्था, विश्वास, अनुशासन एवं सामाजिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि चार दिनों तक चलने वाला यह महापर्व शांति, समर्पण एवं सांस्कृतिक महत्ता का प्रतीक है तथा ईश्वर से प्रार्थना की कि यह पर्व सभी के जीवन में सुख, शांति एवं समृद्धि लाए। इस अवसर पर वरीय उप समाहर्ता रितेश यादव, जिला जन संपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, मंदिर न्यास समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, श्रद्धालु एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# गैस की कालाबाजारी व जमाखोरी पर जिला प्रशासन सख्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

### छह संवेदनशील गैस एजेंसियों पर पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति

**औरंगाबाद।** जिला अंतर्गत विभिन्न गैस एजेंसियों के माध्यम से एलपीजी गैस आपूर्ति एवं वितरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार जिले में गैस आपूर्ति सामान्य रूप से संचालित हो रही है। विभिन्न गैस एजेंसियों द्वारा औसत दैनिक मांग के अनुरूप गैस की डिलीवरी की जा रही है तथा लंबित बुकिंग का निष्पादन लगातार किया जा रहा है। जिले में कुल 37 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 8689 सिलेंडर की मांग के विरुद्ध लगभग 6843 सिलेंडर की डिलीवरी की जा रही है। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा सभी गैस एजेंसियों को उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने, लंबित बुकिंग का शीघ्र निष्पादन करने तथा वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने का निर्देश दिया गया है। साथ ही कृत्रिम कमी उत्पन्न नहीं होने देने का भी निर्देश दिया गया है। संबंधित प्रखंडों के पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में गैस वितरण व्यवस्था की निगरानी करने तथा किसी भी समस्या की सूचना तत्काल जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। जिले के कुल 37 गैस एजेंसियों में से 06 संवेदनशील गैस एजेंसियों पर पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। नियंत्रण कक्ष में प्राप्त कुल 15 शिकायतों में से 13 शिकायतों का निष्पादन कर दिया गया है तथा 02 शिकायतों का निष्पादन प्रक्रियाधीन है। कालाबाजारी एवं जमाखोरी की रोकथाम हेतु सतत निगरानी की जा रही है। इस संबंध में औचक निरीक्षण किया जा रहा है तथा अब तक कोई वाद दर्ज नहीं किया गया है।

# तीन दिनों से गैस की आपूर्ति बंद, उपभोक्ता परेशान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** प्रखंड क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडर की किल्लत लोगों के लिए चुनौती बनी हुई है। गैस एजेंसियों के काउंटर पर घंटों लाइन में खड़े रहने के बावजूद उपभोक्ताओं को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। रविवार की सुबह कार्तिक एचपी गैस एजेंसी अंबा के काउंटर पर दर्जनों उपभोक्ता गैस सिलेंडर लेने पहुंचें। परन्तु एजेंसी बंद रहने के कारण उन्हें सिलेंडर लिए बगैर ही वापस लौटना पड़ा। इस संदर्भ में फोन पर संपर्क करने पर एजेंसी के मालिक मनोज सिंह ने बताया कि कंपनी द्वारा नियमित आपूर्ति नहीं किए जाने के कारण विगत तीन दिनो से गैस सिलेंडर का वितरण बंद है। शुक्रवार को कंपनी में गाड़ी देर से पहुंचने के कारण नंबर नहीं मिल पाया था। इधर ईद और रविवार के चलते दो दिन की बंदी थी। कंपनी में गाड़ी लगी हुई है। वहां से आपूर्ति होते ही वितरण शुरू कर दिया जाएगा। ऑफिस बंद होने की बात पर उन्होंने कहा कि हमें सिस्टम पर प्रतिदिन काम करना होता है परंतु उपभोक्ता एजेंसी पर आकर हंगामा कर रहे हैं और सिलेंडर की डिलीवरी के लिए समय सुनिश्चित करने का दबाव बना रहे हैं। जिसके कारण ऑफिस बंद रखा गया है। उन्होंने बताया कि कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई बंद होने के कारण, सालों से गैस सिलेंडर की बुकिंग व उपयोग नहीं करने वाले उपभोक्ता गैस लेकर दुकानदारों को सप्लाई कर रहे हैं जिसके कारण नियमित सप्लाई पर दबाव बढ़ गया है। उन्होंने कंपनी से नियमित आपूर्ति करने की अपील की है ताकि एजेंसी के संचालन व वितरण निर्बाध रूप से की जा सके।

# औरंगाबाद में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'फार्मा स्पेक्ट्रम-2026' आज से

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

### सम्मेलन में भारत के अलावा दूसरे देशों के भी प्रतिनिधि हो रहे हैं शामिल

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय के बियाडा परिसर स्थित महादेवा लाल सर्राफ कॉलेज ऑफ फार्मेसी में सोमवार से दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 'फार्मा स्पेक्ट्रम-2026' का आगाज होगा। इसमें 'फार्मास्युटिकल और बायोमेडिकल विज्ञान में नवाचार और भविष्य के रुझान' विषय पर चर्चा की जाएगी। इस सम्मेलन में भारत के अलावा अन्य देशों के भी वक्ता शामिल हो रहे हैं। इनमें बुरफा विश्वविद्यालय, सेन्सूक, थाईलैंड की डॉ. तनिकन संगनिम, पोखरा विश्वविद्यालय, नेपाल के डॉ. गुलाम मुहम्मद खान, दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय, गया के प्रो. (डॉ.) विवेक दवे, रंगसिट विश्वविद्यालय, थाईलैंड के डॉ. कम्पनार्ट हुआंबुट्टा, आईआईटी-बीएचयू, वाराणसी, उत्तर प्रदेश के डॉ. दीपक कुमार, डोडोमा विश्वविद्यालय, तंजानिया गणराज्य के डॉ. रिचर्ड चेरेहानी काशिंदे, उत्तर बंगाल विश्वविद्यालय, पश्चिम बंगाल की डॉ. परमिता पॉल (दुआ), मोनाश यूनिवर्सिटी मलेशिया के डॉ. ओमोटायो फटकुन,



प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, ओगबोमोसो, ओयो राज्य नाइजीरिया के प्रो. (डॉ.) अजयी अयोदेजी फोलोरुनशो शामिल होंगे। महादेवा लाल सर्राफ कॉलेज ऑफ फार्मेसी के निदेशक डॉ. ब्रजकिशोर सिंह ने कहा कि यह सम्मेलन शिक्षाविदों, उद्योग जगत के पेशेवरों, शोधकर्ताओं, वैज्ञानिक, प्रकाशकों और छात्रों के लिए विचारों का आदान-प्रदान करने, अपने निष्कर्ष प्रस्तुत करने और सार्थक सहयोग स्थापित करने के लिए एक मूल्यवान मंच प्रदान करेगा। इस आयोजन का हाइब्रिड प्रारूप सहभागिता और वैश्विक संवाद को और भी बढ़ाता है जिससे समावेशी शिक्षण और पेशेवर नेटवर्किंग को बढ़ावा मिलता है। सम्मेलन के दौरान होने वाली चर्चाएँ और विचार-विमर्श अनुसंधान की नई दिशाओं को प्रेरित करेंगे और औषधीय विज्ञान की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। वहीं एमएलएस कॉलेज ऑफ फार्मेसी की चेयरपर्सन सरिता सिंह ने कहा कि इस सम्मेलन का उद्देश्य फार्मास्युटिकल और बायोमेडिकल विज्ञान में उभरते शोध और नवोन्मेषी प्रौद्योगिकियों को उजागर करना है। यह आयोजन ज्ञान, विचारों और नवीनतम वैज्ञानिक प्रगति के आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करता है। इस प्रकार के सम्मेलन स्वास्थ्य सेवा और औषधि विकास की भविष्य की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह पेशेवर नेटवर्क को मजबूत करेगा और सार्थक सहयोग को प्रोत्साहित करेगा। इस बीच एमएलएस कॉलेज ऑफ फार्मेसी के कार्यकारी निदेशक डॉ. विकास कुमार सिंह ने बताया कि सम्मेलन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। साथ ही सम्मेलन में भाग लेने वाले प्रतिनिधियों का आना भी शुरू हो गया है।

# नहाय-खाय के साथ चैती छठ महापर्व शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नहाय-खाय के साथ रविवार से चार दिवसीय चैती छठ महापर्व आरंभ हो गया। जिले के विभिन्न इलाकों में श्रद्धाभाव के साथ व्रतियों ने नहाय-खाय के साथ व्रत आरंभ किया। सुबह में व्रतियों ने घरों में स्नान के बाद पान के पत्ते, सुपारी और अक्षत सूर्यदेव को अर्पित किया। आराधना के बाद व्रतियों ने छठ पर्व के मंगलमय समापन के लिए देवी-देवताओं का आह्वान किया। पूजा-अर्चना के बाद नेम निष्ठा के साथ व्रतियों ने पीतल के पात्र में कद्दू, चने का दाल और चावल तैयार किया। तैयार अन्न को देवताओं को निवेदित करने के बाद व्रतियों ने कद्दू, भात ग्रहण किया। व्रतियों के परिवार वालों के अलावा परिचितों ने भी प्रसाद स्वरूप कद्दू भात ग्रहण किया। बता दें कि चैत्र माह में होने वाले छठ को कष्टकारी माना जाता है। इसके बावजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस व्रत को धारण करते हैं। इधर कई व्रतियों ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित तालाब, नदियों में स्नान किया और पूजा की। चैत्र माह में होने वाले छठ में सोमवार की शाम व्रती खरना करेंगे। खरना के लिए व्रतियों के यहां तैयारी शुरू कर दी गई है। सफाई के बाद गेहूं को धोकर सुखाया गया।



इसके बाद गेहूं को साफ चक्की में पिसाया गया। इससे तैयार आटे से सोमवार की शाम में व्रती रोटी तैयार करेंगे। मिट्टी के चूल्हे पर आम की लकड़ी से तैयार ताव पर व्रती गुड़ और चावल से खीर बनाएंगे। सूर्यास्त के बाद पूजा-अर्चना के बाद व्रती खरना का अनुष्ठान पूरा करेंगे। इसके बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया जाएगा। श्रद्धालु व्रती का चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लेंगे। कई व्रतियों के यहां परंपरा के मुताबिक चावल, दाल और पूड़ी भी तैयार की जाती हैं। सूर्य नगरी के रूप में चर्चित औरंगाबाद के देव में लोक आस्था के महापर्व चैती छठ पर्व को लेकर बड़ी संख्या में व्रती जुट गए हैं। इस छठ में इस बार पांच से सात लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान लगाया गया है। जिला प्रशासन ने मेले को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारी की है। जिला प्रशासन अलग-अलग विभागों के बीच जिम्मेदारियां बांटते हुए समितियों का गठन किया गया है। श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए पांच प्रमुख स्थानों पर आवास स्थल बनाए गए हैं। जहां एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था की गई है।

## पुलिस ने गुम हुए मोबाइल को वापस लौटाया

औरंगाबाद। ऑपरेशन मुस्कान के तहत गोह पुलिस ने गुम हो चुके स्मार्ट फ़ोन बरामद कर वास्तविक मालिक को सुपुर्द कर दिया। ऐसे में मोबाइल मिलने की आस छोड़ चुके थाना क्षेत्र के बाजार वर्मा निवासी रवींद्र कुमार को मोबाइल फोन मिलने से खुश होकर पुलिस का आभार जताया। बताया जाता है कि रवींद्र ने मोबाइल हासिल करने के लिए थाना में आवेदन दिया था और खोजबीन की गुहार लगाई थी। हालांकि कुछ दिनों से इस तरह के मामलों को लेकर सक्रिय स्थानीय पुलिस के जवान हर माह मोबाइलों को ट्रेस कर बरामद कर रहे हैं। अब तक कई लोगों का मोबाइल पुलिस खोजकर लोगों को दे चुकी है। रविवार को भी कुछ दिनों पहले गुम हुए मोबाइल को थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह ने थाने में बुलाकर वापस लौटाया। थानाध्यक्ष ने बताया कि गुम हुए मोबाइल फोन को खोजने का यह अभियान पुलिस का लगातार जारी रहेगा। उन्होंने लोगों से अपील की है कि जब भी मोबाइल फोन गुम होता है तो अपने नजदीकी थाना में या फिर ऑनलाइन शिकायत जरूर दर्ज करवाएं।

# हजारों साल पुराना है बिहार का स्वर्णिम इतिहास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय में बिहार दिवस बड़े ही धूमधाम, उत्साह एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया, जिससे पूरे परिसर में उत्सव एवं उल्लास का वातावरण व्याप्त हो गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में विविध प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें क्विज, स्लोगन, पेंटिंग, काव्य पाठ, गायन, नृत्य एवं भाषण प्रतियोगिता प्रमुख रूप से शामिल रहे। कार्यक्रम का प्रभावी एवं आकर्षक मंच संचालन रवि रंजन त्रिपाठी द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गीत से हुई जिसमें ऋचा, शिखा, उषा, गीता एवं रिंकी ने अपनी मधुर प्रस्तुति से अतिथियों का हृदय से स्वागत किया। इसके पश्चात सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की श्रृंखला ने कार्यक्रम को जीवंत बना दिया।



कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने बिहार की गौरवशाली परंपरा, सांस्कृतिक धरोहर एवं ऐतिहासिक महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। कहा गौरवशाली बिहार का स्वर्णिम इतिहास हजारों साल पुराना है। डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. सुनील कुमार गुप्ता एवं डॉ. शरुचि ने विद्यार्थियों को बिहार के इतिहास से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। वहीं डॉ. जुबैर आलम ने अपनी प्रभावशाली शायरी से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। खेलकूद प्रतियोगिताओं में भी छात्र-छात्राओं का उत्साह देखने योग्य रहा। शूटिंग प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जबकि वॉलीबॉल में टीम ए एवं बास्केटबॉल में एनसीसी टीम विजेता रही। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा यह भी घोषणा की गई कि सभी प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को आगामी समारोह में सम्मानित किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों का उत्साह और अधिक बढ़ेगा।इस अवसर पर डॉ. रमेश यादव, डॉ. विनिता साह, डॉ. सुमन कुमारी, डॉ. आराधना कुमारी, अकाउंटेंट विवेक कुमार, सहायक अनुज कुमार, डब्लू गिरी, आर्यन, आशुतोष कुमार, गगनदीप, सोनल, मनीष, संजन गिरी, गौतम सहित अन्य कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# छठव्रतियों के लिए देव में पहली बार हुआ टेंट सिटी का निर्माण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व देव चैती छठ मेला के अवसर पर श्रद्धालु छठ व्रतियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए देव में पहली बार सूर्य कुंड स्थित जीवा बिगहा मोड़ के समीप जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार टेंट सिटी का निर्माण कराया गया है। इस टेंट सिटी का उद्देश्य दूर-दराज से आने वाले छठ व्रतियों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं सुविधाजनक आवासीय व्यवस्था उपलब्ध कराना है, ताकि वे श्रद्धा एवं भक्ति के साथ भगवान सूर्य की आराधना कर सकें। टेंट सिटी में छठ व्रतियों के ठहरने हेतु फोल्डिंग बेड, गद्दा, बेडशीट, चादर, तकिया सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। साथ ही परिसर में स्वच्छ पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता, सुरक्षा एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की भी समुचित व्यवस्था की गई है। जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया गया है कि टेंट सिटी में ठहरने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं तथा नियमित निगरानी की व्यवस्था की गई है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# आपात स्थिति से निपटने के लिए देव में सभी सुविधाएं उपलब्ध

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** देव चैती छठ मेले की तैयारी एवं विधि-व्यवस्था की समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल द्वारा संयुक्त रूप से विभिन्न आवासन स्थलों एवं मेला क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम जिलाधिकारी द्वारा कुंड परिसर में स्थापित स्वास्थ्य शिविर कैंप का निरीक्षण कर सिविल सर्जन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, ताकि व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न आवासन स्थलों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस क्रम में उन्होंने छठ व्रतियों से संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने उपस्थित व्रतियों को आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन इस आस्था के महापर्व के सुचारू, सुरक्षित एवं श्रद्धापूर्ण आयोजन हेतु पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। जिला प्रशासन द्वारा सभी आवासन स्थलों पर पेयजल, प्रकाश, स्वच्छता,



चिकित्सीय सुविधा सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी आवासन स्थलों पर स्वच्छता व्यवस्था निरंतर बनी रहे तथा 24 घंटे सफाई कर्मियों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही प्रत्येक आवासन स्थल पर व्रतियों की सुविधा के लिए सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित चेंजिंग रूम की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी द्वारा यह भी निर्देश दिया कि सभी स्थलों पर चिकित्सा टीम की सतत उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। विधि-व्यवस्था के दृष्टिगत दंडाधिकारी स्तर पर निरंतर निगरानी बनाए रखने का भी निर्देश दिया गया, ताकि छठ पर्व का आयोजन शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं श्रद्धापूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके। निरीक्षण के अवसर पर सदर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह, उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता (आपदा) उपेंद्र पंडित, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, पुलिस उपाधीक्षक सहित संबंधित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## फरार तीन आरोपितों ने कोर्ट में किया आत्मसमर्पण

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** रफीगंज पुलिस के दबाव में आर्म्स एक्ट एससी-एसटी एक्ट में फरार तीन आरोपियों ने कोर्ट में आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पण करने वालों में थाना क्षेत्र के नीमा वाजिद गांव निवासी अंकित कुमार, अमित कुमार व अंकित कुमार शामिल है। जानकारी के अनुसार मामले की गंभीरता को देखते हुए फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा था। लगातार हो रही कार्रवाई और संभावित गिरफ्तारी के डर से तीनों ने कोर्ट में आत्मसमर्पण किया। इस कार्रवाई को पुलिस की बड़ी सफलता माना जा रहा है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि आपराधिक मामलों में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और कानून का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

# बाइक की टक्कर से साइकिल सवार अधेड़ की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बभंडीह गांव स्थित केंद्रीय विद्यालय के समीप तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक की चपेट में आने से 52 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के ही सहया गांव निवासी बिहसी प्रजापति के रूप में हुई है। घटना रविवार की शाम की बताई जा रही है। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि बिहसी प्रजापति साइकिल द्वारा घर से बारुण थाना क्षेत्र के जोगिया बाजार करने जा रहे थे, जैसे ही मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बभंडीह गांव स्थित केंद्रीय विद्यालय के समीप पहुंचे तभी एक तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक सवार युवक ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद युवक बाइक छोड़कर फरार हो गया। मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल घटना की सूचना परिजनों को दी। सूचना पर नगर थाना की पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कराई। घटना के बाद से परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है तो वही गांव में मातम पसरा हुआ है। परिजनों ने जिला प्रशासन से आपदा राहत के तहत मुआवजे की मांग की है।



बिहार दिवस, चैती छठ एवं नवरात्रि पर 'ग्रीन वर्ल्ड फाउंडेशन' की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं
**शिवम कुमार**
संस्थापक
ग्रीन वर्ल्ड फाउंडेशन
विक्रमगंज (रोहतास)